राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 124, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 19 नवंबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

तीसरी पुण्यतिथि पर गोवा की पूर्व राज्यपाल और हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका पद्मश्री स्व. .... पेज 03

बदायूं में निर्माणाधीन मकान का लिंटर ढहा : मलबे में दबकर युवक की मौत .... पेज 05

12 साल बाद पूरा होगा भारत का विश्व विजेता बनने का ख्वाब .... पेज 07

## पीएम मोदी के हस्तक्षेप से ही मणिपुर में होगी शांति बहाल

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर हिंसा को लेकर 10 पार्टियों के प्रतिनिधिमंडल ने 18 नवंबर को राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओ इबोबी सिंह शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को एक मेमोरेंडम भी दिया। इसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार, खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दखल दिए बिना राज्य में शांति कायम नहीं हो सकती। प्रतिनिधिमंडल ने ये भी मांग की कि कुकी और मैतेई दोनों समुदायों के बीच जल्द शांति वार्ता कराई जाए। मणिपुर में कुकी-जो समुदाय के सबसे बड़े संगठन इंडीजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम के जनरल सेक्रेटरी मुआन टोम्बिंग के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। आईटीएलएफ नेता ने बुधवार को केंद्र सरकार को अल्टीमेटम दिया था कि दो हफ्ते में आप मणिपुर में हमारी अलग सरकार बनवाएं या फिर हम खुद बनाएंगे। आईटीएलएफ नेता की इस चेतावनी के बाद उनके खिलाफ चुराचांदपुर थाने में केस दर्ज किया गया है।

## उत्तरकाशी टनल हादसा : 7 दिन बाद भी फंसे हैं 41 मजदूर

### टनल की दोनों साइड, वर्टिकल और परपेंडिकुलर ड्रिलिंग होगी

उत्तरकाशी। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में दीपावली के दिन (12 नवंबर) सुबह 4 बजे एक निर्माणाधीन टनल का 60 मीटर का हिस्सा धंस गया। इसमें 41 मजदूर फंस गए। छह दिन तक अंदर फंसे लोगों की संख्या 40 बताई जा रही थी, लेकिन शनिवार सुबह एक मजदूर की संख्या बढ़ गई। संभव है कि अंदर और भी मजदूर फंसे हों।

प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भास्कर खुल्बे ने शनिवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि NHIDCL, BRO,



RVNL,ONGC, NDRF, SDRF, PWD, ITBP के एक्सपर्ट ने एकमत होकर राय जताई है कि हम एकसाथ पांच योजनाओं पर काम करें। जिस तरफ से पहले लोगों तक पहुंच सकेंगे, उन्हें बचाया जाएगा। टनल के अंदर जाने के लिए ज्यादा स्पॉट नहीं हैं, क्योंकि ज्यादातर टनल स्टील रॉड से कवर्ड हो चुकी है। इसलिए टनल में परपेंडिकुलर ड्रिलिंग भी की जाएगी।

बीआरओ मेजर नमन नरूला ने बताया कि वर्टिकल ड्रिलिंग के लिए जगह चिह्नित कर ली है और वहां तक मशीन ले जाने के लिए 150 जवान सड़क बना रहे हैं।

रविवार सुबह 9 बजे तक सड़क बन जाएगी। बता दें कि शुक्रवार दोपहर 12 बजे के बाद शनिवार को भी पूरे दिन ड्रिलिंग का काम नहीं हो सका।

### अंदर फंसे लोगों की आवाज पड़ी धीमी, बीमार पड़ने का डर

शनिवार को परिजनों ने बताया कि अब टनल में फंसे लोगों की आवाज कमजोर पड़ रही है। बात करते समय उन्हें सुनना मुश्किल हो रहा है। अंदर फंसे टनल कर्मचारी गब्बर सिंह के भाई आकाश सिंह कहा कहना था कि हमारा देश डिजिटल हो गया है। एक तरफ चंद्रयान मिशन लॉन्च किया जा रहा है लेकिन दूसरी तरफ हमारे लोगों को फंसे एक हफ्ता हो गया है। 41 लोगों की जरूरत का खाना अंदर भेजना भी संभव नहीं है, इसलिए फंसे हुए लोगों की तबीयत खराब होने की नई चुनौती सामने आ सकती है।

## यूपी में 'हलाल' प्रोडक्ट्स बैन

### मजहब की आड़ में वर्ग विशेष को बरगलाने की कुत्सित कोशिशों पर मुख्यमंत्री योगी की कड़ी कार्रवाई

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी कार्रवाई की है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हलाल प्रमाणपत्र वाले उत्पादों, औषधियों, चिकित्सा व प्रसाधन सामग्रियों की यूपी में बिक्री पर शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया है। इनके निर्माण, भंडारण, वितरण और खरीद-फरोख्त पाए जाने की स्थिति में विधिक कार्यवाही की जाएगी। यह प्रतिबंध केवल यूपी के घरेलू बाजार में बिक्री पर प्रभावी होगा। हलाल प्रमाणन वाले उत्पादों के निर्यात पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

इस संबंध में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की अपर मुख्य सचिव अनीता सिंह ने शनिवार को शासनादेश जारी कर दिया। शासन ने यह कार्रवाई गैरकानूनी तरीके से हलाल प्रमाणपत्र देने के मामले में आठ



धार्मिक संस्थाओं के खिलाफ लखनऊ के हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी में बिना किसी अधिकार के खान-पान व सौंदर्य प्रसाधन के उत्पादों को अवैध ढंग से 'हलाल सर्टिफिकेट' देने के काले कारोबार पर रोक की कार्रवाई शुरू की गई।

इस मामले में लखनऊ कमिश्नरेट के हजरतगंज थाने में शुक्रवार को देर रात चार धार्मिक संस्थाओं समेत आठ पर एफआईआर दर्ज की गई है।

इसमें हलाल सर्टिफिकेट देने वाली कंपनियों और उनके मालिकों के खिलाफ आपराधिक साजिश, धर्म के आधार पर भावनाएं भड़काने, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी के साथ ही दो संप्रदायों के बीच शत्रुता पैदा करने के लिए असत्य बातें प्रचारित करने के अपराध में एफआईआर दर्ज की गई है। प्रदेश में ऐसे उत्पादों की बिक्री पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया, जिनमें हलाल प्रमाणपत्र होता है।

**इन कंपनियों और ट्रस्ट पर एफआईआर**

- उत्पादन कंपनी हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई
- जमीयत उलेमा हिन्द हलाल ट्रस्ट, दिल्ली
- हलाल काउंसिल आफ इंडिया, मुंबई
- जमीयत उलेमा महाराष्ट्र, मुंबई
- अन्य अज्ञात उत्पादन कंपनियों एवं अन्य अज्ञात कंपनियों के मालिक
- राष्ट्रविरोधी षड्यंत्र करने वाले तमाम लोग
- अधिसूचित आतंकवादी संगठनों व राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त संगठनों की फंडिंग करने वाले लोग
- जनआस्था के साथ खिलवाड़ करते हुए व्यापक तौर पर दंगे कराने वाले लोग

## मोदी ने मिक जैगर को न्योता दिया - साधकों की भूमि, भारत आते रहिए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटिश पॉप गायक, गीतकार एवं फिल्मकार सर माइकल फिलिप जैगर की एक्स पर एक पोस्ट में भारत यात्रा एवं भारतीय संस्कृति के करीब आकर खुशी हासिल करने के की स्वीकारोक्ति पर खुशी व्यक्त की और उन्हें भारत आते रहने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर सर माइकल फिलिप जैगर उर्फ मिक जैगर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया में अपनी पोस्ट में कहा, आप हमेशा वह नहीं पा सकते जो आप चाहते हैं, लेकिन भारत साधकों से भरी हुई भूमि है, जो सभी को सांत्वना और संतुष्टि प्रदान करती है। यह जानकर खुशी हुई कि आपको यहां के लोगों और संस्कृति के बीच खुशी मिली। आते रहिये। मिक जैगर ने अपनी पोस्ट में एक गीत के मुखड़े का एक छोटा वीडियो साझा करते हुए लिखा, धन्यवाद और नमस्ते भारत। रोज़ के कामों से दूर, इधर आकर मुझे बड़ी ख़ुशी हुई।

## टिकाऊ जेट ईंधन का विकास अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी : मुर्मु

**राष्ट्रपति ने एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को यहां आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी में यह बात कही**



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के बढते खतरों को देखते हुए टिकाऊ जेट ईंधन का विकास अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी है।

राष्ट्रपति ने एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की 75वीं वर्षगांठ पर शनिवार को यहां आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन सह प्रदर्शनी में यह बात कही। सम्मेलन के विषय '2047 में एयरोस्पेस और विमानन' पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि एयरो-प्रोपल्शन का डीकार्बोनाइजेशन एक कठिन कार्य है जिसे करना होगा क्योंकि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग मनुष्यों के अस्तित्व को खतरे में डाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकाऊ जेट ईंधन का विकास अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त करने के लिए बहुत जरूरी कदमों में से एक है, लेकिन इसे हासिल करना सबसे कठिन है क्योंकि पारंपरिक ईंधन बहुत अधिक घनत्व वाले होते हैं।

उन्होंने कहा , गैर-जीवाश्म टिकाऊ संसाधनों को ढूंढना जो इन पारंपरिक ईंधनों की जगह ले सकें हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि हम जलवायु परिवर्तन के चरम बिंदु पर पहुंच रहे हैं। अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए हमें बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक, हाइड्रोजन और हाइब्रिड जैसी नई प्रणोदन प्रौद्योगिकियों को तेजी से अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन कई चुनौतियों का मूल्यवान समाधान प्रदान करेगा।

मुर्मु ने कहा कि 1948 में अपनी साधारण शुरुआत से लेकर आज तक, एयरोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया ने यह सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया है कि न केवल ज्ञान-प्रणाली के रूप में वैमानिकी तेजी से बढ़े, बल्कि यह लोगों के जीवन को भी प्रभावित करे।

उन्होंने वैमानिकी विज्ञान और विमान इंजीनियरिंग के ज्ञान की उन्नति और प्रसार में सोसायटी के उत्कृष्ट योगदान की सराहना की।

## लाल डायरी में कांग्रेस नेता ने कांग्रेस कुशासन की कथा को विस्तार से लिखा : पीएम मोदी

### तरफ कांग्रेस के लूट का लाइंसेस है और दूसर तरफ मोदी का गारटी कार्ड

नागौर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजस्थान की बहुचर्चित लाल डायरी में कांग्रेस के अपने ही नेता ने कांग्रेस कुशासन की कथा को पूरे विस्तार से लिखा है तभी तो मुख्यमंत्री का बेटा लिखकर देने को तैयार है कि पापा की सरकार इस बार नहीं आने वाली है।

मोदी ने शनिवार को नागौर में भाजपा प्रत्याशी ज्योति मिर्धा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि गहलोतजी यह क्या हो गया, आपका आपके बेटे पर भी जादू नहीं चल रहा है क्या। उन्होंने कहा कि इसलिए भाजपा कहती है कि गहलोतजी, कोनी मिले वोटजी। उनका बेटा भी यही कह रहा है, पापाजी कोनी मिले वोटजी। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस के लूट का लाइंसेस है और दूसर तरफ मोदी का गारटी कार्ड हैं। आपका किस पर भरोसा हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के गारंटी कार्ड पर पूरा देश भरोसा करता है तो उसके ठोस



कारण है, हवाबाजी नहीं हैं, जमीनी सच्चाई हैं। एक-एक गारंटी पूरा करने के लिए समय के प्रत्येक पल दिन रात जनता से किए वादे पूरा करने के लिए खपा दिए गए है। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी के पूरा होने की गारंटी।

उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसने पाचं साल में डगर डगर पर विश्वासघात के सिवाय और कुछ नहीं दिया है। कांग्रेस ने यहां कुशासन सरकार दी है, यहां भ्रष्ट एवं घोटालों वाली सरकार दी हैं जहां सामान्य मानवीय की जान सुरक्षित नहीं है। बहन-बेटियो का सम्मान सुरक्षित नहीं हैं।

मोदी ने कहा कि गहलोत ने एक जनसभा में एक सच्चाई स्वीकार की जिसमें उन्होंने कहा है कि उनके उम्मीदवारों एवं विधायकों ने कोई काम नहीं किया है , यह उनके शब्द हैं क्योंकि यहां कुर्सी बचाने में ही जुटे रहे हैं, ऐसा हाल जिस कांग्रेस के हो, वह जनता के लिए क्या करेगी।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस का दिल्ली दरबार अपने सीएम की कुर्सी को लूटने और सीएम उनसे निपटने में व्यस्त रहे और जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया गया। अब चुनाव का समय आ गया है तो बेमन से साथ साथ फोटो खिंचवा रहे है। दिल में खटास हैं लेकिन हाथ मिलाने का दिखावा कर रहे है। मोदी ने कहा कि पांच साल में अपने अपने क्षेत्र में हर माफिया, दबंग और दंगाई खुद को कांग्रेस सरकार से कम नहीं समझता और बहन- बेटियो, दलितों और वंचितो पर अत्याचार चरम पर है।

## बिहार के सीतामढ़ी में जहरीली शराब से 6 लोगो मौत

एजेंसी

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी में छठ के बीच जहरीली शराब से 6 लोगों की मौत हो गई। परिवार का कहना है कि गुरुवार शाम को सभी ने एक साथ शराब पी थी। शुक्रवार सुबह सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। इलाज के दौरान एक-एक कर सभी की मौत हो गई। 3 मौतें शुक्रवार को और 3 शनिवार को हुई हैं। ये मौतें 3 गांवों में हुई है। सभी आसपास ही हैं। हालांकि, एसपी मनोज तिवारी ने सिर्फ एक मौत की पुष्टि की है। एसपी ने बताया कि 2 और लोगों के मौत की सूचना मिली है। फिलहाल जांच की जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार रात 3 लोगों की मौत हुई थी। जिनका अंतिम संस्कार भी कर दिया गया है। बाकी तीन की मौत शनिवार सुबह हुई। हालांकि पुलिस का कहना है कि तीन लोगों की मौत हुई है।

### परिवार बोला-एक साथ की थी पार्टी; अचानक बिगड़ने लगी तबीयत

जहरीली शराब से मौत के बाद एसपी के साथ बाजपट्टी थाना, पुपरी एसडीपीओ समेत अन्य पुलिस बल कैंप कर रहे हैं।

गांव वालों ने बताया कि गुरुवार शाम सभी महुआईन में एक साथ शराब पीने गए थे। इसके बाद सभी की तबीयत बिगड़ गई। निजी अस्पताल में सभी का इलाज चल रहा था। जहरीली शराब से बाजपट्टी थाना क्षेत्र के सोलमन टोला के रामबाबू रॉय, बिक्रम कुमार, नरहा कला के महेश रॉय, अवधेश राय की मौत हुई है। एक की जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।

## तेलंगाना में अब तक 603 करोड़ की नकदी, सोना व शराब जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के बाद से अब तक राज्य और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों ने अब तक 603 करोड़ की नकदी, सोना, शराब, ड्रग्स और मुफ्त बांटी जाने वाली सामग्री जब्त की।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने शनिवार को बताया कि 214 करोड़ रुपये की नकदी, कुल 179 करोड़ रुपये का सोना और अन्य कीमती



धातुएं, 96 करोड़ रुपये से अधिक की शराब, 34 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के ड्रग्स व अन्य मादक पदार्थ और 78 करोड़ रुपये मूल्य की मुफ्त में बांटी जाने वाली सामग्री जब्त की गई। गत नौ अक्टूबर को आगामी विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम जारी होने के बाद हेल्पलाइन नंबर 1950 पर 1987 कॉल आईं।

राष्ट्रीय शिकायत निवारण सेवा में कुल 20,670 शिकायतें दर्ज की गईं और 20,301 का समाधान किया गया। सी-विजिल के माध्यम से 5,183 शिकायतें प्राप्त हुईं और उन पर कार्रवाई की गई।

**छठ पूजा**



पटना में छठ पूजा समारोह के दौरान श्रद्धालु गंगा नदी के तट पर उगते सूर्य को अर्घ्य देते हुए।

**एनकाउंटर** | **एसटीएफ ने कालिया के सीने में मारी गोली**

## एसटीएफ ने बसपा नेता का मर्डर करने वाले शूटर का किया एनकाउंटर

झांसी। झांसी में कुख्यात बदमाश राशिद कालिया को एसटीएफ ने एनकाउंटर में मार गिराया। शनिवार को मुठभेड़ में उसके सीने में गोली लगी थी। कानपुर में 3 साल पहले हुई बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में कालिया वांटेड था। उस पर 1.25 लाख का इनाम था। कालिया को 10 जिलों की पुलिस तलाश रही थी। जून 2020 को सेंगर की हत्या के बाद से फरार चल रहा था।

झांसी एसएसपी राजेश एस ने बताया कि शनिवार को एसटीएफ को सूचना मिली कि राशिद कालिया मऊरानीपुर में एक व्यक्ति की हत्या करने जा रहा है। इसके बाद पुलिस ने



मध्य प्रदेश के बॉर्डर पर उसे रोकने की कोशिश की, तब वह भाग गया। इस पर एसटीएफ की टीम ने उसका पीछा किया। 20 मिनट तक वह कच्चे रास्तों पर एसटीएफ की टीम को छकाता रहा।

बाद में वह सितौरा की ओर मुड़ गया। तब स्त्रास्त्र की दूसरी टीम सामने से आ गई। आगे-पीछे से खुद को घिरता देख राशिद कालिया फायरिंग करने लगा। दोनों तरफ से 10 मिनट तक 10 राउंड फायरिंग हुई। फायरिंग में एसटीएफ के डिप्टी एसपी संजीव दीक्षित और इंस्पेक्टर घनश्याम यादव को भी गोली लगी। मगर, बुलेटप्रूफ जैकेट पहने होने से उनकी जान बच गई।

एसटीएफ की जवाबी फायरिंग में कालिया के सीने में गोली लगी। इससे वह गिर गया। पुलिस उसे मऊरानीपुर CHC ले गई। वहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। राशिद कालिया कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र के चिश्तीनगर का रहने वाला था।

### हम लोग दहशत में जी रहे थे

पिंटू सेंगर के भाई धर्मेंद्र ने बताया, भाई की हत्या के बाद से परिवार दहशत में जी रहा था। हम लोगों को मुकदमा वापस लेने की कई बार धमकी मिली। मगर हम लोग पीछे नहीं हटे। आज जैसे ही कालिया के एनकाउंटर की खबर मिली। पूरे परिवार ने चैन की सांस ली है। इस गैंग के मुखिया पप्पू स्मार्ट और सभी सदस्यों का इसी तरह एनकाउंटर होना चाहिए।

## फीस जमा न करने पर शिक्षक ने बच्चे का मुंडवाया सिर, स्कूल में घुमाया

लखीमपुर खीरी। यूपी के लखीमपुर खीरी जिले में प्राइवेट स्कूल की दबंगई का मामला प्रकाश में आया है। निघासन में संचालित एक प्राइवेट स्कूल की फीस जमा न कर पाने पर कक्षा तीन के छात्र का शिक्षक ने सिर मुंडवा दिया। इतना ही नहीं आरोप यह भी है कि बच्चे को सड़कों पर घुमाया गया। पुलिस से की गई शिकायत में बच्चे की नानी ने कहा है कि जब वह शिक्षक से इस मामले की शिकायत करने स्कूल गई तो स्कूल से उसको खरी-खोटी सुनाकर भगा दिया गया। महिला ने मझगई थाने में शिकायत की है। फीस जमा न कर पाने पर बच्चे को दी गई इस सजा का मामला जिले में चर्चा का विषय बना है।

मझगईं थाना क्षेत्र के बौधिया कलां में निघासन-पलिया हाइवे के किनारे चलने वाले एक निजी स्कूल में लोनियनपुरवा गांव का एक बच्चा पढ़ता है। बच्चा अपनी नानी के पास रहकर यहीं पढ़ता है। बच्चे की नानी ने बताया कि बीते शुक्रवार को उनका नाती स्कूल पढ़ने गया था। स्कूल संचालक ने बच्चे से फीस जमा करने को कहा। बच्चा फीस नहीं ले गया था। इस पर स्कूल संचालक व शिक्षक ने पहले बच्चे को पीटा। इसके बाद उसका सिर मुंडवाकर स्कूल के बाहर घुमाया। रोते हुए घर पहुंचे बच्चे ने इसकी जानकारी नानी को दी। बच्चे की नानी का कहना है जब वह शिकायत लेकर स्कूल गई तो स्कूल संचालक ने उनके साथ भी अभद्रता की। नानी को भी भला-बुरा कहा। आरोप है कि उनको भी धक्का देकर भगा दिया। नानी ने मझगई थाने में तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी। स्कूल पक्ष को थाने बुलाया।

मझगई थाना क्षेत्र के एसओ अवधराज सेंगर का कहना है कि मेरे सामने यह मामला आया था। महिला की शिकायत पर स्कूल पक्ष को थाने बुलाया गया। इस मामले में दोनों पक्षों ने वार्ता कर आपस में सुलह समझौता कर लिया है। बीएसए प्रवीण तिवारी का कहना है कि मुझे शिकायत नहीं मिली है। बच्चे का सिर मुंडवाने का मामला गंभीर है।

## शार्ट न्यूज

### बीआरएस सरकार के प्रदर्शन की तुलना कांग्रेस शासन से करे जनता : केटीआर

हैदराबाद । भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं तेलंगाना के मंत्री केटी रामा राव ने शुक्रवार को बीआरएस सरकार के प्रदर्शन की तुलना करीब 65 सालों तक कांग्रेस के शासन से करने का आग्रह किया । राव ने बिजनेस नेटवर्क इंटरनेशनल (बीएनआई) की ओर से आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए टिप्पणी की, बीआरएस ने साढ़े छह साल में जो किया , कांग्रेस छह दशकों में नहीं कर सकी। उन्होंने मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के दूरदर्शी नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्षों में तेलंगाना में देखे गए अभूतपूर्व परिवर्तन पर जोर दिया। प्रदेश के लिए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए श्री राव ने अगले कार्यकाल में सामाजिक बुनियादी ढांचे, खेल सुविधाओं, शिक्षा और कौशल, स्वास्थ्य देखभाल और उद्यमिता को बढ़ावा देने पर अपनी सरकार के फोकस को रेखांकित किया। उन्होंने सेवा क्षेत्र पर कोविड -19 महामारी के प्रभाव को स्वीकार किया और युवा उद्यमियों से धार्मिक पर्यटन, चिकित्सा पर्यटन, आध्यात्मिक पर्यटन, स्वास्थ्य, खेल और जंगल पर्यटन जैसे रास्ते तलाशने का आग्रह किया।

### परिपक्वता तक नहीं पहुंचा है भारतीय लोकतंत्र: राव

हुजूराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को हुजूराबाद में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 75 वर्ष में भारतीय लोकतंत्र परिपक्वता तक नहीं पहुंच पाया है। राव ने कहा कि जिन देशों ने इसे हासिल किया है, वे विकास के सही रास्ते पर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमें 58 वर्षों तक रुलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वह पार्टी है, जिसने तेलंगाना को नष्ट कर दिया।उन्होंने कहा कि 1969 में तेलंगाना आंदोलन में 400 लोगों की जान लेने वाली पार्टी कांग्रेस थी। वर्ष 2004 में कांग्रेस ने चुनाव में हमारे साथ गठबंधन किया था कि वह तेलंगाना गठन करेगी, लेकिन केंद्र में सत्ता में आने के बाद उसने तेलंगाना न देकर धोखा दिया। यही कांग्रेस का इतिहास है। केसीआर ने कहा कि चुनाव में खड़े उम्मीदवारों की गुणवत्ता क्या है? मौका मिलने पर वे क्या करेंगे, इस पर विचार करते समय उनकी पार्टियों के इतिहास पर नजर डालें। राजनीतिक दलों की जनता के प्रति क्या जिम्मेदारी है? लोगों को उनके रवैये पर विचार करना चाहिए और सोच-समझकर वोट करना चाहिए। आज मुख्यत: तीन पार्टियाँ हैं। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का जन्म तेलंगाना राज्य का दर्जा हासिल करने और तेलंगाना के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए हुआ है।

### 17 दिसंबर को पी एम मोदी कर सकते हैं एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन

नई दिल्ली/ सूरत । (पी एम ए) जनवरी-2019 में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने टर्मिनल भवन विस्तार, समानांतर टैक्सी ट्रैक मार्ग और विमान पार्किंग सहित सुविधाओं के साथ सूरत हवाई अड्डे के पुनर्विकास के लिए 353 करोड़ रुपये की परियोजना को हरी झंडी दिखाई। इसमें से 138.48 करोड़ रुपये की लागत से मौजूदा टर्मिनल भवन के दोनों ओर विस्तार के लिए एक नए टर्मिनल भवन का निर्माण किया गया है। इस बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। 17 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सूरत एयरपोर्ट की नई टर्मिनल बिल्डिंग, तीन एयरो ब्रिज, पैरेलल टैक्सी ट्रैक वे, पार्ट-एयरक्राफ्ट पार्किंग एरिया का उद्घाटन कर सकते हैं। सूरत हवाई अड्डे के मौजूदा टर्मिनल भवन को 8,474 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 25,520 वर्ग मीटर तक किया जाएगा। 17 दिसंबर को सूरत डायमंड बुर्स के साथ एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग समेत जो काम पूरे हो चुके हैं, उनकी लॉन्चिंग हो सकती है। सूरत हवाई अड्डे के टर्मिनल विस्तार से मौजूदा यात्री क्षमता 17.5 लाख से बढ़कर 26 लाख हो जाएगी। 72 करोड़ रुपये की लागत से एप्रन का काम भी चल रहा है। सूरत एयरपोर्ट पर उड़ानों की संख्या बढ़ाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एयरोब्रिज की संख्या भी बढ़ाई जा रही है।

### राष्ट्रपति मुर्मू ने भी 'डीप फेक' को लेकर जताई चिंता, पुलिस को दी हिदायत

नई दिल्ली। (पी एम ए) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपराधियों द्वारा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल करने और डीप फेक को लेकर चिंता जाहिर की है । शनिवार को पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि पुलिस अधिकारियों को भी हमेशा तकनीक के क्षेत्र में अपडेट रहने की जरूरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भी डीप फेक को लेकर चिंता जाहिर की थी। राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन में 2022 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के प्रोबेशनर्स अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि पुलिस फोर्स के सामने साइबर अपराध, ड्रग तस्करी, वामपंथी कट्टरपंथ और आतंकवाद जैसी चुनौतियां हैं। नई तकनीक और सोशल मीडिया के प्रभाव के चलते परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। अपराधियों द्वारा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल किया जा रहा है और डीप फेक जैसी चुनौतियां भी हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों को हमेशा नई तकनीक से अपडेट रहना होगा ताकि अपराधियों पर बढ़त ली जा सके। राष्ट्रपति ने कहा कि कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन राज्य सरकार की जिम्मेदारी है लेकिन आईपीएस अधिकारी, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त पुलिस कर्मियों का नेतृत्व करते हैं। इस तरह देश की पुलिस व्यवस्था एकजुट होकर काम करती है।

### मलिंगा को टिकट देना दलितों के प्रति भाजपा का उजागर होता है असली चेहरा: खड़गे

भरतपुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गरीब और दलितों के लिए झूठा वादा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि दलित वर्ग के सहायक अभियंता के साथ गंभीर रुप से मारपीट करने वाले विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारना दलितों के प्रति भाजपा का असली चेहरा उजागर होता है। खड़गे भरतपुर के वैर कस्बे में भरतपुर एवं डीग जिले में विधानसभा चुनाव लड़ रहे कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनाव सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने धौलपुर में श्री मलिंगा को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा गया जिसने दलित वर्ग के सहायक अभियंता हर्ष वाल्मीकि के साथ गम्भीर रूप से मारपीट कर मौत के मुंह में धकेलने में कोई कसर नही छोड़ी। उन्होंने कहा कि भाजपा यह प्रचारित करती है कि कांग्रेस गरीबों के लिए कुछ नहीं करते जबकि इस देश को पंडित जवाहर लाल नेहरू ने मजबूत किया। भाजपा के कार्यकाल में एक भी बड़ा कारखाना नहीं बना जबकि कांग्रेस के कार्यकाल में बड़े-बड़े कारखाने, यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग कॉलेज बने। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग हमारे बनाए कॉलेजों में ही पढ़े और हमको ही गालियां देते हैं।

### 22 को होगा जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन

नयी दिल्ली। भारत की अध्यक्षता में जी-20 का वर्चुअल शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने आज यहां एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। विगत दस सितंबर को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के समापन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के समापन से पहले भारत जी20 नेताओं के एक आभासी शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इसी के अनुरूप प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में जी-20 नेताओं का आभासी शिखर सम्मेलन 22 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष सहित सभी जी-20 सदस्यों के नेताओं, साथ ही नौ अतिथि देशों और 11 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है। ज्ञातव्य है कि नयी दिल्ली जी-20 शिखर सम्मेलन में नेताओं की घोषणापत्र को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। वर्चुअल शिखर सम्मेलन, नई दिल्ली शिखर सम्मेलन के प्रमुख, चयनित परिणामों/कार्य बिंदुओं को आगे बढ़ाएगा और साथ ही तब से हुए विकास की समीक्षा भी करेगा। कल 17 नवंबर को आयोजित दूसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श भी चर्चा में शामिल होंगे। वर्चुअल जी20 शिखर सम्मेलन में प्रासंगिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों सहित विभिन्न जी-20 निर्णयों के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर दिये जाने की भी उम्मीद है।

# 500 एकड़ में महिला उद्यमी क्लस्टर विकसित करेगा यीडा

Yamuna Expressway Industrial Development Authority
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन देने के लिए अलग से क्लस्टर विकसित करने की योजना है। महिला उद्यमी क्लस्टर विकसित करने के लिए कुछ सुझाव मिले हैं। प्रस्ताव को बोर्ड बैठक में ले जाने की योजना है।

**- डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण**

ग्रेटर नोएडा। यमुना सिटी में हवाई जहाज ही नहीं बल्कि महिला उद्यमियों की कंपनियों में बने उत्पाद भी उड़ान भरेंगे।

महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए यमुना प्राधिकरण (यीडा) सेक्टर-10 में महिला उद्यमी क्लस्टर विकसित करेगा।

इसके लिए सेक्टर-10 में 500 एकड़ जमीन आरक्षित की जाएगी। इसमें 700 महिला उद्यमियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव 28 नवंबर को होने वाली बोर्ड बैठक में रखा जा सकता है। महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्राधिकरण का यह बड़ा प्रयास होगा। महिला को प्राथमिकता देने से संबंधित कुछ प्रस्ताव प्राधिकरण सीईओ के सामने रखे जा चुके हैं।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरु होने से प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ा है। यहां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां निवेश करने को इच्छुक हैं।

#### ग्रेनो है महिला उद्यमी पार्क

महिला उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए ग्रेनो प्राधिकरण ने महिला उद्यमी पार्क-एक और दो विकसित किए गए हैं। यहां 70 से अधिक औद्योगिक भूखंड आवंटित किए गए हैं।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टू प्लस टू वार्ता सोमवार को

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के रक्षा तथा विदेश मंत्रियों के बीच दूसरी टू प्लस टू मंत्री स्तरीय वार्ता सोमवार को यहां होगी। ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस और विदेश मंत्री पेनी वोंग वार्ता के लिए रविवार को दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्षों के साथ वार्ता की सह अध्यक्षता करेंगे। टू प्लस टू वार्ता से पहले दोनों देशों के मंत्री द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। दोनों देशों के बीच पहली टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय वार्ता सितंबर 2021 में हुई थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अनुसरण कर रहे हैं और मंत्री मार्लेस की यात्रा से द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी से की 7.10 लाख रुपए की ठगी

हिसार। हरियाणा में हिसार बिजली विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं स्थानीय निवासी बलदेव पूनिया ने अधिक ब्याज देने का लालच देकर बुडाना गांव के सुरेंद्र सिवाच पर 710000 रुपए ठगने का आरोप लगाया है।

पूनिया ने अर्बन एस्टेट थाने में आरोपी के खिलाफ दी गई शिकायत में कहा है कि वह 26 अगस्त 2019 को निजी काम से विद्युत सदन आया था और अपना कार्य करके वापिस घर जा रहे थे तो रास्ते में उन्हें सुरेन्द्र सिवाच मिला जिसे वह पहले से ही जानते थे। सिवाच उन्हें अपने ऑफिस ले गया और खुरू को फिनफिट निधि लिमिटेड कम्पनी का निदेशक बताया और कहा कि वह ट्रेडिंग का काम करता है। उसकी कम्पनी में निवेश करने वाले को सावधि जमा पर 12 प्रतिशत सालाना और पांच रुपये सैंकड़ा अतिरिक्त लाभ हर माह देता है।

आरोपी ने दावा किया कि उसकी कम्पनी भारत सरकार द्वारा प्रमाणित है। वह आरोपी के झांसे में आ गये 29 अगस्त 2019 को चेक के माध्यम से तीन लाख रुपए और तीन लाख रुपए नगद सुरेंद्र सिवाच को दे दिए।

इसके बाद नवम्बर 2019 में पुत्रवधू के खाते से चेक से 50000 और नगद 60000 आरोपी को और दिये गये। इस तरह आरोपी को कुल 7,10,000 रुपए दिए गये, लेकिन आरोपी के वादे के अनुसार खाते में कई महीनो तक कोई पैसा नहीं आया। कार्यालय के चक्कर लगाने पर आरोपी बरगलाता रहा।

# कांग्रेस ने चुनाव के पहले दस गारंटियां दी, एक भी नहीं पूरी की



शिमला। हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश के लोगों से वादे करके वाहवाही लूटती है और बाद में उसे पूरा नहीं करती है। यह कांग्रेस की आदत बन चुकी है। कांग्रेस ने चुनाव के पहले दस गारंटियां दी, एक भी नहीं पूरी की।

ठाकुर ने आरोप लगाया कि उसी तरह दिवाली में सुख की सरकार ने डिपुओं में प्रति व्यक्ति 100 ग्राम एक्स्ट्रा चीनी देने की घोषणा करके मीडिया में खूब वाहवाही लूटी और दिवाली के बाद एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी लोगों को चीनी नहीं मिल पाई है। इतना ही नहीं सरकार ने हर महीनें नियमित तौर पर डिपुओं में प्रति व्यक्ति दी जाने वाली 500 ग्राम चीनी भी नहीं दी। यह तो हर साल एक लाख लोगों को एक लाख रोज़गार देने का वादा करके दस हज़ार लोगों को नौकरी से निकालने वाली बात हो गई। कांग्रेस इसी तरह से जो कहती है उसका उल्टा करती है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस विपक्ष में रहते हुए महंगाई के लिए शोर डालती थी और जब सरकार में आई तो हर जगह महंगाई बढ़ा दी।

# ग्रेटर नोएडा में 3 पुलिस चौकियों का उद्घाटन

## हाईवे के आसपास बढ़ेगी पेट्रोलिंग, तत्काल मिलेगी सहायता, अपराधों पर लगेगा अंकुश



**गौतम बुद्ध नगर।** पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह द्वारा नोएडा की कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को थाना कासना क्षेत्र में तीन नई पुलिस चौकियों का उद्घाटन किया गया है। यह तीन नई चौकियां पुलिस चौकी जिम्स, पुलिस चौकी साइट 5 व पुलिस चौकी सिरसा हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने शनिवार को ग्रेटर नोएडा जोन के थाना कासना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी जिम्स, पुलिस चौकी साइट 5 तथा पुलिस चौकी सिरसा का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का लगातार विस्तार हो रहा है। नए-नए आवासीय व औद्योगिक सेक्टर बसने के साथ यहां जनसंख्या घनत्व में भी बढ़ोतरी हो रही है इसलिए पुलिस के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर उसे मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वस्त किया कि इन नई चौकियों के शुरू होने से आसपास के लोगों को आपातकालीन स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता मिलेगी। इसके साथ ही अपराधों पर भी अंकुश लग पाएगा। कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में पुलिस प्रणाली को अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में लगातार महत्पूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।

#### आपात स्थिति में मिलेगी त्वरित सहायता

हाल ही में महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस पिंक बूथ भी स्थापित किए गए हैं। थाना कासना क्षेत्र में शुरू की गई तीन चौकियों से आसपास के लोगों और उद्यमियों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि इन चौकियों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिससे आपात स्थिति में लोगों को त्वरित सहायता मिल सके। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त आनंद कुलकर्णी, ग्रेटर नोएडा जोन के डीसीपी साद मिया खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आप पंजाब में लोकसभा की सभी 14 सीटें जीतेगी : मान



होशियारपुर। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) आगामी लोकसभा चुनावों में राज्य की सभी 13 सीटें और चंडीगढ़ की एक सीट पर जीत दर्ज करेगी।

मुख्यमंत्री ने आज होशियारपुर में 867 करोड़ रुपये की विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में 13-0 का आंकड़ा आप के पक्ष में होगा और बाकी पार्टियों का खाता भी नहीं खुलेगा। श्री मान ने कहा कि अकाली दल प्रमुख उनके खिलाफ कोई भी मानहानि का मामला दायर करने के लिए तैयार हैं और वह लोगों के सामने बादल परिवार के कृत्यों को उजागर करने के लिए इस मामले का स्वागत करेंगे। मान ने कहा कि पारंपरिक पार्टियां उनसे ईर्ष्या करती हैं क्योंकि वह एक सामान्य परिवार से हैं और लोगों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि इन नेताओं का हमेशा मानना रहा है कि उन्हें राज्य पर शासन करने का दैवीय अधिकार है, जिसके कारण वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि एक आम आदमी राज्य को कुशलतापूर्वक चला रहा है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने लंबे समय तक लोगों को बेवकूफ बनाया है, लेकिन अब लोग इनके भ्रामक प्रचार से प्रभावित नहीं हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब पूरे कंडी क्षेत्र की किस्मत बदल रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से इस क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और लोगों के जीवन में समृद्धि आएगी। मान ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस क्षेत्र की घोर अनदेखी की थी लेकिन उनकी सरकार इसके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने आप के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक महान और क्रांतिकारी नेता बताया, जिन्होंने आम आदमी को भारतीय राजनीति के केंद्र में लाया है। उन्होंने कहा कि यह न तो कोई राजनीतिक रैली है और न ही शक्ति प्रदर्शन का कार्यक्रम है बल्कि यह समारोह पूरी तरह से होशियारपुर के विकास को समर्पित है। उन्होंने कहा कि अब अस्पतालों, स्कूलों में आमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है और आम आदमी की भलाई के लिए नये-नये मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये फैसले वही लोग ले रहे हैं जो जमीनी स्तर पर लोगों की समस्याओं से वाकिफ हैं। श्री मान ने कहा कि परंपरागत राजनीतिक दलों ने राज्य को बर्बाद कर दिया है और अब वे बेशर्मी से नैतिकता की बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं।

### फिरौती के लिए अपहृत श्रीलंकाई नागरिक को छुड़ाया गया, सात आरोपी गिरफ्तार

चेन्नई। तमिलनाडु में चेन्नई की पुलिस ने एक त्वरित अभियान में उत्तरी चेन्नई के मन्नाडी में फिरौती के लिए अपहृत एक श्रीलंकाई नागरिक को छुड़ा लिया और इस सिलसिले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में एक महिला भी शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि श्रीलंका की एक महिला ने ग्रेटर चेन्नई पुलिस नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया और कहा कि उसके पिता मोहम्मद श्याम (50), व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए श्रीलंका से चेन्नई आए थे और मन्नाडी के पैरिस कॉर्नर में रह रहे थे। महिला ने बताया कि उसके पिता के सेलफोन से एक व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर कॉल किया और उन्हें छोड़ने के लिए 15 लाख रुपये की मांग की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नॉर्थ बीच थाने में मामला दर्ज किया गया और जांच की गयी। उन्होंने बताया कि पुलिस की एक टीम ने अपहृत मोहम्मद श्याम के सेल फोन नंबर की गहन जांच की और चित्रा (43), रियाज असखर (47), वेलमुरुगन (41) और दिनेश (31) को गिरफ्तार किया और मोहम्मद श्याम को छुड़ा लिया। आरोपियों के पास से एक कार जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि जांच से पता चला कि अपहृत मोहम्मद श्याम पर आरोपी चित्रा का पैसा बकाया था, जिसने अपने प्रेमी और साथियों के साथ मोहम्मद श्याम का कार में अपहरण कर लिया और पैसे की मांग करते हुए उनकी पुत्री को धमकी दी।

# तेलंगाना में कांग्रेस के सत्ता में आने पर जाति जनगणना : राहुल



वारंगल (तेलंगाना)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने घोषणा की कि अगर 30 नवंबर को आगामी तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार चुनी जाती है, तो वह जाति जनगणना कराएगी।

गांधी ने शुक्रवार को इस जिले के मनुगुरु में आयोजित 'कांग्रेस विजया भेरी' नामक चुनाव अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना और उनके बीच का संबंध न केवल राजनीतिक है, बल्कि खून का भी है। उन्होंने कांग्रेस द्वारा दिए गए छह आश्वासनों को रेखांकित किया, जिसमें 500 रुपये में गैस सिलेंडर, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा, गरीबों और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए मुफ्त बिजली, प्रति माह दो हजार बस किराए की बचत, किसानों को वित्तीय सहायता, बिना घर वाले गरीबों के लिए इंदिराम्मा घरों के लिए वित्तीय सहायता, युवा विकास के नाम पर छात्रों को सहायता प्रदान करना शामिल है। इसके अलावा उन्होंने हर मंडल में एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल स्थापित करने का वादा किया।

### कांग्रेस ने दो बागी उम्मीदवारों को छह साल के लिए पार्टी से किया निष्कासित

जयपुर। राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के विरूद्ध चुनाव लड़ने वाले कांग्रेस नेताओं तथा पार्टी द्वारा जारी चेतावनी के बावजूद अधिकृत प्रत्याशी के पक्ष में रिटायर ना होकर चुनाव लड़ने वाले दो बागी उम्मीदवारों को पार्टी ने छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने पार्टी के ऐसे बागी प्रत्याशियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए तुरन्त प्रभाव से पार्टी से छह वर्ष के लिए निष्कासित करने के आदेश जारी किए है।

# निर्वाचन विभाग ने हिमाचल में 55,420 दिव्यांग मतदाताओं की पहचान की




शिमला। दिव्यांगों के लिए लोकसभा चुनाव-2024 की संपूर्ण प्रक्रिया को बाधा मुक्त बनाने के लिए गठित राज्य सुगम्य निर्वाचन संचालन समिति की बैठक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग की अध्यक्षता में शनिवार को यहां हुयी। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने यहां बताया कि बैठक में दिव्यांग मतदाताओं का अधिकतम पंजीकरण और उन्हें मतदान करने की सुविधा प्रदान करने के लिए बाधा मुक्त पंजीकरण और मतदाता भागीदारी से संबंधित मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। गर्ग ने बैठक में कहा कि राज्य में लगभग 67 हजार विशेष योग्यजनों के आंकड़ों के मुकाबले विभाग ने अब तक 55,420 मतदाताओं की पहचान कर ली है और शेष की भी पहचान कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं की सूची यूडीआईडी, के माध्यम से बीएलओ को उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि छूटे हुए पात्र मतदाताओं का समय पर पंजीकरण और पहचान की जा सके। इस अभियान में आंगनबाडी और आशा कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पात्र, विशेष रूप से सक्षम व्यक्ति भी सक्षम ऐप के माध्यम से पंजीकरण करवा सकते हैं। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए उनकी पहुंच के अनुसार विभागीय वेबसाइट भी तैयार की गई है, जो डब्ल्यूसीएजी-2.1 मानक के अनुरूप है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हिंदी उप-शीर्षक वाले वीडियो, सांकेतिक भाषा में होर्डिंग्स आदि जैसी सामग्रियां आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए भी तैयारी की जा रही है।

# बदरीनाथ धाम के कपाट विधि-विधान से शीतकाल के लिए हुए बंद



श्री बदरीनाथ धाम/देहरादून। विश्वप्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय की उपस्थिति में शनिवार अपराह्न तीन बजकर तैतीस मिनट पर पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के बाद कार्तिक शुक्ल षष्ठी श्रवण नक्षत्र में शीतकाल हेतु बंद हो गये। मौसम हालांकि आज साफ रहा और दिन में धूप खिली रही। इससे कुछ दिन पहले यहां बर्फवारी हुई थी। कपाट बंद के अवसर पर बदरीनाथ मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया तथा सिंह द्वार परिसर में गढ़वाल स्काट के बैंड की भक्तिमय धुनों से संपूर्ण बदरीनाथ गुंजायमान हो रहा था?। जय बदरीविशाल के उद्घोष गूंज रहे थे।

इस अवसर पर साढ़े पांच हजार से अधिक तीर्थयात्री कपाट बंद होने के साक्षी बने। बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेष ने मंदिर को फूलों से सजाया। इस अवसर पर दानीदाताओं, भारतीय सेना ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे आयोजित किये। कपाट बंद के पश्चात, बदरीनाथ से रविवार प्रात- श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी की देव डोली पांडुकेश्वर तथा आदिगुरू शंकराचार्य जी की गद्दी श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ प्रस्थान करेगी। कपाट बंद होने के शुभ अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा- निर्देशन में इस यात्रा वर्ष बदरीनाथ- केदारनाथ यात्रा ऐतिहासिक रही है। इस बार सबसे अधिक 38 लाख तीर्थयात्रियों ने बदरी- केदार के दर्शन किए। जिनमें से आज कपाट बंद तक अठारह लाख चालीस हजार से अधिक तीर्थयात्री बदरीनाथ धाम पहुंचे है। उन्होंने यात्रा में योगदान करने वाले सभी व्यक्तियों, संस्थानों को बधाई दी है।

### तेलंगाना कांग्रेस ने केसीआर के खिलाफ ईसीआई में शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी निरंजन ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी को लेकर निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार के समक्ष मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और वित्त एवं स्वास्थ्य मंत्री टी हरीश राव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निरंजन ने सीईसी को लिखे पत्र में आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री केसीआर ने शुक्रवार को वारंगल जिले के परकाला में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां कीं जिसमें उन्होंने कांग्रेस को 'धोखेबाजी पार्टी' (धोखेबाज़ पार्टी) करार दिया था। पत्र की एक प्रति मीडिया को भी जारी की गई है।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस विश्व स्तर पर सबसे पुरानी पार्टी है, जिसने देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया कि मुख्यमंत्री के रूप में श्री राव ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया।

## शार्ट न्यूज

### तीसरी पुण्यतिथि पर गोवा की पूर्व राज्यपाल और हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका पद्मश्री स्व. श्रीमती मृदुला सिन्हा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए



नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री, गांधीवादी विचारक, चिंतक और लेखक शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में गोवा की पूर्व राज्यपाल एवं हिंदी की सुप्रसिद्ध लेखिका और शिक्षाविद् पद्मश्री स्व. श्रीमती मृदुला सिन्हा को उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वत्स ने कहा कि मृदुला जी आजीवन महिलाओं के हितों के लिए मुखर रहीं। वह केंद्रीय समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्षा भी रहीं। मृदुला जी ने आजीवन शिक्षा, समाजसेवा, साहित्य और राजनीति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे बेहद मिलनसार, हंसमुख, सौम्य स्वभाव की लेखिका थी। उनके साहित्य के केंद्र में महिलाओं की प्रगति और सामाजिक सरोकारों का सुंदर वर्णन दिखता है। उनके दो उपन्यास ज्यों मेंहदी को रंग और सीता पुनि बोली खासे चर्चित रहे। स्त्री विमर्श पर उनकी कृति % मात्र देह नहीं है औरत% को विश्व ख्याति मिली। देखन में छोटे लगें और ढाई बीघा जमीन , बिहार की लोककथाए् दो भाग उनके प्रमुख कहानी संग्रह हैं।

### फाजिलपुरिया के गांव से रिकवर किए दो कोबरा

नोएडा। नोएडा पुलिस ने सिंगर फाजिल पुरिया के गांव फाजिल पुर से दो कोबरा रिकवर किए हैं। ये रिकवरी राहुल यादव को मौके पर ले जाकर की गई। पूछताछ में उसने बताया कि राजस्थान दिल्ली के बदरपुर और अन्य स्थानों से सांप को लाकर फाजिल पुर गांव में रखते थे। यहीं से पार्टी में सांप जाते थे। पुलिस ने फाजिल पुरिया और एल्विश के एक साथ पार्टी में शामिल होने की बात पूछी, जिसमें वो सिर्फ मीडिएटर का ही हवाला देता रहा। उसने बताया कि मेरा काम सिर्फ पार्टी में सांप और वेनम, सपेरे और ट्रेनर को पहुंचाना था। वहां कौन-कौन आता था इसकी जानकारी नहीं है। इस बीच राहुल यादव की शनिवार दोपहर को रिमांड पूरी हो गई। पुलिस ने कड़ी सुरक्षा के बीच राहुल को ग्रेटर नोएडा के लुक्सर जेल भेज दिया है। वहीं, डायरी, कोबरा की रिकवरी के आधार पर पुलिस अब इस केस को आगे लेकर चल रही है।


### महबूब अली की अवैध संपति पर चला बुलडोजर

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र के कुख्यात गैंगस्टर माफिया महबूब अली के साम्राज्य पर गाजियाबाद पुलिस और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने शनिवार को बुलडोजर चलाया। यह सभी संपत्ति बिना परमीशन और अवैध तरीके से बनाई गई थी। महबूब अली पर दो दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथ-साथ गैंगस्टर एक्ट की भी कार्रवाई महबूब अली पर की गई है। गाजियाबाद पुलिस और गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की टीम शनिवार को महबूब अली के अवैध तरीके से बनी मार्किट, मकान और दफ्तर पर पहुंची। सबसे पहले पूजा कॉलोनी में बनी 26 दुकान ध्वस्त की गई। डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव के मुताबिक अभी महबूब अली की तीन अवैध रूप से बनाई गई संपत्ति चिन्हित हुई हैं। जिनमें से एक पूजा कॉलोनी एक दौलत नगर और पाबी में है। यह तीनों ही ध्वस्त की जाएंगी। डीसीपी ग्रामीण विवेक यादव के मुताबिक इसकी अनुमानित कीमत 14 करोड़ रुपए है।

### गाजियाबाद में युवक की गला रेतकर हत्या

गाजियाबाद। गाजियाबाद में युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। युवक का शव सुबह लोगों ने देखा। हत्या गला रेत कर और चेहरा कुचल कर की गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है। सिकंदर उर्फ सतेंद्र सोनिया विहार में अपने परिवार के साथ रहता था। सत्येंद्र की अभी शादी नहीं हुई थी। सत्येंद्र के पिता उदयवीर के मुताबिक सत्येंद्र शुक्रवार शाम घर से निकला था और फिर घर नहीं पहुंचा। उसकी तलाश भी की गई। सुबह लोगों ने शव पड़ा देखा और उसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों को बताया और उसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। बेहरहमी से की गई हत्या को लेकर पुलिस के आला अधिकारी भी घटनास्थल पर आए। एसीपी शालीमार गार्डन सूर्यबली मौर्य का कहना है कि युवक की शिनाख्त हो गई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक गला रेत कर हत्या की गई है। आरोपियों की धर पकड़ के लिए टीम लगा दी गई है।

### चलती कार से पिस्टल लहराते हुए वीडियो वायरल



गाजियाबाद। गाजियाबाद के विजयनगर क्षेत्र में एनएच 9 पर चलती कार से रोड पर पिस्टल लहराते हुए कुछ युवकों का वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि कुछ युवक कार में सवार हैं। इनमें से एक युवक चलती कार की खिड़की से हाथ बाहर निकालकर पिस्टल लहराने लगता है। पीछे चल रहे एक कार सवार ने इनका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

# दिल्ली में सोमवार से खुलेंगे सभी स्कूल

## ग्रैप का चौथा चरण हटा; पर लागू रहेंगी पाबंदियां

नई दिल्ली। दिल्ली एनसीआर में शनिवार को प्रदूषण का स्तर कम होने के बाद केंद्र सरकार ने ग्रैप का चौथा चरण हटा दिया है। इसके साथ ही दिल्ली के अंदर सभी स्कूलों को सोमवार से खोल दिया जाएगा। दिल्ली-एनसीआर में सार्वजनिक निर्माण से संबंधित निर्माण कार्य और राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण फैलाने वाले ट्रकों और वाणिज्यिक चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध को रद्द कर दिया गया है।

केंद्र सरकार ने दिल्ली एनसीआर में बढ़ते हुए प्रदूषण को देखते हुए ग्रैप के अंतिम चरण यानी चौथे चरण को लागू किया।

जो राजधानी और आप-पास के इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 अंक से अधिक होने से कम से कम तीन दिन पहले सक्रिय होता है। लेकिन अभी ग्रैप का तीसरा चरण लागू रहेगा। जिसमें कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं।



### ग्रैप कार्य योजना में कितने चरण होते हैं?

ग्रैप को दिल्ली एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के 4 विभिन्न चरणों के हिसाब से बांटा गया गया है। ग्रैप का चरण-द्य उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में एक्यूआई का स्तर 201-300 के बीच होता है।

ग्रैप का दूसरा चरण उस परिस्थिति में प्रभावी होता है, जब राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 301-400 के बीच बहुत खराब मापा जाता है।

चरण 2 के तहत कार्रवाई एक्यूआई के 301-400 के अनुमानित स्तर तक पहुंचने से कम से कम तीन दिन पहले शुरू की जाती है।

चरण 3 गंभीर वायु गुणवत्ता के बीच लागू किया जाता है। इस वक्त दिल्ली में एक्यूआई 401-450 के बीच होता है। ग्रैप के चरण 3 के तहत कार्रवाई एक्यूआई के 400 से अधिक के अनुमानित स्तर तक पहुंचने से कम से कम तीन दिन पहले शुरू की जाती है। ग्रैप कार्य योजना का अंतिम और चरण IV गंभीर + वायु गुणवत्ता की परिस्थिति में लागू किया जाता है। इस दौरान दिल्ली में एक्यूआई स्तर 450 से ज्यादा होना चाहिए।

दूसरे और तीसरे चरण की तरह चरण 4 के तहत कार्रवाई एक्यूआई के 450 के अनुमानित स्तर तक पहुंचने से कम से कम तीन दिन पहले ही शुरू की जाती है।

# दिल्ली में अपनी सरकार बनाना चाहती भाजपा : केजरीवाल

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अगुवाई में आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को धार देने के लिए कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया।

सम्मेलन में सीएम अरविंद केजरीवाल ने उनकी पार्टी के मंत्रियों और पदाधिकारियों पर हो रही कार्रवाई को लेकर भाजपा पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा, क्योंकि आम आदमी पार्टी तेजी से बढ़ रही है, इसलिए स्वाभाविक है कि आप के खिलाफ बड़ी साजिशें रची जा रही हैं।

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और पीएम मोदी जानते हैं कि वे दिल्ली में आप से नहीं जीत सकते, इसलिए उन्होंने शराब नीति घोटाला की साजिश रची। गुजरात में असल में शराब घोटाला हो रहा है, यहां कई लोगों की मौत हो चुकी है। हमारे नेता मनीष सिसौदिया, संजय सिंह, सत्येन्द्र जैन और विजय नायर को फर्जी शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार किया गया और अब वे मुझे गिरफ्तार करने जा रहे हैं।

उनका इरादा है आप सरकार गिराएं और दिल्ली में सरकार बनाना बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे जानते हैं कि आप पार्टी को चुनाव के जरिए नहीं हरा सकते। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भले ही वे मुझे जेल में डाल दें, लेकिन आप जेल से जीतेगी और एक दिन देश पर राज करेगी।

दिल्ली के श्रम मंत्री और आप नेता राज कुमार आनंद ने कहा है कि पार्टी नेताओं के साथ एक बैठक हुई और निष्कर्ष निकाला गया कि हम जेल से सरकार चला सकते हैं लेकिन सीएम को इस्तीफा नहीं देना चाहिए। हम घर-घर जाएंगे और चर्चा करेंगे।

### रिक्शा चालक के सिर पर पत्थर मारकर हत्या

नई दिल्ली। बाहरी जिला के रणहौला इलाके में एक रिक्शा चालक की हत्या कर दी गई। उनका शव औद्योगिक इलाके में एक खाली मैदान में पड़ा मिला। उनके सिर पर चोट के निशान हैं और खून निकल रहा था। आशंका है कि लूटपाट का विरोध करने पर उनके सिर पर पत्थर मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर सभी पहलूओं से मामले की जांच कर रही है। मृतक की शिनाख्त विघु शाह (35) के रूप में हुई है। वह परिवार के साथ बापरौला गांव स्थित प्रधान एंक्लेव में रहते थे। वह पेशे से रिक्शा चालक थे। परिवार में पत्नी और तीन बच्चे हैं। शनिवार सुबह करीब आठ बजे पुलिस को बापरौला गांव के श्मशान घाट के पीछे खाली मैदान में शव पड़े होने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्राइम टीम और एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने वहां जांच पड़ताल करने के बाद मौके से सबूत जुटाए। जांच में पता चला कि विघु के सिर में चोट के निशान थे। मृतक के पास से रिक्शे की चाबी मिली है। वहीं उनका रिक्शा घटनास्थल से करीब 200 मीटर की दूरी पर खड़ा मिला है। विघु के भाई रामजन्म ने बताया कि विघु हमेशा शाम तक घर आ जाते थे। शुक्रवार की देर रात तक उनके नहीं आने पर परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरु की। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई अता-पता नहीं चला। सुबह करीब छह बजे किसी ने बताया कि खाली मैदान में उनका भाई अचेत अवस्था में पड़ा हुआ है। परिवार वाले तुरंत वहां पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। उनके भाई के सिर से खून निकल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# औद्योगिक प्रगति और विरासत को समेटे है हरियाणा पवेलियन

## प्रवेश द्वार में विकसित गुरुग्राम की झलक



नई दिल्ली। ट्रेड फेयर में हरियाणा पवेलियन प्रगति और परंपरागत विरासत का मिश्रण है। इसमें वैदिक युग व प्राचीन संस्कृति को दर्शाने का प्रयास किया गया है। दूसरी तरफ राज्य में डिजिटल और औद्योगिक क्रांति को महत्वपूर्ण स्थान मिला है। पवेलियन का प्रवेश द्वार विकसित गुरुग्राम का प्रतीक है। इसकी दीवार पर एक ओर धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र, दूसरी तरफ श्रीकृष्ण की मुरली और सुदर्शन चक्र है। आगंतुकों को ये पसंद आ रहा है, जोकि यहां का बड़ा सेल्फी पॉइंट बन गया है। सूरजकुंड मेले को भी यहां फोटो गैलरी में समेटा हुआ है। हरियाणा पवेलियन के चारों तरफ लालटेन लटकाई गई हैं। इसके मुख्य प्रवेश द्वार से भीतर जाने पर सामने बरगद के पेड़ के नीचे चबूतरे पर बैठे ताऊ मिलते हैं। सामने खाट रखी है।

### वैदिक युग को दर्शाने का प्रयास

पवेलियन देखते ही सबसे पहले संस्कृति व परंपरा की झलक देखने को मिलती है। हिसार के ऐतिहासिक राखीगढ़ी में मिले सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों को चित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया है। हरियाणा की विरासत, कला, पर्यटन और त्योहारों को समर्पित आर्ट गैलरी लगाई है। ओलंपिक व एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाले मनु भाकर, दिव्या टीएस, शिव नरवाल, नीरज चोपड़ा जैसे कई खिलाड़ियों की फोटो गैलरी लगाई है। युवा कलाकारों को भी पवेलियन में जगह दी गई है।

ट्रेड फेयर में लोग स्वाद के साथ सेहत के लिए फिक्रमंद हो रहे हैं। मैसूर का कीवी हलवा लोगों के मुंह में मिठास घोल रहा है। यह हलवा विशेष गुड़ को शामिल करके बना है, जो मधुमेह के मरीजों के लिए भी उपयोगी है। खट्टे फल से बना यह हलवा मुंह में डालते ही शहद की तरह मीठा लगता है। वहीं, पालक बुर्क, करेले, केले, आलू-मिर्ची, चना, शकरकंदी व कद्दू के बीज से बने चिप्स भी लोगों के मुंह का स्वाद बढ़ा रहे हैं। इनकी खुशबू लोगों को अपनी ओर खींच रही है। यह बिना तेल के बने हैं।

# स्वामी पुष्पराज वैष्णव के आकस्मिक निधन पर समूचे बरवाला गांव में शोक की लहर

## आजीवन धर्म एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार में लगे रहे स्वामी पुष्पराज वैष्णव : दयानंद वत्स भारतीय

नई दिल्ली। दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज बरवाला के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने सनातन संस्कृति के धर्म प्रचारक स्वामी पुष्पराज वैष्णव बरवाला के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए इसे सनातन धर्म और संस्कृति की अपूरणीय क्षति बताया है। आज सुबह आठ बजे घर पर ही हृदयगति रुक जाने से 53वर्ष की अल्पायु में उनकी मृत्यु हो गई। वत्स ने कहा कि स्वामी पुष्पराज वैष्णव बरवाला गांव के ही मूल निवासी थे। स्वामी पुष्पराज वैष्णव भारतीय जनता पार्टी के मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ में जिला उत्तर पश्चिम के सह-संयोजक और बवाना विधानसभा के प्रभारी एवं दिल्ली नगर निगम वार्ड -29 के मंडल कोषाध्यक्ष भी थे। उनके निधन का समाचार मिलते ही बरवाला गांव में शोक की लहर छा गई।



स्वामी जी की अंत्येष्टि में भाजपा जिला उत्तर पश्चिम अध्यक्ष श्री सत्यनारायण गौतम, जिला महामंत्री एवं वार्ड -29 निगम पार्षद श्रीमती अंजू अमन कुमार, मंडल अध्यक्ष श्री संजय डबास नंबरदार, बवाना विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी श्री रविन्द्र इंद्राज, विश्व मानव अधिकार संगठन के अध्यक्ष श्री योगराज शर्मा, पत्रकार श्री नरेंद्र भारद्वाज, ग्राम विकास मंडल बरवाला के श्री राकेश गर्ग, श्री प्रवीण भारद्वाज, बरवाला पंचायत 360, संयुक्त अनुसूचित जाति एवं जनजाति शिक्षक मंच के संस्थापक श्री रामकिशन पूनिया सहित बड़ी संख्या में उपस्थित बरवाला ग्रामवासियों और उनके प्रशंसकों ने नम आंखों से स्वामी पुष्पराज वैष्णव को अंतिम विदाई दी। वत्स ने कहा कि स्वामी पुष्पराज वैष्णव बचपन से ही समाजसेवा और सनातन धर्म और संस्कृति के ध्वज वाहक रहे। क्षेत्र में उनकी अच्छी छवि थी। स्वामी पुष्पराज वैष्णव अपने बरवाला गांव से बहुत प्रेम करते थे और कहते थे यह गांव मेरी जन्मभूमि है। यहां की रज में मैं पला हूं, यहीं मेरा छोटा सा आशियाना है। मुझे अपने समस्त ग्रामवासियों से बहुत प्रेम है। उनका भी प्रेम और स्नेह मुझे सदैव मिलता है। मुझे मेरे गांव बरवाला पर गर्व है।

उनके निधन से गांव,समाज और भाजपा के मंदिर पुजारी प्रकोष्ठ एवं मंडल संगठन को बड़ी क्षति हुई है।

# ऑक्सीजन मॉस्क लगाकर मैनेजर ने किया सुसाइड

## काफी दिनों से डिप्रेशन में था, नोट में कहा जीवन से आ गया था तंग

नोएडा। सेक्टर-76 सिलिकॉन सिटी में एक्सपोर्ट कंपनी के एचआर मैनेजर ने सुसाइड कर लिया। एचआर मैनेजर की पहचान सुमित कोडिया हुई है। उनका मुंह ऑक्सीजन मास्क और पन्नी से ढका था। सुबह जब नौकरानी घर पहुंची तो दरवाजा खुला था। कमरे के फर्श पर सुमित का शव पड़ा था। चीख सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सुमित मूलरुप से बंगाल के रहने वाले थे यहां वो अकेले रहते थे। वो काफी दिनों से डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रहे थे।


नोएडा के सेक्टर-113 थाने के थाना प्रभारी ने बताया कि सुमित ने बड़े ही अजीब तरीके से सुसाइड किया। सुसाइड करने से पहले उसने ऑक्सीजन के गैस सिलेंडर से मास्क कनेक्ट कर उसे अपने चेहरे पर लगा लिया। इसके बाद उसने अपने पूरे चेहरे को पालिथीन से कवर कर लिया। इसके बाद सुमित ने पूरे प्रेशर से ऑक्सीजन खोल दी। ऑक्सीजन के तेज प्रेशर व चेहरा कवर होने के कारण कार्बन डाइआकसाइड बाहर न निकलने की वजह से सुमित की दर्दनाक मौत हो गई।

मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें सुमित ने किसी को भी अपनी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया है। सुमित ने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अपने जीवन से तंग आ गया है और आत्महत्या कर रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुमित पिछले काफी समय से डिप्रेशन में था और उसकी दवाइयां चल रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा पद्मश्री शोभा दीपक सिंह को 'सुमित्रा चरत राम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2023' से सम्मानित किया गया

नई दिल्ली। कमानी ऑडिटोरियम, 1, कॉपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में एक विशेष समारोह में श्रीराम भारतीय कला केंद्र द्वारा पद्मश्री श्रीमती शोभा दीपक सिंह को सुमित्रा चरत राम लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया । यह पुरस्कार शोभा जी को प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खाँ द्वारा प्रदान किया गया।





पद्मश्री शोभा दीपक सिंह, श्री राम भारतीय कला केंद्र के प्रति उनके अटूट समर्पण और भारतीय संस्कृति को संरक्षित करने तथा विश्व भर में उसका प्रचार प्रसार करने के लिये पहचानी जाती हैं। समारोह में उस्ताद अमजद अली खान, अमान अली बंगश और अयान अली बंगश द्वारा मनमोहक सरोद वादन भी प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर गेस्ट ऑफ़ ऑनर थे राजनायिक, लेखक और पूर्व राज्यसभा सांसद श्री पवन. के वर्मा। भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के क्षेत्र में स्थायी योगदान देने वाले प्रख्यात कलाकारों को सम्मानित करने के लिए 2010 में के लिए सुमित्रा चरत राम लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड की स्थापना की गई थी। इस अवॉर्ड के प्राप्तकर्ताओं की श्रेणी में पं. बिरजू महाराज, श्रीमति. किशोरी अमोनकर, श्री मायाधर राऊत, श्रीमती कुमुदिनी लाखिया, पं. जसराज, पं. हरिप्रसाद चौरसिया, श्रीमती. गिरिजा देवी, उस्ताद अमजद अली खान, डॉ. सोनल मानसिंह और डॉ. उमा शर्मा आदि शामिल हैं।

सूर्यास्त के पश्चात शुरू हुए इस कार्यक्रम में पहले श्रीमति गौरी एस. किलिंग द्वारा दर्शकों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् श्री पवन के वर्मा ने सभी को संबोधित किया इसके बाद उस्ताद अमजद अली खान ने अपने सरोद वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस प्रस्तुति में उनके दोनों सुपुत्र अमान अली बंगश और अयान अली बंगश भी उनके साथ शामिल हुए, जिससे वातावरण संगीतमय और रसमय हो गया ।

शोभा जी को सम्मानित करते हुए उन्होंने कहा, आज रात, हम भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत के एक महान व्यक्तित्व का सम्मान कर रहे हैं, जिसके समर्पण ने हमारी संगीत विरासत को संरक्षण और बढ़ावा दिया है। शोभाजी का प्रभाव संगीत से परे तक फैला हुआ है, क्योंकि उन्होंने दुनिया भर में हमारी सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा दिया है। ऐसे सच्चे कलाकार को सम्मानित करना मेरे लिए बेहद गर्व की बात है।

पद्मश्री श्रीमती शोभा दीपक सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस सम्मान को न केवल अपने लिए बल्कि हमारे राष्ट्र की सामूहिक भावना के लिए स्वीकार करती हूं। हमारी कला हमारी आत्मा है, और मैं इसे संरक्षित करने में भूमिका निभाने के लिए आभारी हूं। युवा पीढ़ी के लिए ज़रूरी है कि वे हमारी विरासत को अपनाएं, इसकी धुनों, रंगों और गतिविधियों को अपने जुनून द्वारा प्रज्वलित करें ।

यह पुरस्कार अंत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत है, जो हमारे देश की कलात्मक विरासत की सेवा जारी रखने की मेरी जिम्मेदारी को याद दिलाता रहेगा। इस यादगार संगीतमय शाम और शोभा जी के असीमित योगदान ने कला की परिवर्तनकारी शक्ति को नये सिरे से दर्शकों के मन में स्थापित किया।

# मेवाड़ में धूमधाम से मनी अमर बलिदानी रानी लक्ष्मी बाई जयंती

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिये विद्यार्थियों ने मन मोहा

गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के विवेकानंद सभागार में अमर बलिदानी रानी लक्ष्मी बाई जयंती पर विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मी बाई पर आधारित सांस्कृतिक एवं देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें आज जागरूक होने की आवश्यकता है। रानी लक्ष्मी बाई जैसा देश के लिए बलिदान देने का जज्बा मन में पैदा करना होगा। महिला कभी निर्बल नहीं होती, अगर वह ठान ले तो विपरीत परिस्थितियों में भी वह काली और दुर्गा बन जाती है और दुष्टों का संहार करती है।



डॉ. गदिया ने कहा कि महिलाएं रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान से सबक लें। वे मानसिक रूप के अलावा शारीरिक रूप से सबल बनें। शिक्षक छात्राओं में शिक्षा व ज्ञान के अलावा उनमें हिम्मत व साहस का संचार भी करें। उन्होंने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई चाहतीं तो अंग्रेजों के गुजारे के लिए दिये जाने वाले साठ हजार रुपये के प्रस्ताव को स्वीकार कर सकती थीं लेकिन अपनी झांसी और अपनी प्रजा के हित के लिए उन्होंने अंग्रेजों के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया। उन्होंने मरते दम तक अंग्रेजों से लोहा लिया और उनके हाथ नहीं आईं। अंत में देश हित में उन्होंने स्वत: अपने प्राण त्याग दिये। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देश एवं समाज के लिए मन में मजबूती लाएं और विपरीत परिस्थितियों में भी देश के लिए सचेत रहें। समारोह में मेवाड़ इंस्टीट्यूशंस के विद्यार्थियों ने रानी लक्ष्मी बाई के व्यक्तित्व व कृतित्व पर आधारित सम्भाषण, समूह गान, एकल गान, कविताएं आदि सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों में ज्योति सिंह, अभय शुक्ला, खुशी झा, अर्पिता, शिवम, शिखा, खुशी वर्मा, भूमि, श्वेता मेहता, सूर्य प्रताप आदि थे। संचालन अयाना और भूमि ने किया।

### छठ के लिए यातायात पुलिस का प्लान

नोएडा। नोएडा में छठ पूजा को लेकर घाटों का निर्माण अंतिम चरण में है। शनिवार शाम को घाटों में पानी भर दिया जाएगा। इसमें गंगाजल भरा जाएगा। इसके बाद इसे फूलों से सजाया जाएगा। छठ पूजा पर लोगों को दिक्कत न हो इसके लिए घाटों पर पर्याप्त लाइटिंग और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है।

# गौतम बुद्ध नगर में 15 दिन में 95317 चालान

गौतम बुद्ध नगर। पुलिस कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर में यातायात माह चल रहा है। इस यातायात माह के दौरान ट्रैफिक नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है ।1 नवंबर को यातायात माह की शुरुआत हुई थी। 1 नवंबर से 15 नवंबर तक गौतम बुद्ध नगर की यातायात पुलिस ने 95317 चालान काटे हैं। यातायात नियमो का पालन न करने वालो को यातायात पुलिस जमकर पाठ पढ़ा रही है ।यातायात माह में जमकर चालान काटे जा रहे है ।1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक यातायात पुलिस ने 95317 चालान काटे ।यातायात पुलिस के द्वारा पूरे जिले में यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरुक भी किया जा रहा है। जगह-जगह पर कार्यशालाएं आयोजित की जा रही है साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व स्कूलों में जाकर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।



# संपादकीय



## फिलिस्तीनी नागरिकों को युद्ध विराम की दरकार

इजरायल- फिलिस्तीन युद्ध में अब तक करीब ग्यारह हजार लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें चार हजार से ज्यादा बच्चे थे।

इजरायल के हमलों से तबाह फिलिस्तीनी आम नागरिकों के संकट और उस समूचे इलाके में उपजे त्रासद हालात को देखते हुए सबसे पहली जरूरत यही है कि किसी भी तरह युद्ध विराम हो। इस क्रम में संयुक्त राष्ट्र में कई स्तर पर लगातार कोशिशें चल रही हैं। संयुक्त राष्ट्र आम सभा में युद्ध विराम से संबंधित एक प्रस्ताव को स्वीकार किया गया था। मगर उसके बाद भी युद्धग्रस्त इलाके में हमलों से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिल सकी।

दरअसल, युद्ध के हालात में बहुत कुछ इस बात पर भी निर्भर करता है कि सुरक्षा परिषद का रुख किसी प्रस्ताव को लेकर क्या रहता है। इस लिहाज से फिलिस्तीन के आम नागरिकों की मुश्किलों को कम करने के लिए तत्काल और विस्तारित मानवीय संघर्ष विराम की मांग वाले एक प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद में अंगीकार किया जाना वक्त का तकाजा है।

पंद्रह सदस्यीय सुरक्षा परिषद में इस प्रस्ताव के पक्ष में बारह मत पड़े। हालांकि इस प्रस्ताव पर मतदान से अमेरिका, ब्रिटेन और रूस बाहर रहे। इजरायल ने इसे खारिज कर दिया। इसके बावजूद सुरक्षा परिषद में मानवीय संघर्ष विराम को लेकर बहुमत के समर्थन को शांति की राह में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है।

यह अपने आप में एक बड़ी त्रासदी है कि इजरायली हमला अब जो शक्ल ले चुका है, उसमें फिलिस्तीन की एक बड़ी आबादी भयावह तकलीफों से गुजर रही है। इस हमले में फिलिस्तीन के स्वास्थ्य तंत्र तक को नहीं बख्शा गया है और अस्पतालों पर भी बमबारी की जा रही है। आम मरीजों के साथ-साथ हमले के शिकार लोगों का इलाज भी नहीं हो पा रहा है।

बच्चों और गर्भवती महिलाओं की मुश्किल की बस कल्पना की जा सकती है। जबकि किसी भी युद्ध के दौरान अस्पतालों को सबसे सुरक्षित पनाहगाह माना जाता है और युद्ध के दौरान भी ऐसी जगहों पर हमला न करने को लेकर अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं। मगर ऐसा लगता है कि युद्ध की स्थितियों में न्यूनतम मानवीय तकाजे के मद्देनजर जो अंतरराष्ट्रीय कानून बनाए गए हैं, उसका खयाल रखना भी जरूरी नहीं समझा जा रहा।

गौरतलब है कि इस युद्ध में अब तक करीब ग्यारह हजार लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें चार हजार से ज्यादा बच्चे थे। गाजा पट्टी के एक बड़े इलाके को इजरायल ने खाली करने का फरमान सुनाया था, जिसके बाद कई लाख लोग वहां से दूसरे इलाकों में विस्थापित हुए। वहां खाना-पानी, आवास और बुनियादी सुविधाओं का जैसा संकट पैदा हुआ है, वह मानवता के सामने एक गंभीर चुनौती है।

खुद विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इस स्थिति पर गहरी चिंता जता चुका है। ऐसे में दुनिया के तमाम संवेदनशील लोगों की यही सदिच्छा होगी कि किसी भी हाल में युद्ध को रोका जाए। यों भी जिन मसलों पर फिलिस्तीन और इजरायल के बीच टकराव है, उसका आखिरी और दीर्घकालिक समाधान संवाद के जरिए ही निकाला जा सकता है। युद्ध में शक्ति प्रदर्शन और बेलगाम हमले में मारे जाते हैं आम लोग और उनमें भी खासकर महिलाएं और बच्चे, जो ऐसे हालात के लिए कतई जिम्मेदार नहीं होते।

ऐसे में न केवल नैतिक तकाजे के मुताबिक, बल्कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खयाल करके युद्ध विराम सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इसलिए संयुक्त राष्ट्र के बाकी देशों के साथ-साथ अब अमेरिका, ब्रिटेन और रूस जैसे देशों को भी अपने रुख पर पुनर्विचार कर युद्ध विराम लागू करा कर संवाद की स्थितियां बहाल कराने पर जोर देना चाहिए।

## भारत चीन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने की जुगत में

पश्चिम एशिया में जिस तरह की उथल-पुथल चल रही है, उसमें वैश्विक दक्षिण के देशों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है।

दुनिया अमीर और गरीब के खानों में बंटी हुई है। अमीर देशों का गरीब देशों पर किसी न किसी रूप में या तो दबदबा बना रहता है या फिर वे उन्हें अलग-थलग किए रहते हैं। ऐसे में महाशक्तियों के रूप में चिह्नित देशों को चुनौती देने की कोशिशें होती रहती हैं। वैश्विक दक्षिण देशों की एकजुटता उसी की एक कड़ी है।

इन देशों के दूसरे सम्मेलन से एक बार फिर यह उम्मीद जगी है कि वे अमीर कहे जाने वाले देशों के समांतर अपनी एक ताकतवर व्यवस्था कायम कर सकते हैं। जी-20 सम्मेलन के बाद भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज नामक इस सम्मेलन की अगुआई की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने फिर से वैश्विक दक्षिण के देशों को एकजुट होकर नई वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की अपील की। पश्चिम एशिया में जिस तरह की उथल-पुथल चल रही है, उसमें वैश्विक दक्षिण के देशों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक दक्षिण के समूह में वे देश शामिल हैं, जो शीतयुद्ध के बाद अलग-थलग पड़ गए थे। वे औद्योगिक क्रांति से दूर रह गए थे और प्राय: पूंजीवादी तथा साम्यवादी देशों से उनका संघर्ष बना हुआ था। इसमें ज्यादातर एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देश हैं।

वैश्विक उत्तर में वे देश हैं, जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के जरिए काफी तरक्की कर ली और अब वे दुनिया के बाजारों में अपनी पैठ बनाए हुए हैं। उनमें अमेरिका, यूरोप, कनाडा, रूस, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देश हैं। आबादी के लिहाज से वैश्विक दक्षिण के देश बड़ी श्रमशक्ति और उपभोक्ता बाजार हैं। अगर वे एकजुट होकर संपन्न देशों पर से अपनी निर्भरता खत्म कर लेते हैं, तो विश्व अर्थव्यवस्था की सूरत काफी कुछ बदल सकती है।

ऐसे में भारत इन देशों को एकजुट करके न केवल अपने लिए एक बड़े बाजार का निर्माण करना चाहता है, बल्कि चीन को चुनौती भी देने की कोशिश कर रहा है। वैश्विक दक्षिण के देश विकासशील और अविकसित की श्रेणी में गिने जाते हैं। उनमें आर्थिक असमानता बहुत है। इसका लाभ उठा कर चीन इन देशों में अवसंरचना के विकास के जरिए अपनी पैठ बनाने की कोशिश में लगा हुआ है। 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' परियोजना उसने इसी महत्त्वाकांक्षा से शुरू की थी।

भारत अभी विकसित देशों की श्रेणी में तो नहीं गिना जाता, मगर वह विकासशील की श्रेणी में भी नहीं रहा। वह तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और उसकी चीन से प्रतियोगिता रहती है। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण देशों की एकजुटता के जरिए अपने पड़ोस में बढ़ती चीन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब हो सकता है।

इस बार के जी-20 सम्मेलन में भी अध्यक्ष के रूप में भारत ने वैश्विक दक्षिण पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया था। भारत की पहल पर ही अफ्रीकी समूह को भी जी-20 का सदस्य बनाया गया था। इस तरह भारत की पहल पर वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक उत्तर के देशों वाले मंचों पर भी उपस्थिति बनाने लगे हैं। आसियान और ब्रिक्स समूहों में उनकी शिरकत है। ये देश स्वाभाविक रूप से भारत पर भरोसा करते हैं।

पिछले कुछ समय से जिस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष के चलते वैश्विक स्थितियां प्रभावित हुई हैं। आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है और आर्थिक मंदी के इस दौर में वैश्विक दक्षिण के देशों के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, उसमें नए विकल्पों की तलाश के लिए भारत की अपील समय की मांग है।

# ऐसे संयुक्त राष्ट्र संघ का औचित्य क्या है?



अशोक मधुप



पिछले एक माह से ज्यादा समय से हमास पर इस्राइल के हमले जारी हैं।रूस- यूक्रेन युद्ध एक साल दस माह से ज्यादा से जारी है। तालिबान द्वारा अफगानिस्तान में की गई बरबादी पूरी दुनिया ने देखी। संयुक्त राष्ट्र संघ मानव जीवन की बरबादी देख रहा है। यह असहाय बना बैठा है। मानव जीवन का विनाश रोकने के लिए वह कुछ नही कर पा रहा।उसकी भूमिका शून्य होकर रह गई है। ऐसे में प्रश्न उठता है कि जब संयुक्त राष्ट्र संघ कुछ नही कर सकता। मानव जाति का विनाश रोक नही सकता।युद्ध रोकने की उसकी शक्ति नही तो उसका औचित्य क्या है? क्यों कोई देश उसका सदस्य बने।ऐसे नाकारा संगठन को भंग क्यों न कर दिया जाए।

पूरी दुनिया में शांति स्थापना के लिए बना संयुक्त राष्ट्र संघ अब हाथी के सफैद दांत बन कर रह गया। वह सिर्फ दिखाने मात्र को है।संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज क्या हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में सक्षम नहीं है।

हमास- इस्राइल युद्ध एक माह से ज्यादा से जारी है।हमास ने पहले इस्राइल पर अचानक बड़े पैमाने पर हमला किया। 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दागे।इस्राइल में घुंसकर उसके नागरिकों का संहार किया। महिलाओं को सड़कों पर नंगाकर घुमाया गया। बच्चों , महिलाओं समेत इस्राइलवासियों का निर्ममतापूर्वक कत्ल किया गया। 250 से ज्यादा इस्राइली नागरिक बंधक बनाकर ले गए। ये घटना के एक माह बाद भी उनके कब्जे में हैं।

अब हमास- इस्राइल युद्ध को रोकने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रयास चल रहे हैं।कई बार प्रस्ताव के प्रयास हुए पर विटो पायर वाले देशों के अडंगे के कारण कुछ नही हो सका।हाल में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस युद्ध को रोकने के लिए सर्वसम्मत प्रस्ताव स्वीकार किया , किंतु इस्राइल ने इसे स्वीकार करने से मना कर दिया। होना यह चाहिए था कि प्रस्ताव होता कि हमास ने इस्राइल पर हमला किया है, वह इस्राइल के नुकसान की भारपाई करे।इस्राइल के बंदी रिहा करे।ये भी व्यवस्था होती कि भविष्य में हमास ऐसा दुस्साहस न कर सकें। इसके बाद इस्राइल से कहा जाता कि वह युद्ध रोके,किंतु पूरी दुनिया जानती है कि हमास किसी की सुनने वाला नही। जब हमास सुनने वाला नही तो इस्राइल पर ही दबाव क्यों दिया जाए, कि वह युद्ध रोके। हमास ने इस्राइल पर हमला कर पहल की है। अब ये इस्राइल को तै करना है कि वह क्या करता हैं। कितना लड़ता है। कहां तक लड़ता है।इसका कहना है कि अब वह हमास को खत्म करके ही रूकेगा।दूसरे यदि हमास द्वारा बंदी बनाए इस्राइली नागरिक रिहा हो जांए तो इस्राइल का रवैया कुछ नरम हो सकता है, किंतु ऐसा कुछ होता नही दीख रहा। सब चाहतें हैं कि इस्राइल युद्ध रोके । कोई ये पहल नही कर रहा कि पहले हमास इस्राइल के बंदी रिहा करे। इस्राइल के हमलों में बच्चों और महिलाओं के मरने की बात हो रही है। हमास के हमले में इस्राइल में बच्चों- महिलाओं का जिस तरह कत्ल किया गया, उनकी गर्दन काटी गई। नंगा घुमाया गया, उसका कहीं जिक्र नही हो रहा। इस तरह का दूहरा आचरण दुनिया का विखंडित ही करेगा, रोकेगा नही।

पिछले एक साल दस माह से रूस -यूक्रेन युद्ध जारी है। इस युद्ध में मरने और घायल होने वाले दोनों देशों के सैनिकों की संख्या पांच लाख के आसपास है।अपने सैनिकों की मौत के बारे में न रूस कुछ बता रहा है, न ही यूक्रेन।न्यूयार्क् टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अगस्त में कहा है कि रूस इस युद्ध के नुकसान के बारे में कुछ नही बता रहा।यूक्रेन भी चुप्पी साधे है।अनुमान के मुताबिक युद्ध से रूस के तीन लाख सैनिक प्रभावित हुए हैं।एक लाख तीस हजार सैनिक की मौत हुई है।वहीं एक लाख सत्तर हजार से एक लाख अस्सी हजार तक सैनिक धायल हैं।वहीं यूक्रन के 70 हजार के आसपास सैनिकों की मौत हुई है।जबकि एक लाख से एक लाख बीस हजार तक घायल हुए हैं। इस युद्ध में पांच लाख से ज्यादा परिवार विस्थापत हुए।इतना सब होने के बाद भी संयुक्त राष्ट्र इस युद्ध को नही रोक पाया। न रोक पा रहा है।इस युद्ध से दोनों देशों के विकास तो रूका ही। मानव कल्याण के लिए भवन, पुल,स्कूल और उद्योग खंडहर बन गए।

ये दोनों देश बड़े नाज उत्पादक देश हैं। इनके युद्ध के कारण दुनिया के अन्य देशों को होने वाली अनाज की आपूर्ति रूकी है। इससे पूरी दुनिया में मंहगाई बढ़ रही है।

आज संयुक्त राष्ट्र महासभा एक ऐसा संगठन बनकर रह गया है जो कुछ देश के हाथों की कठपुलती है। न अपनी ताकत का प्रयोग कर सकता है ना अपनी क्षमता का।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज के हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में वह सक्षम नहीं है। पांच विटो पावर देश उसे अपनी मर्जी से नचा रहे हैं।उनके एकजुट हुए बिना संयुक्त् राष्ट्र महासभा कुछ नही कर सकता।ये पांचों विटो पावर देश खुद खेमों में बंटे है।ऐसे में सर्व सम्मत प्रस्ताव पास होना एक प्रकार से नामुमकीन हो गया है।

म्यांमार में सेना का जुल्म कायम है। चीन में उइगर मुसलमानों पर जुल्म जग जाहिर हैं। पूरी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। उसके यहां सरे आम आतंकवादियों को प्रशिक्षण दे रहा है। यह इन्हें रोकने के लिए कुछ नहीं कर रहा।तालिबान के कब्जे के बाद अफगानिस्तान की बरबादी दुनिया ने देखी ।

तालिबानी मदरसे तो उड़ाते ही रहे। लड़कियों के स्कूल तोड़े और जलाए। औरतों की आजादी और शिक्षा खत्म कर दी गई। उन्हें घर की चाहरदीवारी में कैद कर दिया गया।पूरा विश्व सब देखता रहा। कोई कुछ नही कर सका।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के गठन का सबसे महत्वपूर्ण उद्देश्य विश्व में शांति कायम करना है। आज क्या हालात को देखते हुए लगता है कि अपने सबसे बड़े कार्य का दायित्व निभाने में सक्षम नहीं है। ।कोरोना से दुनिया में हुई लाखों मौत के सूत्रधार को वह नही खोज पाता। दुनिया में शांति स्थापना और निरपराध का कत्ल रोकने उसकी क्षमता नहीं, फिर ऐसे संयुक्त राष्ट्र की क्या जरूरत है। हर एक को अपनी डफली अपना राग अलापना है तो क्या फायदा। जब ताकत की ही पूजा होनी है तो इस फालतू के बोझ को क्यों झेला जाए ?अब समय आ गया है कि एक बार फिर से सोचा जाए किस संयुक्त राष्ट्र संघ क्यों? इसका क्या लाभ ?क्यों इसका बोझ पूरी दुनिया ढोए? कैसे बर्दाश्त किया जाए ?क्यों कुछ ही देशों के हाथ में वीटो पावर दे कर के उन्हें दुनिया के सामने नंगा नाच नाचने की अनुमति दी जाए ।

आज जरूरत आ गई है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की उपयोगिता पर विचार किया जाए ।इसे उपयोग उपयोगी बनाने पर कार्य किया जाए। खड़ा किया जाए ऐसा ढांचा कि एक देश दूसरे देश का मददगार बने।मुसीबत में उसके साथ खड़े हो ,उसकी रक्षा कर सकें। ऐसा नहीं आपदा के समय सिर्फ तमाशा देखें । सब दुनिया के सभी देश बराबर हैं तो पूरी दुनिया के पांच देशों को ही वीटो पावर का अधिकार क्यों ? इस पर विचार किए जाने की जरूरत है ।यह प्रजातंत्र है ।संयुक्त राष्ट्र संघ में डिक्टेटरशिप लागू नहीं है जो किसी का निर्णय फाइनल होगा। किसी निर्णय को रोक सकेगा। आज के हालात में सामूहिकता बढ़ाने ,सामूहिक निर्णय पर चलने ,सामूहिक विकास का सोचने की जरूरत है। और एक ऐसे संगठन की दुनिया को जरूरत है जो निष्पक्ष और तटस्थ होकर के पूरी दुनिया में शांति स्थापना के लिए काम कर सके। ऐसे संगठन की जरूरत नहीं है जिसमें चार या पांच दादाओं का ही निर्णय चलें।

## पुस्तकें जीवन की सार्थक मार्गदर्शक, बुद्धिमान सलाहकार और धैर्यवान शिक्षक होती हैं

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदोद्य उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंत:करण को उज्जवल करती हैं। आज डिजिटल पढ़ाई का समय आ चुका है पर बुनियादी शिक्षा भारत में अभी भी पुस्तकों पर निर्भर है और पुस्तक ही देश के राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में एक सच्ची मार्गदर्शन की तरह होती है।

सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंत:करण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। निसंदेह पुस्तकें ज्ञानार्जन करने मार्गदर्शन एवं परामर्श देने में में विशेष भूमिका निभाती है। पुस्तकें मनुष्य के मानसिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक,नैतिक, चारित्रिक, व्यवसायिक एवं राजनीतिक विकास में अत्यंत सहायक एवं सफल दोस्त का फर्ज अदा करती हैं।

प्राचीन काल से ही बच्चों तथा नौनिहालों के विकास के लिए पुस्तकें लिखे जाने का चलन तथा रिवाज रहा है। पंचतंत्र तथा हितोपदेश इसके बहुत बड़े उदाहरण हैं। पंचतंत्र,हितोपदेश में ज्ञानार्जन के लिए एवं संस्कृति सभ्यता और शिक्षा के उपयोग की बातें जो दैनिक जीवन में अत्यंत प्रभावशाली तथा उपयोगी होती है, लिखी गई हैं। और यही पुस्तकें इस देश की सभ्यता संस्कृति के संरक्षण तथा प्रचार प्रसार में अहम भूमिका निभाती आई है। इसी तरह की पुस्तकों ने ज्ञान का विस्तार भी किया है। विश्व की हर सभ्यता मे लेखन सामग्री का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पुस्तकों के माध्यम से ही धर्म जाति संस्कृति एवं शिक्षा की मार्गदर्शिका से ही समाज आगे बढ़ा है।

अच्छी किताबें अच्छे मार्गदर्शक तथा शिक्षित तथा अशिक्षित समाज को चेतना तथा सद्गुणों से संचारित करती है, व्यक्ति के अंदर मानसिक क्षमता का विकास भी होता है। ऐतिहासिक किताबें हमें इतिहास, धर्म, राजनीति, संस्कृति के अनेक पहलुओं से अवगत भी कराती है,जिससे व्यक्तित्व विकास में अत्यंत सहायता मिलती है।




# फोटो पत्रकारिता की चुनौतियां



डॉ नन्दकिशोर साह



फोटो पत्रकारिता सबसे अधिक जोखिम भरा काम है। इसके लिए अतिरिक्त शारीरिक एवं मानसिक कौशल की जरूर जरूरी होता है। एक संवाददाता तो अपनी पहचान छुपा सकता है और सुगमता पूर्वक अपने काम को अंजाम दे सकता है, लेकिन फोटो पत्रकार के लिए ऐसा संभव नहीं होता। उसके उपकरण स्वयं उसकी पहचान बता देते हैं। ऐसे में उसे सावधानी से अपना कार्य करना होता है, जिससे वह तथ्यों को सफलतापूर्वक अपने कमरे में कैद कर सके। उसे अपना काम संक्षिप्त समय के दायरे में करना होता है। समारोह की औपचारिकताओं को छोड़ दें, तो घटनाएं फोटो खिंचवाने का इंतजार नहीं करती हैं। फोटो पत्रकार की किस्मत से भी उन्हें कुछ दुर्लभ चित्र प्राप्त हो जाते हैं।

प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध, हिंसक संघर्षों, दंगों, तनाव या जहां से लोग पलायन कर रहे हैं जैसे विषम परिस्थितियों में फोटो लेना अधिक जोखिम भरा काम होता है। फोटो पत्रकारिता में पूर्व आकलन तथा अभ्यास ऐसी जरूरी होता है, क्योंकि घटनास्थल पर ज्यादा देर रुकना खतरे से खाली नहीं होता। थोड़ी-सी चूक, ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। प्रशासन, सुरक्षा तंत्र और उपद्रवी तत्व तीनों ही फोटोग्राफर के लिए बाधक होते हैं। उसे कोई सुरक्षा नहीं प्राप्त होती है तथा खुद चोट खाकर भी अपने भारी एवं महंगे उपकरणों की रक्षा करनी होती है। आपातकालीन परिस्थितियों में फोटो लेना पत्रकार के लिए बहुत कठिन हो जाता है। संवेदनशील परिस्थितियों में उसे संवाददाता की ही तरह जागरूक रहना होता है। ऐसे में नियम और कानून की तलवार उस पर भी लटकी रहती है।

एक अच्छा फोटो पत्रकार वह है, जो किसी विचार या धरना को चित्र के रूप में व्यक्त कर सके। यह महत्वपूर्ण घटनाओं और सामाजिक मुद्दों को दृश्य के रूप में प्रस्तुत करता है, जिससे लोग अपने आस-पास की दुनिया को देखते और समझते हैं। उसमें एक संवाददाता के रूप में कार्य करने की योग्यता भी मौजूद हो। फोटो पत्रकारिता का कार्य कलात्मक एवं तकनीकी कौशल का संगम है। संवेदनशील होना और विपरीत परिस्थितियों में कार्य करने में समर्थ होना फोटो पत्रकार के रूप में सफल होने के लिए सबसे जरूरी है।

फोटो पत्रकार को बीट रिपोर्टर से तालमेल बैठाना जरूरी होता है। तभी वह सही फोटोग्राफ का चयन कर पता है। उसका कार्यक्षेत्र कोई स्टूडियो नहीं होता है। इन्हें प्रकाश संयोजन और मौसमी कठिनाइयों से भी तालमेल बैठाना जरूरी होता है। फोटोग्राफी एक तकनीकी कार्य है, जिसके लिए व्यक्ति को कैमरा संचालन, प्रकाश संयोजन, दूरी का हिसाब, रंग संयोजन की अच्छी जानकारी जरूरी होती है। आज के संचार प्रौद्योगिकी के युग में इंटरनेट के माध्यम से चित्र प्रेषण एवं कंप्यूटर स्कैनिंग की बारीकियां से भी उसे परिचित होना चाहिए।

फोटो समाचार को विस्तार से पढ़ने की भूख भी पैदा करती है। इस तरह फोटो जहां अपने आप में एक समाचार है, वहीं दूसरी तरफ एक महत्वपूर्ण समाचार का पूरक और सहायक भी है। जिसकी वजह से फोटो को अखबार का एक अनिवार्य अंग माना गया है।

फोटो पत्रकारों को भारी सुरक्षा चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। वे भारी, अक्सर महंगे उपकरण ले जाते हैं, और कार्रवाई के करीब रहने की आवश्यकता होती है, जो उन्हें कमजोर बनाता है। फोटो पत्रकारों को खतरनाक या संवेदनशील क्षेत्रों में काम के लिए भेजे जाने से पहले उचित प्रशिक्षण देने की जरूरत है।

हाईटेक स्मार्टफोन से शानदार फोटोग्राफी करनी है तो स्मार्ट फीचर को समझना होगा। फोन में जरूरी फीचर्स की मदद से स्मार्ट फोटोग्राफी और आसान हो गई है। कैमरा या फोन में लगे कैमरे के लेंस से अगर फोटो बेहतर नहीं आ रही है

लेंस साफ करें - फोटो लेने से पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका फोन का लेंस गंदा तो नहीं है। अगर गंदा है तो इस माइक्रो फाइबर कपड़े से धीरे-धीरे साफ करना होगा।

कैमरा सेटिंग को समझें - अपने एंड्राइड स्मार्ट फोन पर कैमरा ऐप खोलें और इसकी सेटिंग को समझें। फोन में पोर्ट्रेट, लैंडस्केप, नाइट मोड या प्रोमोड जैसे अलग-अलग सोर्टिंग मोड को चेक करें या देखें कि किस लेंस से कैसी फोटो आती है। अगर कोई सेटिंग एडजस्ट करनी हो तो वह भी करें।

लाइट चेक करें - जब भी फोटो लेना हो तो यह जरूरी है कि लाइट चेक करें। जहां आप फोटो ले रहे हैं, वहां की रोशनी समुचित हो। नेचुरल लाइट में ही फोटो खींचेंगे तो बेहतर रिजल्ट मिलेगा। सुबह और शाम का समय फोटो लेने के लिए बेहतर होता है।

डिजिटल जूम से बचे - लगभग हर फोन में डिजिटल जूम की सुविधा दी गई है। अगर आप फोटो खींचते समय उसे जूम करते हैं तो फोटो की क्वालिटी खराब हो जाती है। कई मोबाइल का जूम अच्छा होता है। अगर आपके पास ऐसा फोन है जिसका जूम अच्छा नहीं है तो उसमें फोटो खींचते समय जूम अवॉइड करें।

ट्राइपॉड का इस्तेमाल- फोटो खींचते समय हाथ को स्थिर रखना बेहद जरूरी है। अगर हाथ में थोड़ा भी हिलेगा तो फोटो खराब हो सकती है। ऐसे में हाथ को स्थिर रखने की कोशिश करें ?। अगर ऐसा नहीं हो पता है तो ट्राइपॉड का इस्तेमाल करें।

## शार्ट न्यूज

### बदायूं में निर्माणाधीन मकान का लिंटर ढहा : मलबे में दबकर युवक की मौत

बदायूं। बदायूं में निर्माणाधीन मकान में बंधी बकरी खोलने गए युवक पर लिंटर आ गिरा। मलबे में दबकर युवक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। हादसा उसहैत थाना क्षेत्र के गांव असगुना में हुआ। यहां रहने वाला भूदास उर्फ योगदास (23) पुत्र स्वर्गीय श्यामवीर अपनी बकरी घर के पास स्थित निर्माणाधीन मकान में बांध आया था। दोपहर को वह बकरी खोलने वहां पहुंचा था। इसी दौरान उस घर की दीवार ढह गई। दीवार गिरने से लेंटर भी भरभराता हुआ तेज धमाके के साथ नीचे आ गिरा। वहीं योगदास मलबे में दब गया। धमाका सुनकर आसपास इलाके के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर उसे निकालने की कोशिश शुरू कर दी। गांव के तमाम लोग मलबा हटाने में लग गए। बावजूद इसके युवक को निकालने में घंटाभर लग गया। जबकि तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव देख परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मां राजबेटी से तहरीर लेकर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

### पत्थर फेंकने वाले समेत तीन भेजे गये जेल

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले की शिकोहाबाद आरपीएफ ने शताब्दी एक्सप्रेस पर पत्थर फेंकने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। शिकोहाबाद आरपीएफ प्रभारी आमोद कुमार ने जानकारी दी कि 15 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 12003 शताब्दी एक्सप्रेस पर पत्थर मारने पर रेलवे सुरक्षा बल शिकोहाबाद एक मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार रात को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें पप्पू गोस्वामी निवासी किशन नगर थाना उत्तर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं 17 नवंबर को नीबकरोरी स्टेशन पर गाड़ी संख्या 09183 मुंबई बनारस एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले दो आरोपी जितेंद्र व विमल यादव निवासी नगला नया थाना नवाबगंज फरुर्खाबाद को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है।

### ट्रैक्टर से कुचलकर 10वीं के छात्र की मौत

बलिया। बलिया के हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट डाक बंगले के समीप एनएच-31 पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से 10वीं के छात्र की मौत हो गयी। बेटे की मौत से मां की तबीयत खराब हो गयी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही के पश्चात अन्त्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हल्दी थाना क्षेत्र के गायघाट कुआं नम्बर एक निवासी आदित्य (16) पुत्र वीरेंद्र प्रजापति, देवीतर बाजार में कोचिंग करने के बाद घर आ रहा था। गाय घाट डाकबंगला से लगभग 300 मीटर पश्चिम एनएच 31 पर टैक्टर की चपेट में आने से आदित्य की मौत हो गई। इसी बीच सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे हल्दी थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इधर यह खबर घर वालों को जैसे ही मिली, घर पर कोहराम मच गया। बेटे की मौत से मां उषा देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### बांदा : युवक को घर में घुसकर मारी गोली

बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के बबेरू थाना क्षेत्र में अज्ञात लोगों ने एक युवक की उसके घर के भीतर ही गोली मार कर हत्या कर दी है और फरार हो गए हैं। शनिवार को मिली घटना की सूचना पर पुलिस अधीक्षक सहित समस्त अधिकारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटनास्थल का विस्तृत मुआयना किया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आज बताया कि बबेरु थाना क्षेत्र के परसौली गांव में बीती रात्रि रमेश सिंह के 24 वर्षीय पुत्र अनिल सिंह की अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना परिजनों द्वारा शनिवार को दी गई। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिग , सर्विलांस और एसओजी सहित सभी टीमों ने उच्च अधिकारियों की देख-देख में घटनास्थल का विधिवत मुआयना किया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर घटना का मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई और पोस्टमार्टम रिपोर्ट व विवेचना में मिले साक्ष्यों के आधार पर घटना का शीघ्र खुलासा होगा और आगे विधिक कार्रवाई होगी

### चंदौली पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर ठग

चंदौली। चंदौली के बलुआ थाने की पुलिस टीम ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 8 लाख रूपये ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस के द्वारा हिरासत में लिए गए आरोपी पश्चिम बंगाल के निवासी बताए जा रहे हैं। जिन्हें पुलिस टीम ने उनके घर से गिरफ्तार करके ट्रांजिट रिमांड पर बलुआ थाने पहुंची हैं। आरोपी बलुआ क्षेत्र के कई युवाओं को सरकारी नौकरी का फर्जी नियुक्ति पकड़ा दिया था। फिलहाल पुलिस टीम दोनों आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हैं। बलुआ थाना क्षेत्र के कई युवाओं ने पुलिस को तहरीर देकर सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर दो लोगों के द्वारा 8 लाख रूपये ठगने का आरोप लगाया था। बलुआ थाने की पुलिस के द्वारा मुकदमा दर्ज करके जांच के दौरान पश्चिम बंगाल के मुर्सिदाबाद जिले के जियागंज थाना क्षेत्र के कामेश्वर राम और सूरज कुमार का नाम सामने आया। ऐसे में पुलिस टीम को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पश्चिम बंगाल के रवाना किया। जहां पहुंचने के बाद उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार राय दोनों आरोपियों को उनके घर से हिरासत में ले लिया। इसके बाद आरोपियों को मुर्सिदाबाद के न्यायालय में प्रस्तुत करके ट्रांजिट रिमांड पर बलुआ ले आए।

### महिला ने नहर में छलांग लगाकर जान दी

**लखीमपुर-खीरी।** निघासन खीरी इलाके के ढखेरवा गांव से अपनी ससुराल लुधौरी आ रही महिला ने ढखेरवा चौराहा स्थित पुल से शारदा पोषक नहर में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद महिला को गोताखोरों की मदद से नहर से बाहर निकाल लिया गया। महिला को गंभीर हालत में रमियाबेहड़ सीएचसी भेजा गया। जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ढखेरवा गांव से अपने जीजा के साथ निघासन कोतवाली के लुधौरी स्थित ससुराल आ रही महिला शिवानी (22) ने नहर में छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। ढखेरवा चौकी इंचार्ज गौरव सिंह द्वारा ने अज्ञात कारणों के चलते शारदा नहर पुल से नहर में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के शोर मचाने पर घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित ढखेरवा चौकी के इंचार्ज गौरव सिंह ने शोर शराबा सुनकर दल बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंच गए और गोताखोरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद महिला को बेहोशी की हालत में नहर से बाहर निकाला और रमियाबेहड़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा गया। जहां डाक्टरों ने महिला को देखते ही मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही मायके सहित ससुराल में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते घटना स्थल की ओर रवाना हो गए।

### हाथरस में सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

हाथरस। हाथरस के सिकंदराराऊ कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव फरीदाबाद के एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौके पर भीड़ लग गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के परिजनों का आरोप है लेखराज की हत्या कर शव फेंका गया है। सिकंद्राराऊ कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव फरीदाबाद के रहने वाले 50 वर्षीय लेखराज पुत्र पोखपाल का शव आज संदिग्ध परिस्थिति में बरेली मथुरा हाईवे के निकट एक दुकान के पास मिला। जब रोजाना की भांति आसपास के लोग वहां टहलने निकले तो उन्होंने इस शव को देखा तो इसकी जानकारी कोतवाली सिकंदराराऊ पुलिस को दी। मौके पर कोतवाली पुलिस पहुंच गई और पुलिस ने जांच पड़ताल की। डॉग स्क्रायड की टीम भी वहां आ गई। अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार और क्षेत्राधिकार आनंद कुमार भी वहां पहुंच गए और उन्होंने भी मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ की। डॉग स्क्रायड की टीम ने भी वहां पहुंचकर जांच पड़ताल की।

# पटाखा बाजार अग्निकांड में 10वीं मौत

## मथुरा में किसी जिम्मेदार पर नहीं हुई कार्रवाई, विपक्ष ने प्रशासन की मंशा पर उठाए सवाल

मथुरा। मथुरा के राया कस्बे में दिवाली के दिन पटाखा बाजार में हुए अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर अब 10 हो गया है। शनिवार यानी आज तीन लोगों की मौत हुई है। हाथरस के मुरसान के रहने वाले अनिल की भी मौत हो गई है। वह आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में एडमिट थे। दिल्ली के अस्पताल में एडमिट 15 साल के राहुल ने दम तोड़ दिया। दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट 9 साल की खुशी ने दम तोड़ दिया।

वहीं, शुक्रवार रात हाथरस के मुरसान के रहने वाले लखन की भी मौत हो गई। लखन का इलाज दिल्ली के एम्स में चल रहा था। लखन हादसे में मृतक मोहन का साला था। पटाखा बाजार में आग किसकी लापरवाही से लगी, जिनके ऊपर जिम्मेदारी थी उन पर 7 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। सत्ता पक्ष के नेता इस मामले में जांच के बाद सख्त कार्रवाई की बात कर रहे हैं, वहीं विपक्ष के नेता अभी तक किसी के



खिलाफ कार्रवाई न होने पर प्रशासन पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

### दिवाली के दिन हुआ था अग्निकांड

दिवाली पर मथुरा जिले में प्रशासन ने 30 से ज्यादा जगहों पर पटाखा बाजार लगाने के लिए जगह तय की थी। इनमें से एक जगह राया कस्बे के गोपाल बाग थी। यहां 22 पटाखा की दुकानें लगाई गई थीं। इनमें से 7 दुकानों में दिवाली के दिन अचानक आग लग गई।

अग्निकांड में 13 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिनको अलग-अलग हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। आग में गंभीर रूप से झुलसे लोगों को इलाज के लिए ज्यादातर को दिल्ली के एम्स और सफदरजंग हॉस्पिटल भेजा गया, जबकि कुछ को आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

### 7 दिन में 10 की हुई मौत

शनिवार को हुए हादसे के बाद प्रशासन ने गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को रेफर कर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर ली। लेकिन, हादसे के 3 दिन बाद लोग एक-एक कर दम तोड़ने लगे। गंभीर रूप से झुलसे हाथरस के मुरसान के रहने वाले दो सगे भाई सुशील और ठाकुर दास ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद बुधवार को नौहझील के रहने वाले पप्पू और सहायक शिक्षक श्रीपाल भारद्वाज की मौत हो गई।

गुरुवार को नौहझील कस्बे के आजाद नगर कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय राजेश ने दम तोड दिया। परिवार अभी राजेश का अंतिम संस्कार भी पूरा नहीं कर पाया कि उससे पहले राजेश के पिता मोहन की मौत की खबर ने कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। शुक्रवार देर रात हाथरस के लखन ने दम तोड़ दिया। दिल्ली के सफदरजंग हॉस्पिटल में एडमिट 9 साल की खुशी ने भी शनिवार को दम तोड़ दिया। दिल्ली के अस्पताल में एडमिट 15 साल के राहुल ने शनिवार को दम तोड़ दिया। हाथरस के मुरसान के रहने वाले अनिल की भी मौत हो गई है।

# कुशीनगर का आईजीआरएस निस्तारण में दूसरा स्थान

एजेंसी

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले ने आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण मामले में प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया है।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में तहसील कसानगंज के सभगार में आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में यह जानकारी दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के प्रकरणों का निस्तारण में प्रदेश में दूसरा स्थान कुशीनगर का आने पर बधाई देते हुए सभी को प्रत्येक दिन सुबह शाम आइजीआरएस पर नजर बनाए रखने सहित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की हिदायत दी।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया तथा अवशेष प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उपलब्ध करा दिये गए ।

जिलाधिकारी ने कहा कि आपसी लड़ाई झगड़े, मारपीट के मामलों में पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत किये जायें। भू-माफियाओं / पेपरों में हेराफेरी कर के बैनामा कराने वालों के सम्बन्ध में भी कठोर कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तथा थाना दिवस में प्राप्त आवेदनों के सम्बन्ध में भी आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित को दिए गए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई लिखने से काम नही चलेगा बल्कि मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करना होगा। जिलाधिकारी ने सीएम डैश बोर्ड की रैंकिंग के सम्बन्ध में भी सभी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सिपाही के कमरे पर मिली लापता किशोरी

लखनऊ। लखनऊ के सआदतगंज थाने में तैनात सिपाही के कमरे से लापता किशोरी के मिलने के बाद तालकटोरा थाने पर परिजनों ने जमकर हंगामा किया।

परिजनों का आरोप है कि साथ में सोई बेटी को गायब होने पर खोजबीन की तो वह मोहल्ले में किराए पर रह रहे सिपाही के घर में मिली। यह सिपाही काफी दिनों से बेटी को बहलाफुसला रहा था।

विरोध पर धक्का देकर भाग गया। मामला तूल पकड़ने पर सिपाही और उसके साथी के खिलाफ सिर्फ बहलाफुसलाकर ले जाने की एफआईआर दर्ज की। वहीं गुपचुप तरीके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### कक्षा आठ में पढ़ती है छात्रा, पड़ोस में रहता है सिपाही

तालकटोरा निवासी छात्रा के पिता के मुताबिक शनिवार सुबह पांच बजे के करीब उनकी 13 वर्षीय बेटी संदिग्ध हालात में लापता हो गई। कक्षा आठ में पढ़ने वाली बेटी के गायब होने पर उसकी तलाश शुरू कर दी।

इसीबीच बेटी के पड़ोस में रहने वाले सिपाही नकुल के घर में होने की जानकारी हुई। जो पहले से बेटी पर नजर रखे था। घर का दरवाजा खटखटाने पर उसके साथी हाकिम ने दरवाजा खोला। घर के अंदर जाते ही देखा बदहवास हालत में बेटी बैठी थी। सिपाही को पकड़ने की कोशिश की तो उसने मारपीट की और धक्का देकर भाग गया।

शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। जिसके बाद कार्रवाई की मांग को लेकर थाने पर पहुंचे। जहां काफी देर तक कार्रवाई नहीं हुई। तालकटोरा पुलिस के मुताबिक पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं मामला संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने निलंबित कर दिया।

# दुष्कर्म प्रयास के मामले में नायब तहसीलदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में सदर तहसील क्षेत्र में तैनात एक महिला नायब तहसीलदार ने नायब तहसीलदार के विरुद्ध दुष्कर्म करने के प्रयास के मामले में कोतवाली थाने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस सूत्रों ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया है कि सदर तहसील में तैनात एक महिला नायब तहसीलदार ने तहरीर देकर कहा है कि सदर तहसील में तैनात नायब तहसीलदार घनश्याम शुक्ला द्वारा मेरे घर में घुसकर जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया है तथा अश्लील हरकतें की गयीं। इस अभद्रता का विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गयी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 323,452, 504,354,307,376,511 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है शीघ्र आगे की कार्रवाई की जाएगी उक्त के संबंध में उच्च अधिकारियों को भी जानकारी प्रदान कर दी गई है।

# कन्नौज में आधार कार्ड बनाने के नाम पर ठगी

## मैनपुरी की बैंक से आए लोन चुकाने के नोटिस, 5 महीने पहले ठगों ने आधार लेकर लगवाया था अंगूठा

**कन्नौज।** करीब 5 महीने पहले 2 लड़के आए थे मोहल्ले में। उन्होंने बताया कि वो लोग गरीबों के आयुष्मान कार्ड बनाते हैं। इसके लिए आधार कार्ड की जरूरत होगी। दोनों लड़कों की बात सुनकर हमने आधार कार्ड दे दिया। इसके बाद उन्होंने एक मशीन में हमसे अंगूठा लगवाया और ये कहकर चले गए कि कुछ दिन बाद उन्हें आयुष्मान कार्ड मिल जाएगा। लेकिन 5 महीने बाद आयुष्मान कार्ड की बजाय उनके पास डाक खाने से 1 लिफाफा आ गया। जिसे खोला तो उसके अंदर अंग्रेजी में लिखी हुई एक नोटिस मिली। गांव के लड़कों को नोटिस पढ़ाई तो पता चला कि मेरे नाम से मैनपुरी जिले में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाता खुला है। जब मैनपुरी की बैंक में जानकारी की तो बताया गया कि खाते में लोन का पैसा आया था, जिसे निकाला भी जा चुका। अब कर्जा चुकाने के लिए पुलिस नोटिस लेकर घर पर आ रही है। ये बात गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के जलालाबाद कस्बा के रहने वाले राजेन्द्र कश्यप की बेटी



निशा ने संवाददाता से बात करते हुए बताई।

### 40 लोगों के साथ हुई ठगी

आयुष्मान कार्ड के नाम पर सिर्फ निशा के साथ ही फ्रॉड नहीं हुआ। बल्कि उसके जैसे मोहल्ले के ही 35 से 40 लोगों के साथ भी हुआ। एक-एक कर सभी के घरों में डाक खाने से नोटिसें पहुंचने का सिलसिला चल पड़ा है। जिन ग्रामीणों को मैनपुरी की इंडिया पिस्ट पेमेंट बैंक का नोटिस मिल रहा है, उनकी नींद हराम होती जा रही है। परेशान ग्रामीणों ने शनिवार को सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में पहुंच कर डीएम सुभ्रान्त कुमार शुक्ला से मुलाकात की और शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### मैनपुरी की बैंक से इन ग्रामीणों को भी मिली नोटिस

मैनपुरी की इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की जिस तरह की नोटिश जलालाबाद की रहने वाली निशा को मिली है, ठीक उसी तरह की नोटिसें उसके मोहल्ले के रहने वाले रावेंद्र, शालिनी, कमला, रामशंकर, सावित्री, महेश, शिल्पी, लक्ष्मी, अनामिका, कुनाल, अल्केश, बेबी, रीता, हिमांशु, रेखा, गीता, गुरुप्रसाद, शीला, आरती, सरोजनी, ज्ञानवती, गीता समेत कई लोगों को मिलीं हैं। जिससे ग्रामीणों में खलबली मची हुई है।

# अवर अभियन्ता की पिटाई के विरोध में प्रदर्शन

## संयुक्त कर्मचारी संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की, एक दिसंबर को तालाबंदी का ऐलान

बलिया। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता की अराजक तत्वों द्वारा पिटाई मामले में संयुक्त कर्मचारी संघ ने जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन दिया। संयुक्त कर्मचारी संघ का कहना है कि 24 अक्टूबर को फिर दर्ज होने के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जिला प्रशासन से कई बार वार्ता करने के बावजूद कोई सफलता नहीं मिल रही। लिहाजा कर्मचारी संगठनों ने शुक्रवार को एडीएम को ज्ञापन देने के साथ ही अल्टीमेटम दिया है कि 1 दिसंबर को सभी विभागों में तालाबंदी की जाएगी।

डिप्लोमा इंजीनियर संघ के समर्थन में जनपद बलिया के सभी संगठनों ने लोक निर्माण विभाग बलिया के अवर अभियन्ता के साथ गई मारपीट व दुर्व्यवहार की घटना के खिलाफ निर्णायक जंग का ऐलान किया है। इस



बावत संगठनों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन भी सौंपा है।

### एक नवंबर से चल रहा धरना

विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग, बलिया के अवर अभियन्ता विजय प्रताप के साथ 17 अक्टूबर को अराजक तत्वों द्वारा मारपीट एवं दुर्व्यवहार किया गया था। इसके विरोध में डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ, बलिया द्वारा लोक निर्माण विभाग के प्रागण में 1 नवंबर से अनवरत धरना दिया जा रहा है।

जनपद के सभी संगठनों द्वारा धरना को समर्थन देते हुए अराजक तत्वों की गिरफ्तारी की मांग किया जा रहा है। परन्तु अभी तक पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण जनपद के सभी संगठनों ने निर्णय लिया था कि 16 नवम्बर तक उचित कार्यवाही नहीं होने पर सभी संगठन अपने-अपने सदस्यों के साथ शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग प्रांगण से रैली निकाल कर अपना विरोध प्रकट किया। रैली में ही अगली रणनीति के क्रम में एक दिसम्बर से समस्त संगठनों द्वारा जनपद में पूर्ण बन्दी का आह्वान भी किया गया।

# वाहन की चपेट में आकर दो बच्चों सहित तीन की मौत

बुलन्दशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद बुलन्दशहर में नेशनल हाईवे पार करते समय शनिवार को एक छोटे वाहन ने सड़क पार कर रहे दो मासूम बच्चों समेत 03 लोगों को कुचल दिया। एसपी देहात बजरंगबली चौरसिया ने बताया कि आज सुबह 10 बजे खुर्जा कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे 91 पर एक निजी मेडिकल कालेज के सामने कुछ लोग सड़क पार कर रहे थे तभी सामने से तेज रफ्तार आ रहा छोटा हाथी नामक वाहन अनियंत्रित हो गया और अपना संतुलन खो कर सड़क पार कर रहे दो बच्चों सहित तीन लोगों को कुचल दिया जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अपने कब्जे में लेकर राजकीय अस्पताल पहुंचा दिया है।

# पति ने की पत्नी की हत्या

देवरिया। देवरिया में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर शव छिपाने के लिए अपने घर के पीछे ही गड्ढा खोदकर दफना दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर मृत बहन के ससुराल पहुंचे उसके भाई ने पुलिस को हत्या की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर छानबीन में जुटी पुलिस ने तीसरे दिन शुक्रवार रात 12 बजे गड्ढा खोदकर शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला मईल थाना क्षेत्र के नरसिंहडाढ़ गांव का है। नरसिहडाढ़ निवासी इंद्रपाल सिंह की शादी वर्ष 2006 में भलुवनी थाना क्षेत्र के पिपरा पुरन में अनीता देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनों पति-पत्नी एक साथ खुशी से रह रहे थे। लगभग 5 साल पहले दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसके बाद दोनों एक दूसरे से अलग रहने लगे। उसकी पत्नी अनीता देवी पति के पुराने मकान में अकेले रहती थी। पति इंद्रपाल सिंह अरुणाचल प्रदेश में रहकर नौकरी




करता था। इंद्रपाल 11 नवंबर को घर आया था। पुलिस के अनुसार, इंद्रपाल ने अपने पत्नी को अपने नए घर पर 16 नवंबर को रात में बुलाया। सोते समय उसका गला दबाकर हत्या कर उसके शव को छिपाने के लिए अपने घर के पीछे गड्ढा खोलकर दफन कर दिया। दो दिन से गांव वालों ने उस महिला को नहीं देखा तो हत्या की आशंका जताने लगे। उसके बाद गांव वालों ने उसके मायके में शुक्रवार को खबर दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष मईल गोरखनाथ सरोज ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी निशानदेही पर मृतका का शव उसके घर से पीछे से गड्ढे से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# जौनपुर : तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में कलेक्ट्रेट परिसर से तेरह दिन पहले विभागीय मीटिंग अटेंड कर के जा रही महिला लेखपाल का पर्स छीनकर भागे तीन बदमाशों को लाइन बाजार थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के कलेक्ट्रेट परिसर से बीते तीन नवंबर को महिला लेखपाल प्रिया कटियार शाम को विभागीय मीटिंग अटेंड कर के अपने कमरे पर जा रही थी, उसी दौरान तीन बदमाशों द्वारा लेखपाल की पर्स, मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान शुक्रवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाले तीनो बदमाश पीली कोठी के पास मौजूद है। पुलिस ने मौके पर पहुचकर विकास यादव उर्फ विक्कू निवासी रामराय पट्टी, थाना लाइन बाजार, सोनू गौड़ निवासी रंजीतपुर, थाना लाइन बाजार व गोपी सोनकर निवासी राम राय पट्टी को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर तीनों अभियुक्तों ने कबूला कि उनके द्वारा ही महिला लेखपाल प्रिया कटियार का पर्स छीना गया था तथा कई चोरियों को व बाइक चोरी की गई हैं। पुलिस ने उनके द्वारा बताए जाने पर छह मोबाइल फोन, 6500 नगद रुपये, चोरी की एक बाइक व 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया। उक्त तीनों अभियुक्तों को आज शनिवार को जेल भेज दिया गया।

# महिला का शव खेत में मिलने से फैली सनसनी

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के बैरिया थाना क्षेत्र में अपने पति की तलाश में निकली महिला का शव शनिवार को खेत में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई । पुलिस सूत्रों के अनुसार जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के दयाछपरा हरषु ब्रह्म बाबा स्थान से उत्तर दिशा में एक खेत में आज सुबह क्षेत्र के चकिया डेरा निवासी रवि यादव की पत्नी रीना देवी (50) का शव मिला । रीना शुक्रवार की रात्रि अपने नशेड़ी पति को ढूंढने के लिए घर से निकली थी और शनिवार को उसका शव खेत में पड़ा मिला । मामले में मृतका का पति फरार बताया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस फरार पति की तलाश कर रही है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है । पुलिस मामले की जांच कर रही है ।

# कुशीनगर में सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत

## एक युवक घायल, दो बाइकों की हुई आमने-सामने भिड़त

कुशीनगर। कुशीनगर के हनुमानगंज थाना क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में कुल तीन लोगों की मौत हो गयी। वहीं एक युवक घायल हो गया। छितौनी बाईपास पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में 2 बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि छितौनी बाईपास के समीप शुक्रवार की देर रात कुहासे के कारण अनियंत्रित होकर एक बाइक सब्जी के ठेले में टकरा गई। जिससे ठेला चालक व बाइक सवार दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी तुर्कहा भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पुलिस पोस्टमॉर्टम के




लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

### नौतार जंगल के पास हुआ हादसा

जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की शाम नेबुआ नौरगियां थाना क्षेत्र के कौवासार निवासी रामायण पुत्र श्रीकांत बाइक से पनियहवा से नेबुआ की ओर जा रहा था। इसी दौरान छितौनी बाईपास के समीप सामने से आ रहे बाइक सवार छोटे बाबू पुत्र सुरेश निवासी नौतार जंगल की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार छोटे बाबू पुत्र सुरेश निवासी नौतार जंगल थाना हनुमानगंज की मौत हो गई। वहीं नगर पंचायत छितौनी के जानकीनगर निवासी तुलसी पुत्र रामदुलारे व श्रीकांत पुत्र रामायण निवासी कौवासार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका इलाज चल रहा है। मृतक का शव पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

दूसरी घटना नगर पंचायत छितौनी के विवेकानंद नगर निवासी भृगुराशन पुत्र काशी गुप्ता ठेले से फेरी लगाकर सब्जी बेचता है। शुक्रवार की देर रात वह पनियहवा से सब्जी बेचकर एनएच 28 बी के रास्ते घर आ रहा था। अभी छितौनी बाईपास के समीप पहुंचा था।

## शार्ट न्यूज

### सैम आल्टमैन को ओपनएआई ने सीईओ पद से हटाया, प्रेसिडेंट ब्रॉकमैन ने भी दिया इस्तीफा

वाशिंगटन। चैटजीपीटी की निर्माता ओपनएआई से एक बड़ी खबर सामने आई है। विदेशी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम आल्टमैन को पद से हटा दिया है। ओपनएआई के प्रेसिडेंट ग्रेग ब्रॉकमैन ने भी कंपनी के इस फैसले के विरोध में पद से इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने एक ब्लॉग में खुलासा किया कि ओपनएआई के बोर्ड को अब आल्टमैन पर भरोसा नहीं रह गया था। बोर्ड को उनके नेतृत्व क्षमता पर भरोसा नहीं था। इसकी मुख्य वजह बोर्ड सदस्यों और सैम के बीच बातचीत की कमी बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी मीरा मुराती अब अंतरिम सीईओ के रूप में कार्यभाल संभालेंगी। पद से हटाए जाने के बाद आल्टमैन ने ट्वीट कर कहा, मैंने ओपनएआई में जितना समय बिताया, मुझे वह बहुत पसंद आया। मुझे सबसे ज्यादा मजा कंपनी के प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करके आया है। इस्तीफा देना परिवर्तनकारी निर्णय था। अब क्या करूंगा, क्या होगा बाद में बताऊंगा। वहीं, ब्रॉकमैन ने प्रेसिडेंट के पद से इस्तीफा देते हुए कंपनी के अपने सभी साथियों को एक मेल किया, जिसमें उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को शुभकामनाएं देता हूं। मैं एक सुरक्षित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) बनाना चाहता था, जो समाज का कल्याण कर सके।

### एयर इंडिया के ए350-900 विमान ने सिंगापुर से फ्रांस के लिए भरी पहली उड़ान

नई दिल्ली। एयर इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि उसके पहले ए350-900 विमान ने सिंगापुर से फ्रांस के लिए पहली उड़ान भरी है। एयरलाइन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर विमान की पहली तस्वीर साझा की। एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक विमान को सिंगापुर में पेंट किया गया। इसे दिसंबर में भारत लाने से पहले कुछ जरूरी प्रक्रियाओं के लिए टूलूज भेजा गया है। टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने विस्तार योजनाओं की रूपरेखा तैयार की है, जिसमें आगामी वर्षों में 40 एयरबस ए350 विमानों का ऑर्डर दिया गया है। पहला ए350-900 दिसंबर 2023 में भारत आना है। इसके बाद 5 विमान मार्च, 2024 तक बेड़े में शामिल हो जाएंगे। एयर इंडिया ने अभी विमान का रूट तय नहीं किया है। एक अधिकारी के मुताबिक विमान को शुरू में घरेलू मार्गों पर तैनात किया जाएगा। एयर इंडिया ने करीब 700 करोड़ डॉलर के 250 एयरबस और 220 बोइंग विमानों का ऑर्डर भी पक्का कर लिया है। टाटा के स्वामित्व में आते ही एयर इंडिया ने तेजी से विस्तार का लक्ष्य रक्षा है। इसके लिए इस साल जून में पेरिस एयर शो के दौरान एयरबस और बोइंग के साथ इन विमानों के लिए खरीद पर समझौता किया गया था।

### भारत ने दिए रिकॉर्ड 41010 पेटेंट

नई दिल्ली। भारत ने चालू वित्त वर्ष में अब तक 40,010 पेटेंट दिए ?हैं, जो एक रिकॉर्ड है। ?वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया मंच (एक्स) पर लिखा, भारतीय पेटेंट कार्यालय ने चालू वित्त वर्ष में 15 नवंबर तक रिकॉर्ड 41,010 पेटेंट प्रदान किया है। 2013-14 में सिर्फ 4,227 पेटेंट प्रदान किए ?गए थे। वर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी इंडिकेटर्स (डब्ल्यूआईपीआई) रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीयों ने 2022 में पेटेंट के लिए 31.6 फीसदी ज्यादा आवेदन किए। पेटेंट आवेदनों के लिहाज से यह शीर्ष-10 देशों की तुलना में पिछले 11 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह नवाचार संचालित ज्ञान अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में मील का एक पत्थर है। भारत में पेटेंट आवेदनों में वृद्धि हमारे युवाओं के बढ़ते नवोन्वेषी उत्साह को दर्शाती है। यह आने वाले समय के लिए एक बहुत ही सकारात्मक संकेत है। पेटेंट की रिकॉर्ड संख्या अनुसंधान, विकास व तकनीकी नवाचार पर देश के बढ़ते जोर को दर्शाती है। सरकार इस क्षेत्र में योगदान को प्रोत्साहन दे रही है। डब्ल्यूआईपीआई रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में चीन, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और जर्मनी सबसे अधिक पेटेंट दाखिल करने वाले देश थे।

### 27 कंपनियों को नई आईटी हार्डवेयर पीएलआइ स्कीम के तहत मंजूरी : वैष्णव

डेल, एचपी, फॉक्सकॉन और लेनोवो सहित 27 कंपनियों को आईटी हार्डवेयर के लिए नई उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत मंजूरी दी गई है। सरकार ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब भारत आईटी हार्डवेयर कंपनियों को नीतिगत आकर्षणों और प्रोत्साहन योजनाओं से लुभा रहा है, और खुद को हाई-टेक विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए दृढ़ प्रयास कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पीएलआई आईटी हार्डवेयर योजना के तहत 27 कंपनियों को मंजूरी दी गई है। इनमें से करीब 95 फीसदी यानी 23 कंपनियां पहले दिन से विनिर्माण शुरू करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा, ये हमें पीसी (कंप्यूटर), सर्वर, लैपटॉप और टैबलेट के विनिर्माण में बड़ी ताकत बनने के लिए तैयार करेगा। ये 27 कंपनियां 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। जिन कंपनियों के आवेदन स्वीकृत हुए हैं उनमें डेल, फॉक्सकॉन, एचपी और लेनोवो समेत कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं।

### नियमों में बदलाव से बैंकों को 84,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी की जरूरत

भारतीय रिजर्व बैंक के असुरक्षित माने जाने वाले कर्ज के लिये नियम सख्त करते हुए जोखिम भार बढ़ाये जाने से बैंकों को 84,000 करोड़ रुपये की पूंजी की जरूरत होगी। देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने यह बात कही है। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिये असुरक्षित माने जाने वाले व्यक्तिगत कर्ज, क्रेडिट कार्ड जैसे कर्ज से जुड़े नियम को सख्त कर दिया। संशोधित मानदंड में जोखिम भार में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई। अर्थशास्त्रियों ने रिपोर्ट में यह भी कहा कि चूंकि प्रमुख नीतिगत दर रेपो उच्चस्तर पर पहुंच चुकी है, ऐसे में आरबीआई वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर तय लक्ष्यों को हासिल करने के लिये नकदी प्रबंधन और सूझबूझ वाले वृहद आर्थिक उपायों का सहारा ले रहा है। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने कहा, ''बढ़े हुए जोखिम भार का तत्काल प्रभाव यह होगा कि बैंकों को अतिरिक्त पूंजी की आवश्यकता होगी। हमारा अनुमान है कि बैंक उद्योग को इससे 84,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी की जरूरत होगी।'' एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि जोखिम भार बढ़ाने के निर्णय के जरिये संभवत आरबीआई ने एक मजबूत संदेश दिया है।

### नकदी सामान्य बनाने का काम अभी अधूरा

भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार मौजूदा सख्ती चरण के दौरान अतिरिक्त नकदी को सामान्य बनाए जाने और मजबूत ऋण वृद्धि का प्रयास अभी भी पूरा नहीं हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि जमा दरों (सावधि जमा और बचत खातों के साथ) में वृद्धि अब उधारी में वृद्धि की गति पिछड़ गई है। पॉलिसी रीपो दर के अनुरूप मई 2022 से उधारी दर में वृद्धि शुरू हुई थी। हालांकि बैंक के बचत खातों के लिए जमा दर करीब करीब एक जैसी रही हैं। बैंक के कुल जमा पूंजी में एक तिहाई बचत खातों में जमा धन है। रिपोर्ट के अनुसार सावधि जमा की दर बढ़ने के कारण मौजूदा सख्ती के चक्र में उधारी दर बढ़ी हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'जमा जमा की ब्याज दरों में जबरदस्त बदलाव हुआ है लेकिन बचत खाते की जमा दरें 'सख्त' सी रही हैं।' शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक्स (एससीबी) ने मई 2022 से अक्टूबर 2023 तक की अवधि में बैंचमार्क रीपो दर से जुड़ी दर को 250 आधार अंक ऊपर समायोजित किया और ऐसा करके रेपो दर बढ़ने से तारतम्यता बनाई। हालांकि एक साल के कोष आधारित उधारी दर (एमसीएलआर) के औसत सीमांत लागत में अपेक्षाकृत 152 अंक की कम वृद्धि हुई। यह बैंकों की उधारी लेने की लागत में कमी के रुझान को दर्शाता है। हालांकि मई 2022 से सितंबर 2023 के दौरान हालिया जमा के लिए भारित औसत घरेलू सावधि जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) को 229 आधार अंक बढ़ाया गया।

# शक्कर में पूछपरख, खाद्य तेलों में नरमी, दलहन, दाल में मजबूती, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेलों में मांग सुस्त बताई गई। इससे भाव मंदे रहे। तिलहनों में खरीदी सुधार लिए बताई गई। दलहन मजबूती लिए रहे। दाल में मांग रही। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।।

#### किराना बाजार

शक्कर में खरीदी बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा बूरा लिवाली से बढ़त लिए रहा। साबूदाना में उठाव कमी से सस्ता बिका।

#### तेल-तिलहन

त्यौहार के साथ दिसावरी मांग सुस्ती चलते खाद्य तेल नरमी लिए रहे। आज मूंगफली तेल नीचा होकर बिका। तिलहनों में उठाव रहा।

#### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहनों ? में दीपावली मुहूर्त सौदे हुए। इससे चना, मसूर ? के भाव ऊंचे बोले गए। दाल में स्थिरता दर्ज की गई। चावल में उठाव साधारण बताया गया।

#### किराना

शक्कर 4020 से 4060 रुपये प्रति क्विंटल।
खोपरा गोला 9500 से 120 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2400 से 4050 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 260 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 6800, पैकिंग में 7000 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल।



सरसों निमाड़ी 6900 से 7100, सोयाबीन 5200 से 5250 रुपये प्रति क्विंटल।

#### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1550 से 1570, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 955 से 960, साल्वेंट 920 से 925, पाम तेल 905 से 910 रुपये प्रति 10 किलो।

#### दलहन

चना (कांटा) 6350 से 6400, चना विशाल 6150 से 6200, मसूर 6150 से 6200, तुअर निमाड़ी 9500 से 11500, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11800 से 12000, तुअर (कर्नाटक) 12000 से 12100, मूंग 8800 से 10000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 9200 से 9700, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल।

#### दाल

चना दाल 8150 से 8650, तुअर दाल सवा नंबर 14900 से 15000, तुअर दाल फूल 15400 से 15600, तुअर दाल बोल्ड 16500 से 17000, आयातित तुअर दाल 14000 से 14100, मसूर दाल 7750 से 8050, मूंग दाल 10500 से 10800, मूंग मोगर 11400 से 11700, उड़द दाल 11400 से 11700, उड़द मोगर 11700 से 12100 रुपये प्रति क्विंटल।

#### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

#### रवा-मैदा

रवा 1720 से 1730, मैदा 1650 से 1660, आटा 1610 से 1620, चना बेसन 4125 से 4150 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# कार्वी समूह के पूर्व अधिकारियों के बैंक-डीमैट खाते होंगे कुर्क

नई दिल्ली। ग्राहकों के पैसे के गलत इस्तेमाल पर 1.80 करोड़ वसूलने के लिए परभारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग लि. (केएसबीएल) के तीन पूर्व अधिकारियों के बैंक व डीमैट खाते जब्त करने का आदेश दिया है। सेबी ने मंगलवार को तीन कुर्की आदेशों में कहा, कार्वी समूह के पूर्व उपाध्यक्ष (वित्त-लेखा) कृष्ण हरि जी, पूर्व अनुपालन अधिकारी श्रीकृष्ण गुरजादा और बैक कार्यालय परिचालन के महाप्रबंधक श्रीनिवास राजू के खिलाफ 1.80 करोड़ की वसूली कार्रवाई में ब्याज, सभी लागत, शुल्क व खर्च शामिल हैं। सेबी ने मई में कृष्ण हरि पर एक करोड़, राजू पर 40 लाख व गुरजादा पर 30 लाख जुर्माना लगाया था।
नियामक ने सभी बैंकों, जमाकर्ताओं व म्यूचुअल फंड से तीनों पूर्व अधिकारियों के खातों से किसी भी तरह की निकासी की अनुमति नहीं देने को कहा है। साथ ही, इनके लॉकरों को जब्त करने का निर्देश दिया है।



#### सिंगापुर-अमेरिका में जल्द शुरू होगी एसबीआई योनो एप

एसबीआई सिंगापुर व अमेरिका में जल्द बैंकिंग मोबाइल एप 'योनो ग्लोबल' पेश करेगा। बैंक के उपप्रबंध निदेशक विद्या कृष्णन ने कहा, हम सर्वोत्तम सेवाएं देने के लिए योनो ग्लोबल में निवेश जारी रख रहे हैं। उन्होंने कहा, एसबीआई सिंगापुर में अपने योनो ग्लोबल एप को पे-नाउ के साथ मिलकर पेश करेगा। एसबीआई वर्तमान में नौ देशों में अपने योनो ग्लोबल एप की सेवाएं प्रदान करता है। इसकी शुरुआत सितंबर, 2019 में ब्रिटेन से की गई थी।

#### गेहूं की बुवाई का रकबा पांच फीसदी घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर

चालू रबी मौसम (सर्दियों की बुवाई) में अब तक गेहूं की बुवाई का रकबा 5.01 फीसदी घटकर 86.02 लाख हेक्टेयर रह गया है। पिछले साल की समान अवधि में यह 91.02 लाख हेक्टेयर रहा था। इस दौरान धान और दालों की बुवाई का रकबा भी घटा है। कृषि मंत्रालय के मुताबिक, अब तक यूपी (3.87 लाख हेक्टेयर), पंजाब (2.28 लाख हेक्टेयर), हरियाणा (2.14 लाख हेक्टेयर) और गुजरात (0.71 लाख हेक्टेयर) में गेहूं की बुवाई का रकबा कम है। अधिक रकबे वाले राज्यों में मध्य प्रदेश (3.44 लाख हेक्टेयर) व राजस्थान (0.68 लाख हेक्टेयर) शामिल हैं। चालू रबी सत्र में 17 नवंबर तक धान का रकबा 8.05 लाख हेक्टेयर की तुलना में घटकर 7.65 लाख हेक्टेयर रह गया।
दालों की बुवाई का रकबा 69.37 लाख हेक्टेयर से घटकर 65.16 लाख हेक्टेयर रहा।
17 नवंबर तक मोटे अनाज का रकबा 13.75 प्रतिशत बढ़कर 18.03 लाख हेक्टेयर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में रकबा 15.85 लाख हेक्टेयर रहा था। तिलहन खेती का रकबा 73.17 लाख हेक्टेयर से घटकर 71.74 लाख हेक्टेयर रह गया। सरसों/रैपसीड का रकबा 69.31 लाख हेक्टेयर की तुलना में घटकर 68.55 लाख हेक्टेयर रह गया।

#### गोल्ड बॉन्ड : समय पूर्व निकासी मूल्य 6,076 रुपये तय

आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि 20 नवंबर को देय सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड को समयपूर्व भुनाने का मूल्य 6,076 रुपये प्रति यूनिट होगा। मूल्य 15, 16 व 17 नवंबर के तीन कारोबारी दिवस के सोने के बंद भाव के साधारण औसत पर आधारित होगा। केंद्रीय बैंक ने कहा, भारत सरकार की 6 अक्तूबर, 2017 की अधिसूचना के अनुसार, गोल्ड बॉन्ड जारी होने की तारीख (जिस तारीख से ब्याज देय है) से पांच वर्ष के बाद उसके समय पूर्व निकासी की अनुमति दी जा सकती है।

#### सोना 540 रुपये महंगा, 1,200 रुपये उछलकर चांदी 76,000 पार

वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में उछाल से शुक्रवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 540 रुपये महंगा होकर 61,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी भी 1,200 रुपये की बड़ी उछाल के साथ 76,000 के पार पहुंच गई और 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर बंद हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों में श्रम बाजार की बढ़ती कमजोरी के संकेतों से सोना एक नई साप्ताहिक ऊंचाई पर पहुंच गया। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों पर नियंत्रण रखने की उम्मीदें बढ़ी हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 1,984 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

#### 46.2 करोड़ डॉलर घट गया विदेशी मुद्रा भंडार

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 590.32 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई के मुताबिक, विदेशी मुद्रा संपत्ति 10.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 522 अरब डॉलर पहुंच गई। स्वर्ण भंडार 60.8 करोड़ डॉलर घट गया।

#### सात फीसदी तक बढ़ेगी बिजली की घरेलू मांग

फिच रेटिंग्स ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों में तेजी से चालू वित्त वर्ष में बिजली की घरेलू मांग 7 फीसदी बढ़ेगी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में मांग 7.1 फीसदी बढ़ी थी, जबकि 2022-23 के दौरान देश में बिजली की घरेलू मांग में 9.5 फीसदी इजाफा हुआ था।?

#### फेडरल बैंक ने पेश किया यूपीआई लाइट

फेडरल बैंक ने छोटे मूल्य के लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई लाइट पेश किया है। बैंक की कार्यकारी निदेशक शालिनी वॉरियर ने कहा, उपभोक्ता अपने फोन में पहले से डाउनलोड यूपीआई एप में ही इस फीचर को सक्रिय कर सकते हैं। इसके लिएउन्हें लॉग इन करना होगा।

# हिमाचल ने आइसलैंड की कंपनी के साथ किया समझौता



शिमला। आइसलैंड स्थित कंपनी जियोट्रॉपी आइसलैंड नवीन भू-तापीय (जियोथर्मल) प्रौद्योगिकी का उपयोग करके पायलट आधार पर किन्नौर जिले के टापरी में एक नियंत्रित वातावरण (सीए) स्टोर स्थापित करेगी, जिससे स्थानीय सेब उत्पादकों को लाभ होगा। शनिवार को यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की उपस्थिति में इस संबंध में राज्य सरकार और कंपनी के बीच एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया।
एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक सुदेश कुमार मोख्टा ने राज्य सरकार की ओर से इस पर हस्ताक्षर किए, जबकि जियोट्रॉपी आइसलैंड के अध्यक्ष थॉमस ओटोहैन्सन ने कंपनी का प्रतिनिधित्व किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के इस सीए स्टोर की भंडारण क्षमता एक हजार टन होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस परियोजना को साकार करने के लिए कंपनी को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि भू-तापीय ऊर्जा एक नवीकरणीय स्त्रोत है जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करता है। यह पर्यावरण को संरक्षित करने के राज्य सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है तथा भू-तापीय प्रौद्योगिकी को अपनाना कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में भी उपयोगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश का पहला भू-तापीय प्रौद्योगिकी आधारित सीए स्टोर एक वर्ष की अवधि के भीतर पूरा हो जाएगा।
मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सतलुज घाटी क्षेत्र में और भी भू-तापीय प्रौद्योगिकी आधारित सीए स्टोर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने राज्य में बिजली उत्पादन के लिए भी आधुनिक युग की इस तकनीक का उपयोग करने की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। कंपनी के अध्यक्ष थॉमस ओटोहैन्सन ने भंडारण सुविधा के लिए भू-तापीय प्रौद्योगिकी को नियोजित करने के लाभों को रेखांकित किया और परियोजना से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह, भारत में आइसलैंड के राजदूत गुओनी ब्रैगसन, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव भरत खेड़ा, ओएसडी गोपाल शर्मा, प्रबंध निदेशक एचपीएसईबीएल हरिकेश मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# दिल्ली- नोएडा में पोकीमॉन मेलों के आयोजन की शुरुआत

दिल्ली। द पोकीमॉन कंपनी और डीएलएफ़ मॉल्स ने मिलकर दिल्ली और नोएडा में पहली बार पोकीमॉन मेले का आयोजन करने शुरुआत की है।
पहला पोकीमॉन मेला शुक्रवार को डीएलएफ़ मॉल आफ़ इंडिया (नोएडा) में शुरू हुआ, जो रविवार तक चलेगा। राष्ट्रीय राजधानी में ये मेले नवम्बर और दिसम्बर में तीन सप्ताहान्त में अलग अलग जगहों पर आयोजि किए जाएंगे।
आयोजकों की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पोकीमॉन के इस अभूतपूर्व उत्सव में लोगों को पिकाचू से मिलने, विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने और पोकीमॉन के उपहार घर ले जाने का अवसर मिलेगा।




यह मेला 2-3 दिसम्बर को डीएलएफ़ एवन्यू साकेत तथा 8- 9 दिसम्बर को डीएलएफ़ प्रोमिनाड वसंत कुंज में आयोजित किया जाएगा।
डीएलएफ़ के रीटेल विभाग की वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक ने कहा, हमें बेहद खुशी है कि पोकीमॉन मेला श्रृंखला की शुरूआत डीएलएफ़ मॉल ऑफ़ इण्डिया से हो रही है। यह अनूठा आयोजन मॉल में आने वाले ग्राहकों के अनुभव को और भी मज़ेदार और मनोरंजक बनाएगा।
द पोकीमॉन कंपनी के कॉर्पोरेट ऑफ़िसर श्री सुसुमु फ़ुकुनागा ने कहा, हम भारत में पोकीमॉन के लिए खास जगह बनाना चाहते हैं।
हम यहाँ के लोगों से जुड़ने और उनके दैनिक जीवन का हिस्सा बनने के नये-नये अवसर तैयार करना चाहते हैं। इनके माध्यम से हमें उन लोगों से मिलने-जुलने का मौका मिलेगा, जो पहले से ही पोकेमॉन के फ़ैन हैं और साथ ही नये फ़ैन्स बनाने रास्ते भी खुलते जाएँगे।

# फेडबैंक का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा

अहमदाबाद। फेडबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा।
कंपनी की ओर से शनिवार को यहां जारी बयान के अनुसार कंपनी आईपीओ में कुल 600 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू और विक्रेता शेयरधारकों के 35,161,723 इक्विटी शेयरों तक का ऑफर फॉर सेल शामिल है।
एंकर निवेशक बोली की तारीख 21 नवंबर मंगलवार होगी। ऑफर सब्सक्रिप्शन के लिए 22 नवंबर बुधवार को खुलेगा और 24 नवंबर शुक्रवार को बंद होगा।
ऑफर का प्राइस बैंड 133 से 140 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। इस ऑफर में कर्मचारियों के लिए 10 करोड़ रुपये तक का आरक्षण 10 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट पर शामिल है।
कंपनी अपने व्यापार और परिसंपत्तियों की वृद्धि से उत्पन्न होने वाली कंपनी की भविष्य की पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कंपनी के टियर - I पूंजी आधार को बढ़ाने के लिए नए निर्गम से शुद्ध आय का उपयोग करने का प्रस्ताव करती है। इसके अलावा फ्रेश इश्यू से प्राप्त आय का एक हिस्सा ऑफर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

## आरबीआई के पूर्व गवर्नर का निधन, 92 साल की उम्र में ली आखिरी सांस

नई दिल्ली। (पी एम ए) भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर एस वेंकिटरमणन का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने 92 साल की उम्र दुनिया को अलविदा कहा है। उन्होंने साल 1990 से 1992 तक भारत के 18वें आरबीआई गवर्नर के रूप में पदभार संभाला था। इसके अलावा वो 1985 से लेकर 1989 तक वित्त मंत्रालय में वित्त सचिव भी रह चुके थे। पूर्व गवर्नर एस वेंकटरमणन का जन्म साल 1931 में नागरकोइल में हुआ था। केंद्रीय रिजर्व बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक, एस वेंकटरमणन ने उस समय कार्यकाल को संभाला था, जब देश वैश्विक स्तर पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना कर रहा था।

# आरबीआई की सख्ती से व्यक्तिगत ऋण 0.50 फीसदी तक होगा महंगा




नई दिल्ली। आरबीआई के बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए असुरक्षित कर्ज से जुड़े नियमों को सख्त करने से पर्सनल लोन 0.50 फीसदी तक महंगा हो जाएगा। केंद्रीय बैंक ने असुरक्षित कर्ज के लिए जोखिम भार 25 फीसदी बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया है। इसका सबसे ज्यादा असर एनबीएफसी पर होगा क्योंकि बैंकों से पूंजी लेने की वजह से उनका कर्ज महंगा हो जाएगा।
इस फैसले से बैंकों और एनबीएफसी को अब ज्यादा पूंजी अपने पास रखनी होगी। इससे वे कर्ज देने की रफ्तार घटाने के साथ ब्याज दरें बढ़ा सकते हैं। मैक्वायरी कैपिटल ने कहा, इस सख्ती से बैंकों की कर्ज वृद्धि में दो फीसदी तक गिरावट आ सकती है। निजी बैंकों के लिए बहुत ज्यादा दिक्कत नहीं है, लेकिन सरकारी बैंकों के लिए यह बड़ा मुद्दा हो सकता है। रेटिंग एजेंसी नोमुरा ने कहा, आरबीआई की सख्ती स्पष्ट संकेत है कि वह असुरक्षित कर्ज वृद्धि पर अंकुश चाहता है। आईडीबीआई बैंक के उपप्रबंध निदेशक सुरेश खटनहर ने कहा, बैंक असुरक्षित कर्ज क्षेत्र में जोखिम घटाने पर विचार कर सकते हैं।

## एनबीएफसी पर पड़ेगा सर्वाधिक असर

#### 84,000 करोड़ रुपये की जरूरत पड़ेगी बैंकिंग प्रणाली को

एसबीआई के अर्थशास्त्रियों ने एक रिपोर्ट में कहा, कर्ज सख्ती से बैंकों को 84,000 करोड़ रुपये की पूंजी की जरूरत होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, रेपो दर उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। ऐसे में आरबीआई वृद्धि और महंगाई के तय लक्ष्य पाने के लिए नकदी प्रबंधन व सूझबूझ वाले वृहद आर्थिक उपायों का सहारा ले रहा है। केंद्रीय बैंक ने मजबूत संदेश दिया है कि वह किसी भी शुरुआती वित्तीय स्थिरता से जुड़े जोखिम से निपटने को पूरी तरह से तैयार है।

#### वित्तीय क्षेत्र की साख पर असर नहीं : एसएंडपी

एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने कहा, आरबीआई के फैसले से बैंकों की पूंजी पर्याप्तता में 0.6 फीसदी कमी आ सकती है। एजेंसी की क्रेडिट विश्लेषक गीता चुघ ने कहा, धीमी कर्ज वृद्धि व जोखिम प्रबंधन पर बढ़ा जोर भारतीय बैंकिंग प्रणाली में परिसंपत्ति गुणवत्ता को बेहतर करेगा। इन बदलावों का भारत के वित्तीय क्षेत्र की साख पर कोई तत्काल प्रभाव देखने को नहीं मिलेगा।
बैंक बाजार के सीईओ आदिल शेट्टी ने बताया, जिन ग्राहकों की कमाई व क्रेडिट स्कोर अच्छा है और जिन्होंने समय पर किस्त चुकाया है, उन पर इस फैसले का असर नहीं होगा। बैंक ऐसे ग्राहकों को पहले की तरह कर्ज देते रहेंगे। कर्ज भुगतान में डिफॉल्ट करने वाले पर पहले भी असर होता था। अब भी होगा। जो बैंक और वित्तीय संस्थान आक्रामक तरीके से क्रेडिट कार्ड व पर्सनल लोन बांट रहे थे, उन पर अंकुश। पूरा फैसला छोटे कर्ज को लेकर है, इसलिए इसका ज्यादा असर नहीं होगा।

#### सख्ती से हमारे बैंक पर पड़ेगा न्यूनतम प्रभाव

दिनेश कुमार खारा, चेयरमैन, एसबीआई का कहना है कि असुरक्षित कर्ज पर अंकुश लगाने के लिए आरबीआई के जोखिम भार में बढ़ोतरी का असर हमारे पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड पर 0.50 से 0.60 फीसदी तक पड़ सकता है। पर्सनल लोन के लिए सख्त नियमों से पूंजी अनुपात पर न्यूनतम प्रभाव पड़ेगा।
बैंकों और एनबीएफसी के शेयर शुक्रवार को करीब 6 फीसदी तक टूट गए। एसबीआई कार्ड का शेयर 5.19 फीसदी, बजाज फाइनेंस का दो फीसदी और आदित्य बिड़ला कैपिटल का शेयर 5.71 फीसदी गिरकर बंद हुआ।
एसबीआई का शेयर 3.64 फीसदी, एक्सिस बैंक का 3.03 फीसदी, आईसीआईसीआई बैंक का 1.45 फीसदी, पंजाब नेशनल बैंक का दो फीसदी और केनरा बैंक का शेयर दो फीसदी गिरावट में बंद हुआ।

## शार्ट न्यूज

### भारत और ऑस्ट्रेलिया विश्वकप का खिताबी मुकाबला देखेंगे ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री

नई दिल्ली। (पी एम ए) ऑस्ट्रेलिया के उपप्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स दोनों देशों के बीच 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए रविवार से भारत की दो दिवसीय यात्रा पर होंगे। रक्षा मंत्रालय ने मार्ल्स की यात्रा की घोषणा करते हुए कहा कि वह रविवार को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट विश्व कप का खिताबी मुकाबला भी देखेंगे। सोमवार को दिल्ली में होने वाली वार्ता में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग भी भारत आ रही हैं। वहीं पीएम मोदी भी इस दौरान मौजूद रहेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को मार्ल्स की भारत यात्रा के बारे में घोषणा की थी। वह ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं। एक बयान में कहा गया, ऑस्ट्रेलियाई उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री राजनाथ सिंह के साथ दूसरी भारत-ऑस्ट्रेलिया 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता की सह-अध्यक्षता करने के लिए 19 से 20 नवंबर तक भारत का दौरा करेगें।

### शमी के पैतृक गांव को मिलेगा मिनी स्टेडियम

अमरोहा। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को विश्वकप फाइनल से पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तोहफा दिया है। अरसे तक आतंकवादी स्लीपर सेल के रूप में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के रडार पर रहने वाले शमी के पैतृक जिले अमरोहा के गांव में सरकार मिनी स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण करेगी। जिलाधिकारी राजेश त्यागी ने शनिवारको बताया कि जिले के गांव सहसपुर अलीनगर में मिनी स्टेडियम और ओपन जिम का निर्माण किए जाने का प्रस्ताव यूं तो पहले से ही भेजा गया था। जिसमें एक हेक्टेयर भूमि में मिनी स्टेडियम बनाया जाना प्रस्तावित है। ब्लॉक समेत कई अन्य उच्चाधिकारियों द्वारा प्रस्ताव के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया गया है। गौरतलब है कि क्रिकेट वर्ल्ड कप 23 के छह मैचों में 23 विकेट लेने वाले भारतीय टीम के गेंदबाज शमी का स्ट्राइक रेट 10.09 है। न्यूजीलैंड के ख़िलाफ़ खेले गए सेमीफाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए वनडे मैच में सात विकेट हासिल करने वाले भारत के पहले गेंदबाज शमी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस शानदार प्रदर्शन पर उनके पैतृक गांव में बनने जा रहे मिनी स्टेडियम और ओपन जिम को लेकर खुशी का माहौल है।

### भारतीय वोवीनाम मार्शल आर्ट टीम में उत्तर प्रदेश के सात खिलाड़ी

लखनऊ। वियतनाम की हो- चिन- मिन्ह सिटी में 22 नवंबर से एक दिसंबर के बीच खेली जाने वाली सातवीं विश्व वोवीनाम चैंपियनशिप के लिये भारतीय वोवीनाम मार्शल आर्ट टीम में उत्तर प्रदेश के सात खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में शामिल उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी 20 नवंबर को लखनऊ से नई दिल्ली रवाना होंगे। भारतीय टीम में चयनित अन्य प्रदेशों के खिलाड़ी दिल्ली में दल के साथ जुड़ेंगे। इसके बाद भारतीय टीम नई दिल्ली से 21 नवंबर को वियतनाम के लिए रवाना होगी। भारतीय टीम: पुरुष: गुलशन राज, अक्षत बाजपेयी, ईशान वर्मा, अंकित चौरसिया, कुंवर सूर्य प्रताप सिंह, प्रशांत सिंह (उत्तर प्रदेश), महेश कुमार गिट्टे, तेजस आदिनाथ, महेश मोहन मोरे, किरन दीपक, वी उद्धव राव जाधव, रामचंद्र, हर्षद ज्योतिराम, (महाराष्ट्र), महादेव चोंगथम, सोमरजीत सिंह (मणिपुर), पापू अहमद (आसाम), शैलेश भाई नानजी भाई, जय कुमार महेश भाई, (गुजरात) महिला : रागिनी गौतम (उत्तर प्रदेश), किरन संजीव राठौर, एस.रामेश्वर (महाराष्ट्र), पुष्पा देवी, हिना, लंचन बी.देवी (मणिपुर), जितिन कोंच (आसाम), डिंपल वैष्णवी (छत्तीसगढ़)।

### सद्गुरु की सलाह, कप जीतने की कोशिश करने की बजाय सिर्फ गेंद को हिट करो

बेंगलुरु। क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया के पहुंचने से देश में खेल का बुखार चरम पर है। लोगों के दिमाग में जीत के मंत्र के बारे में विचार घूम रहे हैं। ऐसा ही एक विचार एक व्यक्ति के मन में आया, जिसने जिज्ञासावश सद्गुरु से टीम इंडिया को विश्व कप वापस लाने के लिए सलाह मांगी, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। अपनी अनोखी शैली में जवाब देते हुए, सद्गुरु ने कहा, कप जीतने की कोशिश मत करो, बस गेंद को मारो। यदि आप कप के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाले एक अरब लोगों के बारे में सोचते हैं, तो आप गेंद चूक जाएंगे, या यदि आप सभी के बारे में सोचते हैं अन्य काल्पनिक चीजें जो घटित होंगी यदि आप विश्व कप जीतते हैं, तो गेंद आपके विकेटों को गिरा देगी। उन्होने कहा तो, इस विश्व कप को कैसे जीता जाए, इसके बारे में मत सोचो। गेंद को कैसे मारा जाए, विपक्षी टीम के विकेट कैसे गिराए जाएं। तुम्हें बस यही सोचना है। विश्व कप के बारे में मत सोचो। फिर आप विश्व कप से बाहर हो जायेंगे। इससे पहले, न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच से पहले टीम इंडिया के साथ शुभकामनाएं साझा करते हुए ने एक वीडियो पोस्ट किया था।

### हॉकी जूनियर विश्वकप जीतने का हमारे पास सुनहरा मौका : अरिजीत सिंह

बेंगलुरु। भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल का मानना है कि मलेशिया के कुआलालंपुर में शुरु होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 की भारतीय टीम मजबूत दावेदार है। पांच से 16 दिसंबर के बीच होने वाली प्रतियोगिता में 16 टीमें विश्व कप के लिये प्रतिस्पर्धा करेंगी। भारत को कनाडा, कोरिया और स्पेन के साथ पूल सी में रखा गया है। भारतीय टीम पांच दिसंबर को कोरिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, चिली और मलेशिया के साथ पूल ए में हैं। मिस्र, फ्रांस, जर्मनी और दक्षिण अफ्रीका पूल बी में रखा गया है, जबकि बेल्जियम, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को पूल डी में एक साथ रखा गया है। टूर्नामेंट से पहले भारतीय उपकप्तान अरजीत ने कहा, हमने शिविर में एक टीम के रूप में अच्छी तैयारी की है और अपने खेल के कई प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया है। अब टूर्नामेंट तेजी से आगे बढ़ रहा है, और सभी खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हम अच्छा प्रदर्शन करें। हम महत्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों पर काम कर रहे हैं जहां हम सुधार कर सकते हैं और हमारा लक्ष्य पदक के साथ समापन करना है।

### 'सूर्य किरण' की सलामी के साथ शुरु होगा विश्व कप का फाइनल

अहमदाबाद। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खिताबी मुकाबले से पहले भारतीय वायुसेना का एयरशो दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। दुनिया के सबसे बड़े नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मुकाबला दोपहर दो बजे खेला जायेगा लेकिन उससे पहले दोपहर 12.30 बजे फ्लाइट कमांडर और डिप्टी टीम लीडर विंग कमांडर सिधेश कार्तिक के नेतृत्व में सूर्य किरण विमान दस मिनट तक हवा के करतब दिखायेंगे। पहली बार, संगीत के साथ नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक आकर्षक नाइन हॉक कलाबाज़ी का प्रदर्शन कर नए भारत को सलामी देगा। उड़ानें अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरेंगी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ऊपर वर्टिकल एयर शो करेंगी। मैच के दौरान शाम साढ़े पांच बजे से 15 मिनट का ब्रेक लिया जायेगा जिसमें पहली बार, विश्व कप विजेता कप्तानों को बीसीसीआई सम्मानित करेगी। इसके साथ ही आईसीसी पुरुष सीडब्ल्यूसी ट्रॉफी के साथ उनकी जीत के पल की 20 सेकंड की रील हाइलाइट्स बड़े स्क्रीन पर दिखाई जाएंगी। इसके बाद कप्तान बीसीसीआई के स्टार एंकर के साथ बातचीत में अपनी विश्व कप जीत का जिक्र करेंगे।

# 12 साल बाद पूरा होगा भारत का विश्व विजेता बनने का ख्वाब

अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट के इतिहास में अब तक की सर्वश्रेष्ठ टीम मानी जाने वाली रोहित एंड कंपनी रविवार को यहां नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 12 साल के लंबे अंतराल के बाद विश्व कप ट्राफी उठाने के इरादे से उतरेगी।

कोई फर्क नहीं पड़ता कि भारतीयों के सामने पांच बार की विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया होगी, रोहित के जांबाज इसी टूर्नामेंट में कंगारूओं को धूल चटा चुके हैं मगर क्रिकेट के सबसे बड़े मंच में भारत की सर्वश्रेष्ठ टीम को एक नये दिन में एक बार फिर उठ कर खड़े होने की काबिलियत रखने वाले कंगारूओं के साथ तय रणनीति के साथ मैदान पर उतरना होगा। इसके साथ ही करोड़ों भारतीयों की भावनाओं के दवाब से निपटने के लिये रोहित सेना को मनोवैज्ञानिक रूप से अधिक मजबूत बनना होगा।

दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में एक लाख 30 हजार दर्शक मैच की एक एक गेंद पर भारतीय टीम की हौसलाफजाई करेंगे वहीं देश दुनिया में करोड़ों प्रशंसक भारत की जीत की दुआयें कर रहे होंगे। 2011 के बाद भारत के पास बेशकीमती विश्वकप की ट्राफी उठाने का भरपूर मौका होगा। भारत ने पहली बार विश्व कप में दुनिया की सभी टीमों कों बड़े अंतर से हराया है। टीम का हर सदस्य पूरे फार्म में है। क्रिकेट के दिग्गज भी मानते हैं कि उन्होने अपने जीवनकाल में इससे बेहतरीन भारतीय टीम नहीं देखी है।



आज से 40 साल पहले कपिल देव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने लार्डस के एतिहासिक मैदान पर वेस्टइंडीज को हरा कर पहली बार विश्व कप ट्राफी उठायी थी। वह क्षण देश के करोड़ों भारतीयों के लिये अप्रत्याशित था,किसी को उम्मीद नहीं थी कि भारत विश्व कप जीत सकता है। यह सपने के सच होने जैसा था। 2011 में कैप्टन कूल यानी महेन्द्र सिंह धोनी के मतवालों ने विश्व कप पर एक बार फिर अपना नाम लिख दिया जिसके बाद दुनिया में भारतीय क्रिकेट का वर्चस्व बढ़ता चला गया।

मौजूदा विश्व कप से पहले क्रिकेट के दीवाने देश में प्रशंसकों को विश्वास था कि भारत अंतिम चार तक जरूर पहुंचेगा मगर जिस शान के साथ भारत ने फाइनल में प्रवेश किया,उसकी उम्मीद भारतीयों ने नहीं की थी। अब विश्वकप के अंतिम पड़ाव को पार करने के लिये भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया के साथ करोड़ों भारतीयों की भावनाओं के ज्वार से भी निपटना होगा।

क्रिकेट पंडितों के अनुसार भारतीय टीम के मौजूदा एकादश में किसी बदलाव की गुंजाइश नहीं दिखती है। अतिरिक्त प्रयास की बजाय भारतीयों को अपना स्वाभाविक खेल दिखाना होगा। कप्तान रोहित शर्मा हर बार की तरह एक बार फिर अपनी टीम को तेज शुरुआत देने की कोशिश करते दिखेंगे वहीं शुभमन गिल और विराट कोहली की भूमिका क्रीज पर समय बिताने के साथ स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाने की होगी। मध्यक्रम में केएल राहुल,अजय जडेजा और सूर्यकुमार यादव कंगारु गेंदबाजों की धार को बेअसर करने में कोई कोरकसर नहीं छोड़ेंगे।

मोहम्मद सिराज,जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की खतरनाक तिकड़ी का लक्ष्य आस्ट्रेलिया के शुरुआती कुछ विकेटों को पावर प्ले के दौरान झटकने का होगा और अगर वे ऐसा करने में सफल रहते हैं तो भारत की राहें और आसान हो जायेंगी वहीं बीच के ओवरों में अजय जडेजा और कुलदीप यादव कंगारूओं की परीक्षा लेंगे।

भारतीयों को भलीभांति पता है कि आस्ट्रेलिया विश्व की एकमात्र टीम है जो दवाब में और निखर कर सामने आती है।

मौजूदा टूर्नामेंट इसका गवाह है जब शुरुआती दो मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया का नया रूप सामने आया है। अफगानिस्तान के खिलाफ एकतरफा लड़ाई को सिर्फ दो ही खिलाड़ियों ने पलट दिया था। ग्लेन मैक्सवेल की तरह डेविड वार्नर,मार्कस स्टोइनिस के पास भी अपने बूते पासा पलटने की काबिलियत है वहीं एडम जंपा,मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड मजबूत दिखने वाली भारतीय बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे।

भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, इशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा।

ऑस्ट्रेलिया : पैट कमिंस, डेविड वार्नर, ट्रेविस हेड, मिशेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, मिशेल स्टार्क, एडम जंपा, जोश हेजलवुड, कैमरन ग्रीन, जोश इंग्लिस, एलेक्स कैरी और सीन एबट।

# दिग्गजों का जमावड़ा होगा कमेंटरी बाक्स पर

अहमदाबाद। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के रविवार को होने वाले फाइनल मैच का आंखो देखा हाल दिखाने और अपनी राय व्यक्त करने के लिये क्रिकेट के दिग्गज कमेंटरी बाक्स में इकट्ठा होंगे।

नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 फाइनल के लिए खेल के कई दिग्गजों और विशेषज्ञों से युक्त एक कमेंट्री पैनल की घोषणा की गई है जिसमें रवि शास्त्री, रिकी पोंटिंग, इयान स्मिथ, संजय मांजरेकर, एरोन फिंच, नासिर हुसैन, हर्षा भोगले, दिनेश कार्तिक, मैथ्यू हेडन, इयोन मोर्गन, इयान बिशप, शेन वॉटसन, सुनील गावस्कर और मार्क हॉवर्ड शामिल हैं।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि शोपीस इवेंट के फाइनल के लिए दुनिया भर की स्क्रीन पर कवरेज किया जाएगा।

रवि शास्त्री की प्रतिष्ठित आवाज बहुप्रतीक्षित टॉस में जोश भरेगी, जबकि नासिर हुसैन और संजय मांजरेकर का विशेषज्ञ विश्लेषण इस बात पर प्रकाश डालेगा कि अहमदाबाद में 22 गज की दूरी क्या पेश करेगी। फाइनल मुकाबले के लिये रिचर्ड इलिंगवर्थ और रिचर्ड केटलबोरो को मैदानी अंपायर नामित किया है जबकि जोएल विल्सन तीसरे अंपायर होंगे।

# भारतीयों को खामोश रखने के लिये बेहतर खेल दिखाना होगा : कमिंस

एजेंसी

अहमदाबाद। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने अपने खिलाड़ियों को आगाह किया है कि आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में स्टेडियम में बैठे एक लाख 30 हजार भारतीय दर्शकों को शांत रखने के लिये उन्हे भारत के खिलाफ बेहतरीन खेल का मुजाहिरा करना पड़ेगा।

पांच बार के विश्व कप चैंपियन नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर 130,000 लोगों के सामने भारत से भिड़ेंगे तो उनकी निगाहें शोर के सैलाब की परवाह किये बगैर विश्वकप की चमचमाती ट्राफी पर होंगी। आईसीसी की रिपोर्ट की माने तो कमिंस को अच्छी तरह पता है कि स्टेडियम में अधिकांश प्रशंसक उनकी टीम के खिलाफ शोर मचा रहे होंगे। कमिंस चाहते हैं कि उनके खिलाड़ी अच्छे प्रदर्शन की बदौलत इस भीड़ को शांत रखें जिसका मनोवैज्ञानिक लाभ आस्ट्रेलिया को मिले।




कमिंस ने शनिवार को कहा, जाहिर तौर पर भीड़ एकतरफा होगी, लेकिन खेल में एक बड़ी भीड़ को चुप होते सुनने से ज्यादा संतुष्टिदायक कुछ नहीं है और कल हमारे लिए यही लक्ष्य है। आपको फाइनल के हर हिस्से को अपनाना होगा। यहां तक कि लीड-अप में भी शोर, अधिक लोग और दिलचस्पी होने वाली है और आप अभिभूत नहीं हो सकते, आपको इसके लिए तैयार रहना होगा और आपको इसे पसंद करना होगा।

उन्होंने कहा, बस इतना जान लो कि जो भी होगा, ठीक है। आप बस बिना किसी पछतावे के दिन खत्म करना चाहते हैं।

गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने लगातार आठ जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया है हालांकि टूर्नामेंट में भारत के 10 मैचों के अपराजित प्रदर्शन से उनकी जीत की लय कुछ हद तक कम हो गई है। कमिंस ने कहा हमारे लिए सुखद चीजों में से एक यह है कि मुझे अभी भी ऐसा नहीं लग रहा है कि हमने पूरा खेल खेला है। हो सकता है कि हमें हर जीत के लिए संघर्ष करना पड़ा है और हमने जीतने का रास्ता ढूंढ लिया है मगर अलग-अलग खिलाड़ी अलग-अलग समय पर खड़े हुए हैं।

कमिंस ने कहा, मुझे लगता है कि यह आत्मविश्वास रखते हुए, यह जानते हुए कि हमें किसी भी टीम को चुनौती देने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की ज़रूरत नहीं है। हम इसके माध्यम से एक रास्ता खोज सकते हैं और सभी लड़कों को इससे कल के लिए काफी आत्मविश्वास मिलेगा।

उन्होने कहा कि अहमदाबाद की पिच कैसा व्यवहार करेगी, यह शायद अब तक अबूझ पहेली है मगर इतना तय है कि स्कोरर व्यस्त रहेगा। ओस भी मैच में अहम भूमिका निभा सकती है।

# अल-शिफा अस्पताल से सफेद झंडे लेकर पैदल निकल रहे मरीज

## फिलिस्तीनी महिला का दावा- इजराइली सेना ने कपड़े उतरवाकर तलाशी ली

तेल अवीव। इजराइली सेना की कार्रवाई के बीच मरीजों और स्टाफ ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल को खाली करना शुरू कर दिया है। कतरी मीडिया हाउस अलजजीरा के मुताबिक मरीज और स्टाफ पैदल ही सफेद झंडे लेकर उत्तरी गाजा छोड़कर निकल रहे हैं।

इसी बीच एक फिलिस्तीनी महिला अबु शनाब ने अलजजीरा को बताया कि अस्पताल छोड़ रही महिलाओं की कपड़े उतरवाकर तलाशी ली जा रही है।

शनाब के मुताबिक इजराइली सेना ने कई लोगों को बंधक भी बनाया है। उन्हें न तो पानी दिया जा रहा है और न ही खाना।



इससे पहले अल-शिफा के डॉक्टर ने दावा किया था कि इजराइली सेना ने अल-शिफा अस्पताल खाली करने के लिए 1 घंटे का समय दिया है। IDF ने इन दावों को खारिज कर दिया है।

दूसरी तरफ, अस्पताल में 4 प्रीमैच्योर नवजातों के साथ ही करीब 40 मरीजों की भी मौत हो गई है। अलजजीरा के मुताबिक, गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री ने बताया कि वो अस्पताल के ढ्ढष्ट में मौजूद सभी मरीजों को खो चुके हैं। अस्पताल में सुविधाओं और खासकर फ्यूल की कमी की वजह से मरीजों का इलाज नहीं हो पा रहा है।

गाजा की हेल्थ मिनिस्ट्री ने दावा किया है इजराइली सेना ने एक उत्तरी गाजा में अल-फखूरा नाम के एक स्कूल पर अटैक किया है इसमें 50 लोगों की मौत हुई है। इससे पहले इजराइली सेना ने दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके पर स्ट्राइक की थी। इसमें दर्जनों लोग मारे गए थे। दूसरी तरफ इजराइल में हमास की कैद में बंधकों को छुड़ाने के लिए रैली हो रही है। इसमें विपक्ष के नेता याइर लैपिड भी शामिल हुए हैं।

इजराइल डिफेंस फोर्स ने बताया कि वो हमास के खात्मे के लिए किसी भी हद तक जाएगी। IDF के प्रवक्ता ने कहा- हमास जहां भी मिलेगा, हम वहां जाकर उसे मिटाएंगे, फिर चाहे वो गाजा पट्टी का दक्षिणी हिस्सा ही क्यों न हो। इससे पहले गुरुवार को साउथ गाजा के खान यूनिस में सेना ने पर्चे गिराकर लोगों को शहर खाली करने को कहा था।

# सड़कों पर तालिबान फोर्स के स्टंट

## रोलर स्केट्स पहनकर गश्त लगाई; दूसरे देशों में भी अपनाए जाते हैं ऐसे तरीके

कभी आपने सुरक्षाबलों के जवानों को ऐसे रोलर स्केट्स से चलते देखा है? सोशल मीडिया पर अफगानिस्तान का ये वीडियो काफी चर्चा में है।

इस वीडियो में कुछ जवान रोलर स्केटिंग करते हुए सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, स्केटिंग कर रहे ऑफिसर्स तालिबान शासन की खास पब्लिक सिक्योरिटी पुलिस के हैं, जो कलाश्निकोव राइफल टांगे सड़कों पर पेट्रोलिंग कर रहे हैं।

इन जवानों की यूनिफॉर्म तालिबानी शासकों की साधारण पोशाक से काफी अलग है। जनता सुरक्षा बलों के काम करने के इस तरीके से काफी प्रभावित है, लेकिन अफगानिस्तान का तालिबान शासन ऐसा तरीका अपनाने वाला पहला देश नहीं है।



### दूसरे देशों में भी अपनाए गए हैं ऐसे तरीके

साल 2021 में पाकिस्तान के कराची शहर में भी ऐसा तरीका अपनाया गया। 20 पुलिसकर्मियों की स्पेशल यूनिट तैयार की गई। स्केट्स की मदद से पुलिसकर्मियों की ये यूनिट सकरी गलियों में भी आसानी से अपराधियों का पीछा करती है।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में भी पुलिस ने ऐसे ही स्केट्स पहनकर पेट्रोलिंग का नया तरीका ईजाद किया।

हालांकि, अफगानिस्तान की सड़कों की हालत देख कई लोगों ने तालिबान फोर्सेस के ऐसी तरीकों पर सवाल भी उठाए हैं। बता दें कि साल 2021 से अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान ने यहां के लोगों पर काफी सख्त पाबंदियां लगा रखी हैं।

### सीरिया ने विद्रोही गुटे के ड्रोन हमले को नाकाम किया, चार ड्रोन मार गिराए

दमिश्क। सीरिया की सेना ने शनिवार को चार ड्रोन नष्ट कर उत्तरी क्षेत्र में विद्रोही गुट के ड्रोन हमसे को नाकाम कर दिया। सीरिया के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि अलेप्पो और इदलिब में सीरियाई बलों ने हमले को नाकाम कर दिया। मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य क्षेत्र में गांवों और सरकार की सैन्य चौकियों पर हमला करना था। गौरतलब है कि पिछले महीने में सीरियाई और रूसी सेनाओं ने सरकार-नियंत्रित क्षेत्रों पर हुए ड्रोन हमलों का जवाब देने के लिए उत्तरी सीरिया, विशेष रूप से उत्तर-पश्चिमी प्रांत इदलिब में विद्रोही समूहों पर लक्षित हमले तेज कर दिए हैं। इससे पहले अक्टूबर की शुरुआत में सीरियाई प्रांत होम्स में एक सैन्य अकादमी में स्नातक कार्यक्रम के दौरान एक विद्रोही ड्रोन हमले में 80 से अधिक सैन्यकर्मी और नागरिक मारे गए थे।

### फिलीपींस में भूकंप से मरने वालों की संख्या सात हुई

मनीला। फिलीपींस में मिंडानाओ द्वीप के कई इलाकों में शुक्रवार को आए 6.7 की तीव्रता वाले भूकंप में मरने वालों की संख्या सात हो गई है। फिलीपीन अखबार इन्क्वायरर ने देश के नागरिक सुरक्षा कार्यालय (ओसीडी) के हवाले से शनिवार को यह खबर दी। दक्षिणी फिलीपींस में कल शक्तिशाली भूकंप आया। अधिकारियों ने शुरू में 7.2 की तीव्रता की सूचना दी थी, फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने बाद में भूकंप की तीव्रता को घटाकर 6.8 कर दिया और संभावित झटकों की चेतावनी दी। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने तीव्रता को और घटाकर 6.7 कर दिया। भूकंप के कारण कई कस्बों में बिजली गुल हो गई और कई स्कूल भवन और घर क्षतिग्रस्त हो गए। मीडिया ने बताया कि जनरल सैंटोस सिटी में एक कंक्रीट की दीवार से कुचलकर एक जोड़े की मौत हो गई, जिससे शुरुआत में मरने वालों की संख्या दो हो गई। फिलीपीन के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने बाद में कल कहा कि उन्होंने सरकारी एजेंसियों को मिंडानाओ में भूकंप पीड़ितों को तत्काल राहत प्रदान करने का निर्देश दिया है। फिलीपींस भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में स्थित है जिसे रिंग ऑफ फायर के नाम से जाना जाता है और यहां अक्सर शक्तिशाली भूकंप आते रहते हैं। द्वीपसमूह फिलीपीन सागर प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच की सीमा पर स्थित है, जो टकराते हैं व क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधि को बढ़ाते हैं।

### एक्स कॉर्प विज्ञापन निलंबित करने वाले संस्थाओं पर करेगा मुकदमा : मस्क

वाशिंगटन। अमेरिकी अरबपति उद्यमी एलन मस्क ने शनिवार को कहा कि उनका सोशल नेटवर्क एक्स उन सभी संगठनों के खिलाफ 'थर्मोन्यूक्लियर' मुकदमा दायर करेगा, जिन्होंने उनकी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया के बीच इस सोशल मीडिया मंच पर विज्ञापन निलंबित कर दिया था। मस्क ने एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट का जवाब दिया, जिसमें दावा किया गया था कि यहूदी समुदायों ने गोरे लोगों के खिलाफ नफरत फैलाई है और कहा कि यह 'वास्तविक सच्चाई' है। इस सप्ताह की शुरुआत में, मीडिया मैटर्स वॉचडॉग ने कहा कि उसने पाया कि आईबीएम, ऐप्पल, ओरेकल और कॉमकास्ट के एक्सफ़िनिटी के कॉर्पोरेट विज्ञापनों को यहूदी विरोधी सामग्री के साथ रखा जा रहा था। मस्क ने एक्स पर कहा,सोमवार को विभाजित दूसरी अदालत खुलेगी, एक्स कॉर्प मीडिया मैटर्स और हमारी कंपनी पर इस धोखाधड़ी वाले हमले में शामिल होने वाले सभी लोगों के खिलाफ 'थर्मोन्यूक्लियर' मुकदमा दायर करेगा। यूरोपीय आयोग जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों, साथ ही आईबीएम, ऐप्पल और लायंस गेट एंटरटेनमेंट कॉर्पोरेशन सहित आईटी तथा मीडिया दिग्गजों ने कथित तौर पर श्री मस्क की टिप्पणियों और दुष्प्रचार संबंधी चिंताओं के बाद मंच पर विज्ञापन निलंबित कर दिया है।

### यूक्रेन, जर्मनी ने द्विपक्षीय सुरक्षा गारंटी पर वार्ता की शुरू

कीव। यूक्रेन और जर्मनी ने द्विपक्षीय सुरक्षा गारंटी पर पहले दौर की बातचीत शुरू कर दी है। यूक्रेनी राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा है कि दोनों पक्ष आगे की कार्रवाई की योजना पर सहमत हुए हैं। कार्यालय ने शुक्रवार को कहा, यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति के कार्यालय के प्रमुख के निर्देश पर, द्विपक्षीय सुरक्षा प्रतिबद्धताओं पर जर्मनी के संघीय गणराज्य के साथ वार्ता का पहला दौर आज शुरू हो गया है। जैसा कि यूक्रेन के लिए समर्थन की संयुक्त घोषणा में परिकल्पित किया गया है, जिसे 12 जुलाई, 2023 को विनियस में अपनाया गया है। बयान में कहा गया है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के कार्यालय के उप प्रमुख इहोर जोवक्वा ने देश की वार्ता टीम का नेतृत्व किया। बयान में कहा गया,बातचीत के दौरान, पार्टियों ने भविष्य की द्विपक्षीय सुरक्षा प्रतिबद्धताओं, उनके प्रारूप और सामग्री के बारे में अपने दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया तथा आगे की कार्रवाई की योजना पर सहमति व्यक्त की। बयान में कहा गया है कि जर्मनी, यूक्रेन के साथ सुरक्षा गारंटी मुद्दे पर बातचीत में पांच अन्य जी-7 सदस्य देशों में शामिल हो गया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# प्रदेश की योजनाओं से जन जन का हो रहा विकास : संजीव गौड़ केंद्र राज्यमंत्री

## संकल्प यात्रा चोपन के बर्दिया एवं कनछ गांव में हुई आयोजित



सोनभद्र । 'विकासित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग अपने अनुभव ''मेरी कहानी मेरी जुबानी'' किये साझा सोनभद्र सोनञ्चल के तटीय भूभाग में। केन्द्र एंव प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को किया जा रहा है लाभान्वित और हो रहा है जनमानस का बहुमुखी विकास।सभा को संबोधित करते ये उद्गार व्यक्त किये समाजकल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गौड़ ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम के चोपन ब्लॉक के ग्राम पंचायत कनछ गांव में।

ग्राम पंचायत कनछ में मंत्री संजीव कुमार गौड़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कार्यक्रम के साथ शुभारंभ किया। इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकाी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी जिसे भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। मंत्री संजीव कुमार गौड ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर, 2023 को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है और विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाय। कहा कि जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाय। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प दुहराते कहा कि विकसित भारत यात्रा का उद्देश्य सबके लिए विकास पथ प्रशस्त करना है और इसपर पर अग्रसर किया जाय, इसके लिए केन्द्र एंव प्रदेश सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने को अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु यह योजना बनायी गयी है।

जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति-प्रमाण पत्र मंत्री ने वितरित किये जिसमें एल0पी0जी0 गैस कनेक्शन, नि:शुल्क खाद्य सामग्री, मुख्यमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड, घरौनी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, एन0आर0एल0एम0 समूह की महिलाओं को चेक, मनरेगा जॉबकार्ड शामिल रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को मंत्री व जनमानस ने देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की। इससे इतर मंत्री ने अन्नप्रासन व गोदभराई की रस्म अदायगी भी की। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी चोपन शुभम जायसवाल, ए0डी0ओ0 पंचायत सुनील पाल, जिला पूर्ति अधिकारी गौरीशंकर शुक्ला, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चोपन, बर्दिया व कनछ के ग्राम प्रधान, भारी संख्या में ग्रामीणजन सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

# गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे मे वांछित 3 अभियुक्त गिरफ्तार



सोनभद्र । थाना रॉबर्ट्सगंज में 26 अक्टूबर को मु0 अ0 सं0-616/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम,1986 व 19 अक्टूबर को मु0अ0सं0-601/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम,1986 के पंजीकृत अभियोग अंतर्गत वांछित अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी की गई। डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद सोनभद्र द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय तथा क्षेत्राधिकारी नगर को विशेष निर्देश दिये गये। क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना राबर्ट्सगंज पुलिस टीम द्वारा हिन्दुआरी तिराहे से बभनौली निवासी 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार किए जिसमें गुलाम नबी पुत्र शौकत अली नि0 बभनौली उम्र करीब 36 वर्ष तथा शाहरूख पुत्र गुफरान अली उम्र करीब 20 वर्ष तथा न्यू कालोनी महिला थाना के पास से एक अभियुक्त मनीष कुमार हलवाई पुत्र उमाशंकर उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

इनके आपराधिक इतिहास पर भी रोशनी डाली पुलिसदस्ते ने। अभियुक्तगिरफ्तारी करने वाले पुलिस टीम में उप निरीक्षक राम सिंहासन शर्मा प्रभारी चौकी तथा उप निरीक्षक सतीश चन्द्र सिंह प्रभारी चौकी हिन्दुआरी के साथजत्थे में शामिल रहे हैड कांस्टेबल रुपेश कुमार यदुवंशी, अनीश कुमार यादव व कांस्टेबल संदीप कुमार सरोज, रामबाबू कश्यप जिनकी सक्रियता बनी रही।

# जिले में 17 से 14 जनवरी, 2024 तक के लिए धारा-144 लागू

**बलिया ।** (पी एम ए) जिले में छठ पूजा/गुरूनानक जयन्ती/कार्तिक पूर्णिमा/ददरी मेला एवं किसमस-डे तथा मकर संक्रान्ति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद की सीमा के भीतर निवास करने वाले तथा आने जाने वाले समस्त व्यक्तियों के लिए 17 नवंबर से 14 जनवरी, 2024 तक की अवधि के लिए धारा 144 लागू किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट रविंद्र कुमार ने बताया है कि जनपद सीमा के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एक साथ एकत्रित नहीं होगे और न ही कोई जुलूस निकालेगें और न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा और न ही कोई ऐसी अफवाह फैलायेगें जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

विशेष परिस्थितियों में जुलूस आदि के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

यह प्रतिबन्ध परम्परागत, सामाजिक या धार्मिक संस्कारों एवं रीति-रिवाज तथा जुमे की नमाज पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे लाठी, डण्डा, चाकू, भाला, फरसा, बन्दूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल आदि आग्नेयास्त्र या अन्य धारदार हथियार एवं किसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ को लेकर नहीं चलेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा।

यह प्रतिबन्ध सिक्खों द्वारा परम्परागत रूप से धारण होने वाले कृपाण तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा। बूढे, बीमार, विकलांग, अपंग तथा अन्य व्यक्ति सहारे के लिए लाठी, डण्डे अथवा छड़ी का प्रयोग कर सकते है।

कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान, मन्दिर, मस्जिद,गुरुद्वारा, चर्च, सड़क मकान के अन्दर अथवा छत पर ईट, पत्थर, शीशा, बोतल व कॉच के टुकड़े तथा विस्फोटक आदि एकत्र नहीं करेगें और न ऐसा करने के लिए किसी अन्य को प्रेरित करेगा।

कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिकता भड़काने वाले पोस्टर, बैनर, कटआउट आदि न तो लगायेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा।

# 25 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल, साथी गिफ्तार

आजमगढ । (पी एम ए) जिले में शातिर अपराधियो पर कार्यवाही जारी है। इसके तहत शनिवार की अलसुबह मुबारकपुर थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में 25 हज़ार का इनामी पुलिस की गोली से घायल हुआ तो वही उसका साथी गिरफ्तार किया गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मुबारकपुर पुलिस शनिवार की भोर में क्षेत्र भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान गोछा पुलिया के पास बदमाशो के होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम पहुची तो एक बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्यवाही किया जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी और उसे पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से उसका साथी भी पकड़ा गया। घायल बदमाश की पहचान सलीम नट के रूप में कई गई। वही उसके साथी की पहचान संदीप गुप्ता के रूप में कई गई। घायल बदमाश को अस्पताल भेज कर भर्ती कराया गया है। दोनों पकड़े गए बदमाश 25-25 हजार के इनामी हैं।

# श्रीमदभागवत कथा ज्ञानंयज्ञ शुरु, बड़ी धूमधाम के साथ कलश यात्रा निकाला गया

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

**बलरामपुर।** शहर के अंतर्गत ददुवा बाजार सोनार गली में शनिवार को नौ दिवसीय श्रीमदभागवत कथज्ञानंयज्ञ कलशयात्रा के साथ शुरू हो गया। कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजक राधेश्याम गुप्ता ने किया। कलश यात्रा मे सैकड़ों की संख्या में महिलाओ, युवतियों व पुरुषों ने कलश लेकर सहभागिता की। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों की संख्य में कुंवारी कन्याएं,महिलाओं और पुरुषों ने कलश लेकर पूरे शहर का भ्रमण कर श्रीमद् भागवत कथा स्थल पहुंचे।

यात्रा के दौरान धार्मिक भजनो की गूंज रही। यहां अयोध्या धाम से पधारे पंडित सुरेंद्रनाथ शास्त्री पुरोहितों ने संयुक्त रूप से पूजा पाठ कराकर कलश में जल भरवाया।

जल भरने के बाद महिलाएं व युवतियां कलश लेकर वापस यज्ञ मंडप पहुंची। इस दौरान श्रद्धालुओं के भक्तिमय जयकरों के जय घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर कलश को स्थापित किया



गया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में मंडप पूजन के साथ महायज्ञ शुरू हुआ। आयोजक राधेश्याम गुप्ता रानी बाजार गोंडा ने बताया कि अयोध्या धाम से पंडित सुरेंदरनाथ शास्त्री के द्वारा 17/11/2023 से 24/11/2023 तक सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथज्ञानंयज्ञ किया जा रहा है ।

इस दौरान कलश यात्रा में, घनश्याम गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, नीलम गुप्ता, लल्लू गुप्ता, दीपक गुप्ता, विष्णु ,अमित, आयुष ,अंश, वंश ,सत्यम , राहुल, आयुष गुप्ता, सिद्धि गुप्ता, सुमन गुप्ता, सिंपी गुप्ता, रुक्मणी गुप्ता, शुभम गुप्ता सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं में अपनी सहभागिता की।

# बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु जनपद मे 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा : जिलाधिकारी

हरदोई। (पी एम ए) जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन द्वारा बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं पुर्नवासन हेतु जनपद मे 20 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2023 तक विशेष अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। जनपद मे उपलब्ध श्रम विभाग व अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षकों के माध्यम से बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु एक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के सफल परिणाम हेतु बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं अन्य विधि सम्मत कार्यवाही हेतु जनपद मे तहसीलवार टास्क फोर्स का गठन किया जाता है। इस अभियान मे नामित उपजिलाधिकारी इस अभियान के अध्यक्ष होगें तथा अन्य अधिकारी इस अभियान के सदस्य होगें। उन्होंने बताया कि 20 नवम्बर से 21 नवम्बर 2023 तक तहसील सदर क्षेत्र तथा 22 व 23 नवम्बर तक रेलवेगंज स्टेशन रोड़ मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उप जिलाधिकारी सदर, खण्ड विकास अधिकारी सुरसा, नायब तहसीलदार सदर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सदर तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया गया है। इसी तरह 25 नवम्बर को तहसील सण्डीला व कछौना क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया है। 28 व 29 नवम्बर 2023 तक तहसील शाहाबाद व पिहानी क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी शाहाबाद, खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद, नायब तहसीलदार शाहाबाद, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील शाहाबाद तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को नामित किया गया है। 30 नवम्बर व 01 दिसम्बर 2023 तक सवायजपुर व साण्डी क्षेत्र मे अभियान चलाया जायेगा, जिसमे उपजिलाधिकारी सवायजपुर, खण्ड विकास अधिकारी सवायजपुर, नायब तहसीलदार सवायजपुर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सवायजपुर तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया है। 2 से 04 दिसम्बर 2023 तक तहसील सण्डीला के अतरौली से बेनीगंज क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया हैं। 05, 06 व 07 दिसम्बर 2023 तक तहसील बिलग्राम, माधौगंज व मल्लावां क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी बिलग्राम, खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम, नायब तहसीलदार बिलग्राम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलग्राम तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया है। 08 से 09 दिसम्बर 2023 तक सण्डीला, बेहन्दर व कछौना क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा। इसमें उपजिलाधिकारी सण्डीला, खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सण्डीला तथा श्रम प्रवर्तन अधिकारी को नामित किया गया हैं। इस अवधि मे श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई संयुक्त रूप से बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करने हेतु सम्बन्धित तहसील से पुलिस बल का सहयोग प्राप्त करके इस कार्यवाही से अवगत करायेगें।

# यात्रियों के सम्मान को कुचल रहा है रेलवे : प्रियंका

नयी दिल्ली । कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि त्योहारों का सीजन चल रहा है और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रेल सुविधा नहीं मिल रही है और सरकार दिखावे के लिए चुनिदा स्टेशनों की खूबसूरत तस्वीर पेश करके यात्रियों के सम्मान को तबाह कर रही है।

वाड्रा ने आज यहां जारी बयान में कहा, सरकार ने लालच, पैसे और प्रचार के खेल में देखते-देखते भारतीय रेलवे को तबाह कर दिया है। मनमाना किराया, एक के बाद एक दुर्घटनाएँ, लेट-लतीफी, स्टेशनों पर भीड़ और अकल्पनीय अव्यवस्था। साथ ही, हर तरह की लापरवाही, कुप्रबंधन और अराजकता। त्योहारों का समय चल रहा है। अभी-अभी दीपावली बीती है और छठ पूजा चल रही है। लोग-बाग अपने-अपने घर जा रहे हैं और घर से वापस लौट रहे हैं, लेकिन रेलवे उन्हें जानमाल का भरोसा भी नहीं दे पा रही है।

उन्होंने कहा, यात्रियों को किराये और स्पेशल ट्रेन के नाम पर लूटा जा रहा है। लोग खिड़कियों से ट्रेन के भीतर घुस रहे हैं और सामान की तरह बोगियों में ठूँसे जा रहे हैं। यात्रा की एवज में नागरिक के आत्मसम्मान को कुचलकर धूल में मिलाया जा रहा है। दूसरी ओर बहुत ज्यादा पैसा ख़र्च करके चुनिंदा स्टेशनों की इमारतों के फ़ेसलिफ्ट का और कुछ नयी ट्रेनों का इतना विशाल प्रचार किया जा रहा है मानों भारतीय रेलवे किसी जादू से बदल गई हो। खोखले प्रचार का ऐसा चीत्कार देश के इतिहास में दुर्लभ है। यह भारत की नहीं, लालच और पैसे की वंदना है, जिसके शोर के नीचे लाखों भारतीय नागरिकों की रेलयात्राओं के दौरान हो रही दुर्दशा, क्रंदन, चीख-पुकार दब कर रह जाती है।

# पत्नी पर बेवफाई का आरोप लगा पति ने समाप्त की अपनी जीवन लीला

आजमगढ़। (पी एम ए) पवई थाना क्षेत्र के गोधना गांव निवासी युवक ने पत्नी की बेवफाई से क्षुब्ध होकर शुक्रवार की देर शाम अपनी जीवन लीला ही समाप्त कर दिया। उसने अपने कमरे में पंखे से रस्सी के सहारे लटक कर जान दिया। वह गांव के प्रधान का पुत्र था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवा दिया। मौके से सुसाइट नोट मिला है, जिस पर उसने पत्नी के बेवफाई की पूरी कहानी लिखी है।

गोधना गांव के प्रधान राजेंद्र राम का पुत्र सुनील कुमार की लाश शुक्रवार की देर शाम घर में ही पंखे से रस्सी के सहारे लटकती मिली। सुनील को फंदे पर लटका देख परिवार में कोहराम मच गया।

सूचना पर पवई थाना पुलिस पहुंची और शव को फंदे से उतरवा कर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजवा दिया। मौके से पुलिस ने एक सुसाइट नोट बरामद हुआ है।

# अडाणी समूह ने कहा धारावी पर निराधार विवाद पैदा कर रहे हैं कुछ स्वार्थी तत्व

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। अडाणी सूमूह ने मुंबई में धारावी विकास परियोजना (डीआरपी) के तहत भू-स्वामियों को जमीन के विकास के अधिकार के बिक्री योग्य प्रमाण-पत्रों (टीडीआर) के सृजन के संबंध में हाल की सरकारी अधिसूचना को समूह की कंपनी को फायदा पहुंचाने की कार्रवाई बताए जाने की ब्योरेवार आलोचना करते हुए कहा है कि धारावी परियोजना में टीडीआर सृजन का प्रावधान राज्य सरकार ने परियोजना की निविदा जारी




किए जाने पहले ही किया हुआ था।

समूह ने कहा है कि परियोजना में विघ्न डालने यह इसमें विलम्ब कराने में अपना हित देखने वाले तत्व का इस तरह का विवाद पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं।

अडाणी समूह और महाराष्ट्र सरकार की विशेष प्रयोजन कंपनी धारावी पुनर्विकास परियोजना प्रा. लिमिटेड (डीआरपीपीएल) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि टीडीआर के बारे में सात नवंबर 2023 की अधिसूचना परियोजना की खुली निविदा से पहले से तय व्यवस्था को को उचित प्रक्रिया के रूप में अधिसूचित किया जाना मात्र है।

डीआरपीपीएल के बयान में कहा गया है कि धारावी अधिसूचित क्षेत्र (डीएनए) में टीडीआर सृजन के लिए 2018 के सरकारी संकल्प (जीआर) के बाद से ही अनुमति थी। 2022 के सरकारी संकल्प में इसमें दो महत्वपूर्ण संशोधन किये थे जो 2022 में जारी खुली सरकारी निविदा के लिए बोली लगाने वाले सभी पक्षों के समक्ष स्पष्ट थे।

कंपनी ने कहा है,वर्तमान में, सरकार जो कुछ भी कर रही है वह पहले के प्रावधानों को एक उचित प्रक्रिया के रूप में अधिसूचित करना है। टीडीआर विकास के लिए अधिसूचित क्षेत्र के भू स्वामियों को जारी किए जाने वाले एक तरह के शेयर होते हैं।

# शार्ट न्यूज

## एबीवीपी ने मनाई लक्ष्मीबाई जयंती



सोनभद्र । आर0 पी0 पी0 जी0 कॉलेज धरसड़ा में महारानी लक्ष्मी बाई की जयंती की पूर्व सन्ध्या पर जयंती पर्व सोल्लास मनाया गया अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की शिक्षिका ममता सिंह ने की। कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में हिंदी की शिक्षिका रेखा पटेल, जिला संयोजक मृगांक दुबे, तहसील संयोजक ललितेश मिश्र रहे। इस अवसर पर नगर मंत्री रणजीत सिंह पटेल नगर के एसएफडी संयोजक अनमोल केसरी, नगर एसएफएस संयोजक असलम तन्मयता से सहभागी रहे तो कार्यक्रम का सफल संचालन तहसील प्रमुख विजय मौर्य ने किया। ललितेश मिश्र ने कहा कि महारानी लक्ष्मी बाई एक वीर योद्धा वह पराक्रमी नारी थी छात्राओं बहनों को रानी लक्ष्मी बाई का रूप धारण कर इस समाज में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करना चाहिए।

## ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आठ महीने बाद भी जमीन पर नहीं उतरा एक भी प्रस्ताव

लखनऊ। (पी एम ए) उत्तर प्रदेश में हुए पिछले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को आठ महीने बीत चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव तथा औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के सीईओ के साथ विशेष बैठक कर सीएम ने विभागवार और जनपदवार निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की और क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि 15 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को अंतिम रूप देने के बाद ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी होगी। उन्होंने सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभागीय मंत्रीगण के नेतृत्व में अपने सम्बंधित विभागों को प्राप्त हर एक औद्योगिक निवेश प्रस्ताव की तत्काल समीक्षा करने के लिए कहा। समिट में 39.52 लाख करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये थे। आदित्यनाथ ने निवेश प्रस्तावों को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज करने के निर्देश दिए। सभी प्रस्तावों पर यदि निवेश हुआ तो राज्य में 1.10 करोड़ रोजगार के अवसर सृजित होंगे।ये प्रस्ताव मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, ईवी, टेक्सटाइल, डेटा सेंटर, फ़ूड प्रोसेसिंग, सर्कुलर इकॉनमी, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित विभिन्न सेक्टरों से हैं। समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सीएम को बताया कि आठ हजार से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरने को तैयार हैं।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म पर 10 वर्ष की सजा

मिर्जापुर। (पी एम ए) विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट के न्यायाधीश संतोष कुमार त्रिपाठी ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले ददोली आदिवासी का दोष सिद्ध होने पर 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड लगाया। दरअसल, वादी मुकदमा ने 17 सितंबर 2016 को हलिया थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसकी 10 वर्ष की नाबालिग लड़की 16 सितम्बर की शाम घर से कुछ दूर हैंडपम्प से पानी लेने गई थी। आरोप है कि इसी दौरान ददोली आदिवासी नाबालिग को पकड़कर खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर मेरी पत्नी व उसका छोटा भाई तथा गांव के कई लोग दौड़े तो आरोपित भाग गया। घटना के बाद पीड़िता घर आई तो आपबीती सुनाई। वादी मुकदमा की लिखित तहरीर के आधार पर हलिया पुलिस ने आरोपित ददोली आदिवासी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। मामले को साबित करने के लिए विशेष लोकभियोजक सुनीता गुप्ता ने कुल 10 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कराया। साक्ष्य व गवाहों के बयान के आधार पर ददोली आदिवासी उर्फ दाढ़ी पुत्र भूलन निवासी सोनगढ़ा थाना हलिया जनपद मीरजापुर को न्यायालय ने दोषी ठहराया और 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ बैठक

हरदोई। (पी एम ए) विगत दिवस कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने विभिन्न बिन्दुओं पर खण्ड विकास अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पंचायत भवनों की क्रियाशीलता जल्द सुनिश्चित की जाए। अवशेष निर्माणाधीन पंचायत घरों का निर्माण जल्द पूर्ण कराया जाए। प्रधान व पंचायत सहायक से नियमित फीडबैक लिया जाए। दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशनार्थियों की अवशेष फेमिली आईडी बनाने का कार्य जल्द पूरा किया जाए। दिव्यांग शादी अनुदान के लिए लक्ष्य के अनुरूप आवेदन प्राप्त किये जायें। ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत सभी मानकों पर संतृप्तीकरण प्राप्त करने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी बेंहदर को ऑपरेशन कायाकल्प को लेकर लापरवाही करने के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी हरियावां को बाउंड्री वाल का काम लटकाने के लिए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में आईईसी गतिविधियों आदि के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

हरदोई । (पी एम ए) जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है। योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 नवंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों एवं आईटी पोर्टल और ऐप तथा ऑनलाइन किये जाने वाले कार्यों आदि के निर्वहन हेतु पीडी डीआरडीए गजेन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता एक समिति का गठन किया गया है। उपायुक्त श्रम रोजगार रवि प्रकाश समिति के सदस्य संयोजक होंगे। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुन्द प्रसाद, सहायक आयुक्त (खाद्य) सतीश कुमार, जिला गन्ना अधिकारी निधि गुप्ता व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ऋचा गुप्ता समिति में सदस्य के रूप में नामित किये गए हैं। यह समिति विभिन्न विभागों की प्रचार-प्रसार सामग्री तैयार कराएगी। आईईसी वैन को ऑडियो विजुअल ऐड, ब्रोशर, पम्पलेट, बुकलेट आदि तैयार कराकर उपलब्ध कराएगी।

## गोरखपुर महोत्सव की तैयारी को लेकर मण्डलायुक्त ने की अधिकारियों संग बैठक

गोरखपुर। (पी एम ए) पर्यटन/संस्कृति/इको टूरिज्म के विकास के दृष्टिगत माह जनवरी 2024 में प्रस्तावित गोरखपुर महोत्सव के भव्य आयोजन के संबंध में मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, कार्यक्रम स्थल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रचार प्रसार एवं प्रदर्शनी तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था आदि पर विस्तृत चर्चा हुई। मण्डलायुक्त ने बैठक में टेन्ट, लाईट, साउण्ड, बैरिकेटिंग, की सुव्यवस्थित ढंग से व्यवस्था करने हेतु अतिशीघ्र टेण्डर करने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया। बैठक में महोत्सव के कार्यक्रमों को तैयार करते हुए कलाकारों का चयन करने हेतु जिलाधिकारी व जीडीए उपाध्यक्ष को अधिकृत किया गया। उन्होंने महोत्सव के सभी स्थलों की साफ सफाई आदि कराने हेतु नगर आयुक्त को निर्देश दिया। इस अवसर जिलाधिकारी कृष्णा करूणेश, सीईओ गीडा अनुज मलिक, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविन्द्र मिश्र के साथ सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।